रांची एक्सप्रेस
61
साल से लगातार...
। जनपक्षीय पत्रकारिता।
देसी अंदाज
नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.theranchiexpress.com
वर्ष-02 | अंक-108 | कोलकाता, रविवार 16 जून 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12
मूल्य 3 रु.

# ...बाकी कुछ बचा तो महंगाई मार गई

## चिकन से महंगी दाल, फल-सब्जी के दामों में भी लगी आग

### लोकसभा चुनाव के बाद आम जनता को मिली यह बड़ी मार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक पर्व यानी चुनाव खत्म हो गया है और अब महंगाई तेजी से बढ़ती जा रही है। रसोई पर भी मंहगाई की मार पड़ रही है। आम आदमी की थाली से दाल और सब्जी गायब होने लगी है। दूध-दही के दामों में पहले ही इजाफा हो चुका है। अब आलू और टमाटर के भाव भी हाई हैं। दाल की कीमतें इस समय सातवें आसमान पर पहुंच गई हैं और आटा-चावल भी मंहगे होते जा रहे हैं।

जून के महीने में गर्मी के साथ-साथ महंगाई ने भी लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं। दो जून की रोटी भी आम लोगों की जेब पर भारी पड़ रही है। महंगाई के आंकड़ों ने सारी पोल खोल कर रख दी है। मई के महीने में थोक महंगाई दर बढ़कर 15 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। मई में थोक महंगाई दर 2.61 फीसदी पर पहुंच गया है। यह अप्रैल के महीने में केवल 1.26 पर्सेंट ही थी। लेकिन मई के महीने में ये बढ़कर 2.61 फीसदी हो गई है। सरकारी आंकड़ो के मुताबिक, मई में खाने की चीजें भी 10 महीने के उच्चतम स्तर 9.82 फीसदी पर पहुंच गई। दाल हो या सब्जी, फल हो या तेल सभी की कीमतों में इजाफा हो रहा है।

### दूध-सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी

जून महीने की गर्मी के बीच तेल, दूध, सब्जियां, आलू और प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। अमूल, पराग, मदर डेयरी जैसी डेयरी फर्म ने दूध, दही, पनीर आदि प्रोडक्टस की कीमतें पहले ही बढ़ा दी हैं। खाने वाले तेल की कीमतों में भी हाल के दिनों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। प्याज की कीमतों में बीते एक हफ्ते में 50 पर्सेंट की तेजी आई है। आलू की कीमतों में भी काफी तेजी आई है। अब आंकड़ों में महंगाई की बात करें तो खाद्य महंगाई दर 1.88 प्रतिशत बढ़ गई है तो सब्जियों की महंगाई दर 32.42 पर्सेंट हो गई है। प्याज की महंगाई दर 58.05 फीसदी हो गई है। आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत है। दालों की महंगाई दर 21.95 फीसदी है। पिछले एक हफ्ते में सब्जियों के दामों में काफी वृद्धि हुई है। दाल की कीमत चिकन से ज्यादा जा पहुंची है।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, 8 नक्सलियों को मार गिराया

- अबूझमाड़ में एक जवान शहीद, 2 घायल, 161 दिन में 141 माओवादी ढेर

**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र राज्य की सीमा पर नारायणपुर के अबूझमाड़ के कुतुल इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। एनकाउंटर में जवानों ने 8 माओवादियों को ढेर कर दिया है। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। इस मुठभेड़ में



सीआरपीएफ का 1 जवान शहीद हो गया है और दो घायल हैं, जिन्हें रायपुर एयर लिफ्ट किया जा रहा है। इस साल जनवरी से अब तक 161 दिन में जवानों ने 141 नक्सली ढेर किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद बस्तर संभाग के जगदलपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और कांकेर से डीआरजी और कोबरा के करीब 1400 जवानों ऑपरेशन के लिए भेजे गए।

# पंजाब की 2 बहनों पर अमेरिका में फायरिंग, एक की मौत

- दूसरी घायल, हमलावर ने 6 घंटे बाद हाथ खड़े कर किया सरेंडर

**जालंधर (एजेंसी)।** अमेरिका में न्यू जर्सी के वेस्ट कार्टरेट की रूजवेल्ट एवेन्यू में पंजाबी युवक ने चचेरी बहनों को गोली मार दी। जिसमें एक युवती की मौत हो गई जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल है। घायल युवती को एयरलिफ्ट कर अमेरिका के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों बहनें जालंधर के नूरमहल की रहने वाली हैं जबकि हमलावर नकोदर के गांव हुसैनपुर का रहने वाला है। वारदात के बाद अमेरिकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने करीब 6 घंटे बाद आरोपी हमलावर गौरव गिल को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ हत्या, हत्या की कोशिश और



अवैध हथियार रखने का केस दर्ज किया गया है। यह वारदात बुधवार सुबह की है लेकिन इसके बारे में जालंधर में परिजनों को शुक्रवार को सूचना मिली। अमेरिकी पुलिस की जांच के मुताबिक आरोपी गौरव गिल और 20 वर्षीय युवती एक-दूसरे को जानते थे। दोनों ने एक साथ ही टोफल (लैंग्वेज एलिजिबिलटी टेस्ट) की पढ़ाई की थी। इसके बाद गौरव स्टडी वीजा पर अमेरिका गया था। पुलिस के मुताबिक जसवीर कौर (29) और उसकी चचेरी बहन हमले वाली जगह से थोड़ी दूरी पर ही रहती थीं। एक अमेरिकी वेबसाइट से बातचीत में पड़ोसी जोश लेनॉफ ने कहा- वे दोनों ड्राइव-वे पर ही पड़ी थीं। वे हिल नहीं रही थीं। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस जांच के मुताबिक नूरमहल की जसवीर कौर शादीशुदा थी।

# उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में भीषण हादसा, 12 की मौत

### अलकनंदा नदी में गिरा 17 यात्रियों से भरा टेंपो ट्रैवलर, तलाश जारी

**रुद्रप्रयाग (एजेंसी)।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में भीषण हादसा हुआ है। यात्रियों से भरी टेंपो ट्रैवलर बद्रीनाथ हाइवे पर गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना के समय वाहन में 16 से 17 यात्रियों के सवार होने की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दुर्घटना में 12 लोगों के मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीआरएफ की टीम पहुंची। पुलिस और प्रशासन की टीम भी लगातार राहत और बचाव कार्य में लगी हुई है। एसडीआरएफ की ओर से जानकारी दी गई है। घटना में अब तक दो घायलों को निकाला गया है। बचाव दल ने बताया कि रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ हाईवे के पास एक टेम्पो ट्रैवलर गहरी खाई में गिर गया। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम बचाव कार्य कर रही है। अब तक दो घायलों को टीम ने एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया है। मिल रही जानकारी के मुताबिक, रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ हाईवे पर हुए एक्सीडेंट में वाहन अलकनंदा नदी में गिर गया। अलकनंदा नदी के किनारे वाहन क्षतिग्रस्त अवस्था में पाया गया है। इस हादसे को लेकर कई प्रकार की बातें सामने आ रही हैं।



# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना का ऐक्शन

- मादक पदार्थ-आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों ने मादक पदार्थ और हथियार बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मादक पदार्थ (हेरोइन) को बेचने के लिए किसी खरीदार की तलाश कर रहा है, इस सूचना के मिलते ही पुलिस ने एक्शन लेते हुए तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

जिसके बाद जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने मादक-पदार्थ के आतंकी मॉड्यूल का भंडा फोड़ते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

### 'मेलोडी टीम...'

# सोशल मीडिया ट्रेंड में शामिल हुई इटली की पीएम मेलोनी

- पीएम मोदी ने लिखा-भारत-इटली की मित्रता हमेशा कायम रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इटली पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने इस सम्मेलन के तमाम इवेंट में हिस्सा भी लिया। पीएम मोदी के साथ इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने एक वीडियो भी शेयर किया है। पीएम मोदी के साथ लिए गए वीडियो में इटली की पीएम मेलोनी ने कहा - मेलोडी टीम की तरफ से हैलो। इस वीडियो में पीएम मोदी पिछे मुस्कुराते हुए नजर आ रहे थे। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर में इटली की पीएम मेलोनी जब भारत आईं थी तो उन्होंने पीएम मोदी के साथ एक सेल्फी शेयर करते हुए मेलोडी नाम के हैशटैग ट्रेंड का इस्तेमाल किया था। तब से यह ट्रेंड काफी चर्चा में है। एक बार फिर इटली की पीएम ने इस ट्रेंड के साथ




वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो को एक्स पर दोबारा शेयर करते हुए पीएम मोदी ने लिखा- भारत-इटली की मित्रता हमेशा कायम रहे।

# एनडीए में खटपट महा विकास अघाड़ी हो रहा एकजुट

- शरद पवार का बड़ा ऐलान-साथ लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन से ज्यादा सीटें लाने के बाद महाविकास अघाड़ी के नेताओं की शनिवार को मुंबई के वाईबी चव्हाण सेंटर में बैठक हुई। इसमें कांग्रेस, एनसीपी (शरद) और शिवसेना (यूबी) के नेता शामिल हुए। इस दौरान महाराष्ट्र की जनता को लोकसभा चुनाव में 31 सीटें जिताने पर धन्यवाद दिया। बैठक के बाद कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा- मुझे उम्मीद है कि जिस तरह से लोगों ने लोकसभा चुनाव में हमें वोट दिया, विधानसभा चुनाव में भी हमें वैसा ही प्यार मिलेगा और अब महाराष्ट्र में भी सत्ता परिवर्तन होगा। वहीं, उद्धव ठाकरे ने कहा-




लोकसभा चुनाव की जीत एमवीए के लिए अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। वहीं, शरद पवार और उद्धव ने उनकी पार्टी छोड़कर गए अजित और एकनाथ शिंदे की पार्टी में वापसी के सवाल पर कहा कि जो लोग छोड़कर गए उन्हें वापस पार्टी में शामिल नहीं करेंगे। दरअसल, लोकसभा चुनाव में गठबंधन ने महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 31 सीटें जीती हैं, जबकि भाजपा गठबंधन को 17 सीटें मिली हैं। विधानसभा की 288 सीटों पर अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं। फिलहाल राज्य में शिवसेना शिंदे गुट, भाजपा और एनसीपी अजित पवार गुट की सरकार है और एमवीए लोकसभा चुनाव की सफलता विधानसभा चुनाव में भी दोहराना चाहती है। पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा, यह प्रेस कॉन्फ्रेंस जनता का आभार व्यक्त करने के लिए है।

# खड़गे बोले-गलती से बन गई है एनडीए की सरकार

- भड़क गई जेडीयू, कहा-99 के फेर में फंस गई कांग्रेस


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में गठबंधन सरकार गलती से बनी है और वह कभी भी गिर सकती है। आपको बता दें कि लोकसभा चुनावों में भाजपा को कुल 240 सीटें मिलीं, जो बहुमत के लिए जरूरी 272 के आंकड़े से कम है। हालांकि चुनाव पूर्व तैयार हुए एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला है। केंद्र में अब एनडीए की सरकार भी बन चुकी है। खड़गे ने आगे कहा, एनडीए सरकार गलती से बनी है। मोदी जी के पास जनादेश नहीं है। यह अल्पमत की सरकार है। यह सरकार कभी भी गिर सकती है। हम चाहते हैं कि यह चलती रहे। देश के लिए यह अच्छा हो। हमें देश को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।



# राम सबके हैं, यह देश भी सभी का है

### आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार के बयान पर बोले रामदेव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नेता इंद्रेश कुमार के बयान पर हंगामा मचा हुआ है। आरएसएस ने खुद को इस बयान से किनारा कर लिया है। अब योग गुरु बाबा रामदेव की भी प्रतिक्रिया भी सामने आई है। उन्होंने कहा है कि भगवान राम सबके हैं और देश भी सबका है। देश में विभाजन का बीज बोना राष्ट्र की एकता के लिए अच्छा नहीं है। रामदेव ने शुक्रवार को हरिद्वार में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, राजनीति में बयानबाजी होती रहती है। भगवान राम सबक हैं। यह राष्ट्र सभी का है। हम सभी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जाति, संप्रदाय और विचारधाराओं के आधार पर विभाजन पैदा करना राष्ट्रीय एकता के लिए ठीक नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए रामदेव ने कहा, पिछले एक दशक में चुनौतियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से आगे बढ़ाया है। मेरा दृढ़ विश्वास है वह देश को आगे ले जाना जारी रखेंगे। इंद्रेश कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि जो पार्टी राम की पूजा करती थी, वह अहंकारी हो गई, ऐसे में 2024 के चुनाव में वह सबसे बड़ी पार्टी बन तो गयी, लेकिन जो उसे सत्ता (अकेले पूर्ण बहुमत) मिलनी चाहिए थी, उसे भगवान राम ने अहंकार के कारण रोक दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग राम का विरोध करते थे, उनमें से किसी को भी सत्ता नहीं मिली, यहां तक कि सभी को मिलाकर दूसरे नंबर पर खड़ा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भगवान का न्याय बडा सत्य है, बड़ा आनंददायक है। उन्होंने स्पष्ट रूप से सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन दोनों पर निशाना साधा। हालांकि, उन्होंने किसी पार्टी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि भक्ति करने वाली पार्टी अहंकारी हो गई, उसे 241 पर ही भगवान ने रोक दिया, लेकिन उसे सबसे बड़ी पार्टी बना दिया।



### शीना बोरा हत्याकांड

# नहीं मिल रहीं हड्डियां, गायब हो गए अवशेष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मीडिया जगत की पूर्व दिग्गज इंद्राणी मुखर्जी की पुत्री शीना बोरा के बरामद किए गए अवशेष कथित तौर पर गायब हो गए हैं। दरअसल, शीना बोरा की 14 साल पहले हत्या कर दी गई थी। शीना बोरा के अवशेष गायब होने के बारे में मुंबई की केंद्रीय जांच ब्यूरो अदालत को जानकारी दी गई है। अभियोजन पक्ष ने गवाह डॉ. जेबा खान से पूछताछ के दौरान अदालत को यह जानकारी दी। डॉ. जेबा इस बात की पुष्टि करने वाली पहली व्यक्ति थीं कि हड्डियां और अन्य अवशेष किसी इंसान के थे। हड्डियां रायगढ़ में पेन पुलिस की ओर से उस स्थान से बरामद की गई थीं, जहां शीना के शव को कथित तौर पर जला दिया गया था और घने जंगलों में फेंक दिया गया था।

# दुनिया में अब 24 घंटे से भी लंबे हो रहे दिन!

### धरती के घूमने को लेकर वैज्ञानिकों ने किया बड़ा दावा

**कैलीफोर्निया (एजेंसी)।** हम सभी जानते हैं कि 24 घंटे में एक बार दिन और एक बार रात होती है। वहीं दिन और रात को मिलाकर हमारा एक दिन पूरा होता है। वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर दिन की अवधि को लेकर बड़ा दावा किया है। एक शोध के मुताबिक धरती के आंतरिक कोर की घूर्णन गति लगातार कम हो रही है। इसका प्रभाव पृथ्वी की घूर्णन गति पर भी पड़ेगा और दिन की लंबाई ज्यादा हो जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह प्रक्रिया 2010 से ही शुरू हो गई है और अब दिन की अवधि पहले से ज्यादा हो गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आंतरिक कोर की घूर्णन में परिवर्तन की वजह से दिन 24 घंटे से भी लंबे हो सकते हैं। बता दें कि पृथ्वी की आंतरिक कोर एक ठोस स्फेयर की तरह है जो कि लोहे और निकेल से बनी है। वहीं इसके चारों ओर पिघली हुई धातुओं बेहद गर्म और तरल अवस्था में मौजूद हैं। पृथ्वी की तीन लेयर में मैंटल और क्रस्ट शामिल हैं। वैज्ञानिकों को



पृथ्वी के आंतरिक कोर के बारे में जानकारी सीस्मिक तरंगों के जरिए मिलती है। भूकंप के वक्त रिकॉर्ड किए गए कंपन से यह अध्ययन किया गया है। कैलीफोर्निया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के नेचर जर्नल में छपे शोध में बताया गया है कि अगर यही ट्रेंड बरकरार रहता है तो दिन की अवधि बदल जाएगी।

इसमें सेकंड के एक हिस्से का फर्क आना शुरू हो जाएगा जो कि लगातार बढ़ता ही रहेगा। शोधकर्ताओं में शामिल प्रोफेसर जॉन विडाले ने कहा, पहले जब मुझे यह पता चला तो मैं खुद अचंभित रह गया। लेकिन जब पता चला कि दो दर्जन ऐसे ही सिग्नल और पाए गए हैं तो यकीन हो गया कि इनर कोर में परिवर्तन हो रहा है। कई दशकों बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब इनर कोर के घूर्णन में परिवर्तन पाया गया है। धरती के इनर कोर को लेकर कई तरह की बहस चलती रहती है। कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि यह पृथ्वी की घूर्णन गति से ज्यादा तेजी से घूमती है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि मैग्नेटिक फील्ड की वजह से इसका घूर्णन धरती के घूर्णन से कम होता है। हालांकि इस बात से कोई इनकार नहीं करता कि इनर कोर से बैकट्रैकिंग होती है और इसका असर धरती की घूर्णन गति पर पड़ता है। 40 साल में पहली बार पाया गया है कि इनर कोर की घूर्णन गति मैंटल से कम है।

# लोकसभा में कमजोर हुई भाजपा लेकिन राज्यसभा में बढ़ेगी ताकत

- 10 सीटों पर क्लीन स्वीप करेगा एनडीए, आंध्र-ओड़िशा ने किया खेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को भले ही फायदा नहीं हुआ हो, लेकिन अब जो राज्यसभा के उपचुनाव होने वाले है उनमें बड़े फायदे के आसार बन रहे हैं। सासदों के चुनाव जीतने के कारण राज्यसभा की 10 सीटें खाली हो गई हैं। अब इन सीटों पर उपचुनाव होने वाले हैं, जिनमें एनडीए को भारी सफलता मिलने की उम्मीद है। ये सभी 10 की 10 सीटें एनडीए के हिस्से में जाने की संभावना है, क्योंकि इन राज्यों में एनडीए की सरकारें हैं। एक और सीट का उपचुनाव महाराष्ट्र में भी होना है। वह भी एनडीए के हिस्से में ही जाएगी। लोकसभा चुनाव जीतने वाले राज्यसभा के 10 में से सात सांसद भाजपा के हैं। इनमें महाराष्ट्र के उदयन राजे भोंसले और पीयूष गोयल, त्रिपुरा में विप्लव देव, एमपी में ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि शामिल हैं।



# कोलकाता भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजों को अब टीम ओलंपिक कोटा हासिल



**कोलकाता,एजेन्सी।** कोलकाता को अब टीम ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए विश्व रैंकिंग का इंतजार करना होगा, क्योंकि शुक्रवार को तुर्की के अंताल्या में हुए फाइनल ओलंपिक क्वालीफायर में वे कोटा हासिल करने में विफल रहीं। रिकर्व सेक्शन में चार सेमीफाइनलिस्टों को टीम कोटा मिलना तय है, ऐसे में दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त की टीम को पेरिस में जगह बनाने के लिए एलिमिनेशन राउंड में दो जीत की जरूरत थी। पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग इवेंट में 80 से अधिक देशों के 300 से अधिक रिकर्व तीरंदाज प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। पांचवें वरीय के रूप में क्वालीफाई करने के बाद, भारत को प्री-क्वार्टर में बाई भी मिली, लेकिन उसे निचली रैंकिंग वाली यूक्रेन से 3-5 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में यूक्रेन से 10 पायदान ऊपर दुनिया की 8वें नंबर की भारतीय टीम ने खराब प्रदर्शन करते हुए 3-1 की बढ़त गंवा दी और 3-5 (51-51, 55-52, 53-54, 52-54) से हार गई। नए क्वालीफिकेशन नियम के अनुसार, विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में शीर्ष दो देश, जो क्वालीफायर से कट नहीं बना पाए थे, खेलों से पहले कट बना लेंगे। महिला टीम वर्तमान में नंबर 8 पर है। दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, मैक्सिको, यूएसए, जो रैंकिंग में भारत से आगे हैं, पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। दुनिया के दूसरे नंबर के चीन और सातवें नंबर के चीनी ताइपे, जो भारत से आगे हैं, के इस आयोजन में क्वालीफाई करने के साथ ही भारत की राह आसान हो गई है। इस प्रकार भारत अब रैंकिंग मानदंड में नंबर 1 पक्ष है, क्योंकि सभी शीर्ष सात टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं। पहला सेट ड्रॉ होने के बाद, भारत ने वापसी करते हुए दूसरा सेट जीत लिया। लेकिन यूक्रेन ने वापसी करते हुए तीसरा सेट एक अंक से जीत लिया और चौथे सेट में तीन-तीन की बराबरी कर ली। दो आठ-पॉइंट शॉट भारत को भारी पड़े, क्योंकि वेरोनिका मार्चेंको, अनास्तासिया पावलोवा और ओल्हा चेबोटारेन्को ने उन्हें दो अंकों से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। भजन ने दो सात और एक आठ लगाया, जबकि अंकिता ने चार सेट के मुकाबले में एक सात लगाया। भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम फाइनल ओलंपिक क्वालीफायर में पांचवीं वरीयता प्राप्त है, जो खुद को पेरिस खेलों में स्थान अर्जित करने के करीब पहुंचाती है। सुमित नागल ने हीलब्रोनर नेकरकप एटीपी चैलेंजर खिताब जीता, एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 80 में स्थान हासिल किया और पेरिस ओलंपिक के लिए पात्र बन गए। उन्होंने तीन सेट के चुनौतीपूर्ण मैच में अलेक्जेंडर रिटशर्ड को हराया। सुनील छेत्री के रिटायर होने से दबाव बढ़ गया है क्योंकि भारत फीफा विश्व कप क्वालीफायर में आगे बढ़ने के लिए कतर के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत की तलाश में है। टीम को गोल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कतर की युवा टीम को मात देनी होगी।

## एलपीजी सिलेंडर में फटने से लगी आग, दो महिलाओं सहित चार लोग झुलसे



**कोलकाता,एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में शनिवार को एक इमारत में एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट से होने से आग लग गई जिससे दो महिलाओं सहित चार लोग झुलस गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज सुबह महेशतला इलाके में यह घटना उस दौरान हुई जब इमारत की ऊपरी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट की बालकनी में रखे सिलेंडर में विस्फोट हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण बालकनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने कहा कि आग लगने से चार लोग झुलस गए जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## द्वारिकेश पटनायक का पार्थिव शरीर बंगाल लाया गया

**कोलकाता,एजेन्सी।** कुवैत में भीषण आग में मारे गए लोगों में शामिल द्वारिकेश पटनायक का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह उनके पैतृक गांव पश्चिम बंगाल लाया गया और पश्चिम मेदिनीपुर जिले में उनके घर ले जाया गया। 52 वर्षीय पटनायक का पार्थिव शरीर सुबह-सुबह नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस की मौजूदगी में उनके परिवार के सदस्यों ने प्राप्त किया। भाजपा नेता अग्निमित्र पॉल भी हवाई अड्डे पर मौजूद थीं। बोस ने कहा, पटनायक का पार्थिव शरीर हवाई अड्डे पर प्राप्त किया गया और उनके पैतृक घर ले जाया गया, जहां उनका परिवार उनका अंतिम संस्कार करेगा। तुर्का गढ़ गांव में मातम पसरा हुआ है, जहां सैकड़ों लोग पटनायक के अंतिम दर्शन के लिए इंतजार कर रहे थे। पटनायक 19 साल की कम उम्र में ही अपना घर छोड़कर कुवैत चले गए थे और पश्चिम एशियाई देश में मैकेनिकल सुपरवाइजर के तौर पर काम कर रहे थे। कुवैत के मंगाफ में बुधवार को एक सात मंजिला इमारत में लगी आग में 45 भारतीयों सहित कम से कम 49 विदेशी श्रमिकों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए।

## राज्यपाल बोस से मिलने आ रहे हिंसा पीड़ितों को पुलिस ने रोका, राजभवन ने सीएम ममता बनर्जी को लिखा पत्र



**कोलकाता,एजेन्सी।** बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर पूछा कि चुनाव के बाद हुई हिंसा के कथित पीड़ितों को पुलिस ने किस आधार पर राजभवन में प्रवेश करने से रोका, जबकि उनके कार्यालय ने इसके लिए आवश्यक अनुमति जारी की थी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी एवं उनके साथ राजभवन आ रहे करीब 200 हिंसा पीड़ितों को पुलिस ने गुरुवार को प्रवेश से रोक दिया था। इससे नाराज राज्यपाल ने इसपर हैरानी जताई।

## विधानसभा उपचुनाव के लिए वामदलों ने तीन सीटों पर उतारे प्रत्याशी, कांग्रेस के लिए छोड़ी ये सीट



**कोलकाता,एजेन्सी।** बंगाल में वामपंथी-कांग्रेस नेताओं को लोकसभा चुनाव के झटके से उबरने का समय भी नहीं मिला और अब बीच में विधानसभा उपचुनाव आ गया। राज्य वाम मोर्चा ने कांग्रेस के साथ समझौता कर राज्य में चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव लड़ने का फैसला किया है। शुक्रवार को वाममोर्चा की बैठक के बाद वामपंथियों ने रायगंज सीट कांग्रेस के लिए छोड़कर शेष तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। माकपा नदिया की राणाघाट दक्षिण और कोलकाता की मानिकतल्ला सीट से लड़ेगी। वहीं उत्तर 24 परगना के बागदा से फारवर्ड ब्लाक मैदान में उतरी है।

## नशीला पदार्थ खिलाकर टीएमसी नेता की पीट-पीट कर हत्या, सड़क पर पड़ा मिला शव

**कोलकाता।** बंगाल के दक्षिण 24 परगना के कैनिंग के टीएमसी नेता व बूथ सचिव रवींद्रनाथ मंडल की गुरुवार रात पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। टीएमसी नेता के स्वजन का आरोप है कि मंडल को कुछ लोग घर से बुलाकर ले गए, बाद में पता चला कि सड़क पर उनकी लाश पड़ी हुई है। स्वजन का आरोप है कि मंडल को पहले नशीला पदार्थ खिलाया गया। इसके बाद जब वह बेहोश हो गए तो उनकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक तृणमूल नेता नशे में थे। जांचकर्ता सड़क दुर्घटना की आशंका से इन्कार नहीं कर रहे हैं। घटना में पुलिस कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है।

## कुवैत में आग लगने से मारे गए व्यक्ति का शव कोलकाता पहुंचा, ममता सरकार पर भाजपा की अग्निमित्रा पॉल ने बोला हमला

**कोलकाता,एजेन्सी।** कुवैत में आग लगने से मारे गए द्वारिकेश पटनायक का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचा। पश्चिम बंगाल के मंत्री सुजीत बोस और भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने राज्य के पश्चिम मेदिनीपुर जिले के निवासी को अंतिम श्रद्धांजलि दी।

सुजीत बोस ने कहा, राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी। पीड़ित परिवार को दिए जाने वाले मुआवजे के बारे में पूछे जाने पर बोस ने कहा कि वह इस पर कोई जवाब नहीं दे पाएंगे। इस बीच, भाजपा विधायक अग्निमित्र पॉल ने मृतक के परिवार के लिए 10 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है और राज्य सरकार से उसकी किशोर बेटी की शिक्षा का खर्च उठाने को कहा है।

हम राज्य सरकार से मांग करते हैं कि पीड़ित के परिवार को कम से कम 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए और मृतक की 14 वर्षीय बेटी की शिक्षा का खर्च उठाया जाए, जिसे अगले साल बोर्ड परीक्षा देनी है। पॉल ने पश्चिम बंगाल में लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने में सक्षम नहीं होने के लिए राज्य सरकार पर निशाना साधा, जिसके कारण उन्हें रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों और देशों में जाना पड़ता है। यह सच है कि देश के विभिन्न हिस्सों में होने वाली किसी भी दुर्घटना में पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूर शामिल होते हैं। लोग रोजगार और मजदूरी के लिए बिहार और केरल जा रहे हैं। यह एक वास्तविकता है कि बंगाल में रोजगार के अवसर नहीं हैं। पॉल ने कहा, ममता बनर्जी को यह बताना चाहिए कि लोगों को रोजगार की तलाश में राज्य से बाहर क्यों जाना पड़ता है। 12 जून को कुवैत के मंगफ में एक श्रमिक आवास में आग लगने से 45 भारतीयों की मौत हो गई थी। मृतकों में तमिलनाडु के सात, आंध्र प्रदेश के तीन और बिहार, ओडिशा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, झारखंड, हरियाणा, पंजाब और पश्चिम बंगाल के एक-एक व्यक्ति शामिल थे। इसके अलावा केरल के 23 लोग भी मारे गए। मृतकों के शवों को लेकर वायुसेना का एक विमान शुक्रवार को कोच्चि पहुंचा, जहां दक्षिण भारतीय राज्यों के लोगों के शव अधिकारियों को सौंपे गए और फिर विमान दिल्ली के पालम हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ।

## भीषण गर्मी और यात्रियों की कमी के कारण हाथ से चलने वाले रिक्शा चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा



**कोलकाता,एजेन्सी।** उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच कोलकाता में हाथ से चलने वाले रिक्शा चालकों को कम यात्रियों के आने के साथ-साथ कड़ी शारीरिक मेहनत करने के कारण भीषण गर्मी का भी सामना करना पड़ रहा है। हाल के दिनों में हाथ से चलने वाले रिक्शा की संख्या में कमी आई है, लेकिन परिवहन का यह प्रतिष्ठित साधन, जिसकी अक्सर अमानवीय होने और औपनिवेशिक गुलामी की याद दिलाने के लिए आलोचना की जाती है, अभी भी उत्तरी कोलकाता के कुछ इलाकों जैसे बड़ा बाजार, कॉलेज स्क्वायर और मानिकतला में चल रहा है।

रिक्शा चालक न केवल भीषण गर्मी में काम कर रहे हैं, बल्कि कई बार उन्हें सड़क पर घंटों इंतजार भी करना पड़ता है, क्योंकि इस भीषण गर्मी में यात्री कम होते हैं। रिक्शा चालकों का कहना है कि गर्मी के महीनों में यात्री आमतौर पर घर के अंदर रहना पसंद करते हैं। बिहार के रहने वाले रिक्शा चालकों में से एक दिनेश सिंह ने कहा कि उनके पास कोई विकल्प नहीं है और उन्हें बुढ़ापे के बावजूद आजीविका चलाने की जरूरत है। सिंह ने एएनआई से कहा, हमें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मैं बूढ़ा हो गया हूं, तापमान बढ़ रहा है और मेरे बच्चे मेरा साथ नहीं देते। क्या करें? मुझे आजीविका चलाने की जरूरत है। गर्मी के महीनों में अपनी कमाई के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि उन्होंने दोपहर तक सिर्फ़ 150 रुपये कमाए हैं और उसमें से भी उन्होंने दोपहर के खाने में काफ़ी हिस्सा खर्च कर दिया है। उन्होंने कहा, मैंने अब तक सिर्फ़ 150 रुपये कमाए हैं। मैंने 50-60 रुपये में दोपहर का खाना खाया है। मैं बिहार से हूँ। उन्होंने आगे कहा कि कमाई उनकी किस्मत पर निर्भर करती है और आम तौर पर यह 200-300 रुपये प्रतिदिन होती है। शहर में पड़ रही गर्मी के बारे में बात करते हुए सिंह ने कहा, मेरे पास यात्रियों का इंतज़ार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। कभी-कभी एक घंटे के इंतज़ार के बाद मुझे एक यात्री मिलता है। यह सब किस्मत पर निर्भर करता है। एक अन्य रिक्शा चालक परगास यादव ने कहा कि सरकार उन्हें कोई लाभ नहीं देती है और उन्हें यात्रियों की मर्जी पर छोड़ दिया जाता है। यादव ने कहा, मैंने पिछले 32 सालों से इस हाथ रिक्शा को खींचकर अपना जीवन बिताया है। यह बहुत निराशाजनक है कि हमें सरकार से कोई लाभ नहीं मिलता है। हम पूरी तरह से यात्रियों की मर्जी पर निर्भर हैं। कई बार वे हमारी सेवा के लिए अतिरिक्त भुगतान करते हैं।

कोलकाता में क्षेत्रीय मौसम विभाग ने दक्षिण बंगाल में पहले से ही चल रही भीषण गर्मी से राहत की कोई खबर नहीं दी है। मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, पश्चिम बर्दवान, बांकुरा, पश्चिम मिदनापुर और झारग्राम जैसे जिलों में शनिवार तक भीषण गर्मी जारी रहने का अनुमान जताया है। शुक्रवार को पुरुलिया में कुछ स्थानों पर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि पश्चिम बर्दवान, बांकुरा, पश्चिम मिदनापुर और झारग्राम में एक या दो स्थानों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। (एएनआई)

## अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा चुनावों की सराहना, कहा- नतीजों ने भाजपा के अहंकार और घमंड को धूल में मिला दिया



**कोलकाता,एजेन्सी।** लोकसभा चुनावों को विरोध, प्रतिरोध और प्रतिशोध का चुनाव बताते हुए तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि चुनाव परिणामों ने भाजपा के अहंकार और अभिमान को धूल में मिला दिया है।

उन्होंने भगवा पार्टी पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने, न्यायपालिका को भ्रष्ट करने, मीडिया पर रोक लगाने और सत्ता से चिपके रहने के लिए चुनाव आयोग से छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया।शुक्रवार देर रात अपने डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मिलने के बाद फेसबुक पर पोस्ट किए गए पोस्ट में, जहां से वे 7 लाख से अधिक मतों के रिकॉर्ड अंतर से फिर से चुने गए, तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव इतिहास में जोनोगोनर गोरजोन (लोगों की दहाड़) के रूप में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। उन्होंने कहा, जोनोगोनेर गोरजन (लोगों की दहाड़) इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगी। यह लोकसभा चुनाव प्रतिवाद, विरोध और प्रतिशोध (विरोध, प्रतिरोध और प्रतिशोध) का चुनाव था। भाजपा का अहंकार, अभिमान और रीढ़ धूल में मिल गई है।

हालांकि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटा, लेकिन भगवा पार्टी अपने दम पर बहुमत हासिल करने में विफल रही और सत्ता में बने रहने के लिए उसे प्रमुख सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी और जेडी (यू) के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ा। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के प्रदर्शन पर, जहां उसने 42 में से 29 सीटें जीतीं, 2019 के चुनावों की तुलना में अपनी सीटों की संख्या में सात सीटों का सुधार किया, पार्टी में वास्तविक नंबर दो बनर्जी ने कहा, बंगाल और देश ने 4 जून (जब लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए गए) को एक नई सुबह देखी। उन्होंने डायमंड हार्बर के लोगों को उन्हें भारी जनादेश देने के लिए धन्यवाद दिया।

## दो पहिया वाहनों की टक्कर में तीन लोगों की मौत

**कोलकाता,एजेन्सी।** शहर में गुरुवार की सुबह दोपहिया वाहनों से जुड़ी दो दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। एक दुर्घटना हाजरा रोड पर हुई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दूसरी हेस्टिंग्स के सेंट जॉर्ज गेट रोड पर हुई। 23 वर्षीय बिस्वजीत मंडल, पीछे बैठे शुभा दास, 21 वर्षीय और विक्की सरकार, 22 वर्षीय मोटरसाइकिल पर सवार थे, जो सुबह करीब 3 बजे हाजरा रोड और गरचा फर्स्ट लेन के चौराहे पर एक पिकअप वैन से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि वे दोपहिया वाहन से उछलकर नीचे गिर गए। पुलिस ने बताया कि तीनों आनंदपुर के रहने वाले थे। गरियाहाट पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया, उनमें से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। इलाके के सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि पिकअप वैन ट्रैफिक सिग्नल का पालन करते हुए सही दिशा में जा रही थी। बाइक वैन से टकरा गई। उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहां मंडल को मृत घोषित कर दिया गया। दास की बाद में मौत हो गई। सरकार को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। सेंट जॉर्ज गेट रोड और क्लाइड रो के चौराहे पर दूसरी दुर्घटना करीब 1.15 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि राज दास (28) और पीछे बैठे गौतम कैरा (26) की गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई, जब दास ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। बेलतला रोड के निवासियों को एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहां दास को मृत घोषित कर दिया गया। कैरा को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# न्याय मंत्रालय कोलकाता में तीन नए आपराधिक कानूनों की विशेषताओं को सामने लाने के लिए आयोजित करेगा सम्मेलन

**नई दिल्ली/ कोलकाता,एजेन्सी।** विधि एवं न्याय मंत्रालय रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में तीन नए आपराधिक कानूनों की विशेषताओं को सामने लाने के उद्देश्य से आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील मार्ग शीर्षक से एक सम्मेलन आयोजित करेगा। कोलकाता में होने वाला यह सम्मेलन - आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील मार्ग विषय पर सम्मेलनों की श्रृंखला में तीसरा - कल आईटीसी रॉयल बंगाल, हाल्डेन एवेन्यू, कोलकाता में आयोजित किया जाएगा।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टी.एस. शिवगनम सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसे भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री (एमओएस) भी संबोधित करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य सार्थक बातचीत, विचार-विमर्श और प्रश्नोत्तर सत्रों के माध्यम से तीन नए आपराधिक कानूनों की मुख्य विशेषताओं को सामने लाना है। सम्मेलन में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के विभिन्न उच्च न्यायालयों, जिला और निचली अदालतों के न्यायाधीश और पूर्व न्यायाधीश, अधिवक्ता, शिक्षाविद और पुलिस अधिकारियों जैसी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके अलावा, अन्य जांच एजेंसियों के अधिकारी, सरकारी वकील, जिला प्रशासन, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों और अन्य विधि महाविद्यालयों के विधि छात्र भी सम्मेलन में भाग लेंगे। 25 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 को स्वीकृति दी।

जैसा कि अधिसूचित किया गया है, ये नए आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होंगे। पिछले दो महीनों में, विधि और न्याय मंत्रालय के कानूनी मामलों के विभाग ने इन नए कानूनों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए नई दिल्ली और गुवाहाटी में दो बड़े सम्मेलन आयोजित किए हैं, विशेष रूप से हितधारकों, कानूनी बिरादरी, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, अभियोजकों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, शिक्षाविदों और कानून के छात्रों के अलावा नागरिकों के बीच। कोलकाता में, उद्घाटन सत्र नए आपराधिक कानून त्रय के व्यापक उद्देश्यों पर प्रकाश डालेगा, जो भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली की संरचना को फिर से परिभाषित करने और इसके नागरिकों के जीवन को गहराई से प्रभावित करने के लिए तैयार है। उद्घाटन सत्र में प्रवचनों के अलावा, तीन तकनीकी सत्र होंगे, प्रत्येक नए कानून पर एक। तकनीकी सत्र-ढ्ढ में भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) के कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए तुलनात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर केंद्रित गहन चर्चा होगी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सॉलिसिटर जनरल, भारतीय विधि संस्थान, नई दिल्ली के प्रोफेसर अनुराग दीप, डब्ल्यूबीएनयूजेएस, कोलकाता के सहायक प्रोफेसर फैजल फसीह और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर के सहायक प्रोफेसर डॉ. बिस्वा कल्याण दाश।

सत्र का संचालन दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय की प्रोफेसर वागेश्वरी देसवाल द्वारा किया जाएगा। तकनीकी सत्र ढ्ढढ्ढ में भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (BSA) के मुख्य पहलुओं पर चर्चा की जाएगी, अर्थात साक्ष्य, जो दोषसिद्धि में आधारशिला है। चर्चाएँ दस्तावेजों और साक्ष्यों के व्यापक दायरे पर केंद्रित होंगी, जिसे व्यापक परिभाषाओं के परिचय द्वारा सुगम बनाया जाएगा। इस सत्र की अध्यक्षता कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनन्या बंदोपाध्याय करेंगी। अन्य पैनलिस्ट हैं प्रवर्तन निदेशालय में विशेष लोक अभियोजक और अधिवक्ता ज़ोहेब हुसैन, दिल्ली उच्च न्यायालय में विशेष लोक अभियोजक और अधिवक्ता अमित प्रसाद, कोलकाता में WBNUJS में सहायक प्रोफेसर डॉ. सरफराज अहमद खान और गांधीनगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ. शुभम पांडे। इस सत्र का संचालन लखनऊ में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (RMNLU) में प्रोफेसर डॉ. के.ए. पांडे द्वारा किया जाएगा। तकनीकी सत्र III में पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराध की जांच पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) द्वारा शुरू किए गए प्रक्रियात्मक परिवर्तनों के प्रभावों और आईसीटी उपकरणों के समावेश पर चर्चा की जाएगी, जिसका न्यायपालिका और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कामकाज पर व्यावहारिक प्रभाव पड़ेगा। सत्र की अध्यक्षता कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष करेंगे। अन्य पैनलिस्ट हैं श्री विक्रमजीत बनर्जी, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल, ई. चंद्रशेखरन, मद्रास उच्च न्यायालय के अधिवक्ता और, डॉ. नीरज तिवारी, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली में सहायक प्रोफेसर। सत्र का संचालन जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के विधि संकाय के प्रोफेसर मोहम्मद असद मलिक करेंगे। तकनीकी सत्रों के बाद समापन सत्र होगा। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस मुख्य अतिथि के रूप में समापन सत्र की शोभा बढ़ाएंगे। अन्य अतिथियों में झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (कार्यवाहक) न्यायमूर्ति श्री चंद्रशेखर और कोलकाता के डब्ल्यूबीएनयूजेएस के कुलपति प्रो. (डॉ.) एन.के. चक्रवर्ती शामिल होंगे। हाल के वर्षों में, भारत सरकार ने पुराने औपनिवेशिक कानूनों को निरस्त करने और ऐसे कानून बनाने के लिए कई पहल की हैं जो नागरिक-केंद्रित हैं और एक जीवंत लोकतंत्र की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 पहले के आपराधिक कानूनों जैसे भारतीय दंड संहिता (1860 का 45), दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 (1872 का 1) का स्थान लेते हैं जो कई दशकों से लागू थे। (एएनआई)

# गया में नक्सली वारदात; हथियारबंद दस्ते घर में सोए युवक की गोली मार कर दी हत्या

## माओवादी जिंदाबाद के लगाए नारे

**गया , एजेंसी।** बिहार के गया में गुरुवार की मध्यरात्रि हथियारबंद दस्ते ने घर में सोए हीरा यादव ( 40 वर्ष ) को गोली मारकर हत्या कर दी। घटना कोंच थाना क्षेत्र के कमल बिगहा गांव की है। इस घटना के बाद हथियार बंद दस्ते ने माओवादी जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाया और आराम से निकल गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि जितेन्द्र यादव उर्फ हीरा यादव अपने दलान में सोए हुए थे। हालांकि पुलिस इस घटना के नक्सली वारदात होने से इनकार कर रही है। मृत हीरा यादव का नक्सलियों से संबंध रहा है। एनआईए ने उसके घर की तलाशी ली थी। जानकारी के मुताबिक हीरा यादव अपने दालन पर सोया हुआ था जिसका गेट खुला हुआ था। हथियार बंद दस्ते ने उसकी कनपटी और पेट में दो गोली दी। इस बीच पड़ोस में रही एक महिला की नजर हथियारबंद लोगों पर पड़ गयी। उसने जैसे ही चोर-चोर किया, छह से आठ की संख्या में हथियार से लैस रहे हमलवार इंकलाब जिंदाबाद नारे लगाए और हवाई फायरिंग कर दशहत मचा दिया। घटना को अंजाम देने के बाद हमलवार ने गांव से उत्तर की दिशा में आराम से निकल गये। इसके बाद ग्रामीण जबतक स्थल पर पहुंचे तो खून से लथपथ हीरा की मौत हो चुकी थी।

### हीरा का नक्सली से रह चुका था नाता

मारे गए हीरा यादव का नक्सलियों से नाता रहा चुका था।



वह हार्डकोर कमिटी के सदस्य भी रह चुका था। मारे गये जोनल कमांडर चंदन यादव का एक वक्त वह दाहिना हाथ माना जाता था। अभी वह सामान्य जीवन यापन कर रहा था। इसकी एक बेटी व तीन बेटा है। वह घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### यह नक्सली घटना नहीं

धनंजय कुमार सिंह,थानाध्यक्ष कोंच ने दावा किया है कि यह नक्सली घटना नहीं है। लेकिन पूर्व में नक्सली संगठन से जुड़े लोग द्वारा भूमि विवाद में हत्या की बात सामने आ रही है। अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गयी है। ऐसे अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### क्या कहते हैं वरीय अधिकारी?

इस हत्या की घटना की विभिन्न बिंदुओं पर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। जिस कमरे में हत्या हुयी है,उसे कमरे को अभी बंद कर दिया गया है। शनिवार को फॉरेंसिक टीम पहुंचकर वैज्ञानिक तरीके से घटनास्थल की जांच करेगी। जांच के बाद ही हत्या का कारण स्पष्ट हो पाएगा। -सुशांत कुमार चंचल,एसडीपीओ-टिकारी

### एनआईए की टीम ने भी ली थी हीरा के घर की तलाशी

डेढ़ वर्ष पूर्व एनआईए की टीम ने हीरा यादव का नक्सलियों से सांठगांठ के आरोप में इसके घर छापा मार चुकी है। लगभग चार घंटे तक इसके घर में रूककर गहन तलाशी ली थी। एनआईए की टीम ने कुछ दस्तावेज लेकर अपने साथ गये थे। हालांकि, टीम को हीरा यादव घर पर नहीं मिले थे।

# पटना में अतिक्रमणकारियों का दुस्साहस, हटाने गए निगमकर्मियों और गार्ड को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**पटना , एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में जंक्शन के पास सड़क जंग का अखारा बन गया। एक तरफ निगम कर्मी थे दो दूसरी ओर वे लोग थे जिन्होंने सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण कर रखाी है। शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने गए पटना नगर निगम के गार्ड व कर्मचारियों को फुटपाथी दुकानदारों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। इसमें दो गार्ड जख्मी हो गए। हंगामे और अफरातफरी के बीच पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। दो दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने सुबह 10 बजे जीपीओ गोलंबर से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया। गोलंबर के पास दुकानदार गोलबंद हो गए। वे पहले जगह उपलब्ध कराने की मांग करने लगे। पर निगम के कर्मचारी और पुलिस वाले उनकी बातों को अनदेखा कर ठेला ले जाने को कहा। जैसे ही कर्मचारी रेलवे स्टेशन गोलंबर के पास पहुंचे वहां बड़ी संख्या में दुकानदार जमा हो गए। इस दौरान कर्मचारियों और फुटपाथ के दुकानदारों के बीच कहासुनी होने लगी। इस पर एक पुलिसकर्मी ने फुटपाथ पर खाने-पीने का ठेला लगाए व्यक्ति के ठेले को पलट दिया। इससे खाद्य सामग्री गिर गई इसे देखकर दुकानदार भड़क गए और मुख्य



सड़क पर ही सामान रखकर जाम कर दिया। फिर दो गार्ड की पिटाई शुरू कर दी। बचाने दौड़े कर्मचारियों को भी लाठी-डंडों के साथ दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। हंगामा देख मौके पर मौजूद दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी खिसक गये। बाद जिला नियंत्रण कक्ष से भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचे तब जाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया।

**क्यों विवाद बढ़ा :** नगर निगम की टीम जीपीओ से रेलवे स्टेशन गोलंबर के बीच अतिक्रमण हटा रही थी। दुकानदारों का कहना था कि दोनों तरफ दुकानें लगती हैं तो सिर्फ एक लेन में ही क्यों अतिक्रमण हटाया जाता है। इस बीच कुछ पुलिस वालों ने दुकानदारों का सामान फेंक दिया। इससे दुकानदार गुस्से में आ गए और नोकझोंक शुरू हो गई और बात मारपीट तक पहुंच गई।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी? :** अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों ने नगर निगम के गार्ड और कर्मियों पर हमला बोल दिया। उनके साथ मारपीट की गई। इस तरह के हंगामे और हुड़दंग करके अभियान को रोकने की साजिश की जा रही है। लेकिन इसससे अतिक्रमण हटाओ अभियान रोका नहीं जाएगा। - **प्रभात रंजन**, कार्यपालक पदाधिकारी, नूतन राजधानी अंचल, पटना नगर निगम

## संक्षिप्त समाचार

### गया के खनिज विकास पदाधिकारी पर गिरी गाज, मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया सस्पेंड



**गया , एजेंसी।** बिहार के खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नियमानुकूल कार्य नहीं करने, स्मार-पत्र के बावजूद स्पष्टीकरण नहीं देने पर गया जिला के खनिज विकास पदाधिकारी निधि भारती को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया। साथ ही विभागीय कार्रवाई करने को भी कहा। विजय कुमार सिन्हा नीतीश कुमार की सरकार में डिप्टी सीएम भी हैं। बिहार में खनन माफिया की सक्रियता से अवैध बालू खनन और कारबोर सरकार के सिरदर्द बना हुआ है। कई वरीय पदाधिकारियों पर पूर्व में गाज गिर चुकी है। फिर भी बालू के अवैध कारोबार पर सरकार कंट्रोल नहीं कर पा रही है। मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि विभागीय कर्मियों की मनमानी, स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता और भ्रष्ट आचरण के कारण अवैध बालू खनन एवं परिवहन को बढ़ावा मिल रहा है। गया जिला के बंदोबस्त बालूघाट संख्या-39 के मामले में निलंबित अधिकारी ने अनियमितता बरती थी। विभाग द्वारा पत्र एवं स्मार पत्र के वाबजूद उनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया। विभाग के उच्चाधिकारी द्वारा उक्त बालूघाट एवं एक अन्य बालूघाट का निरीक्षण करने पर विभिन्न मानकों पर अनियमितता की रिपोर्ट की गयी थी। ऐसी घटनाएं राज्य में रिपिट हो रही हैं। इसी वजह से यह ऐक्शन लेना पड़ा है। मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में सुगमतापूर्ण एवं ईमानदारी से खनन कार्य के लिए बने नियम नहीं मानने वाले अफसरों पर कठोर कार्रवाई होगी। बंदोबस्तधारियों, परिवहन करने वाले एजेंसियों एवं विभागीय पदाधिकारियों, जिला समाहर्ता, एसपी, अनुमंडलाधिकारी सहित सभी थानाध्यक्षों का दायित्व है कि वे उक्त नियम का पालन कर पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करें। सही लोगों को सहयोग और गलत लोगों को दंडित कर अवैध खनन एवं परिवहन को रोकना विभाग का लक्ष्य है। खनन विभाग अपने कार्यों में तत्परता से कर्तव्य का निर्वहन नहीं करता है तो कार्रवाई निश्चित है।

### शराब तस्करों को पकड़ने गई पुलिस पर हमला, एक धंधेबाज की हुई गिरफ्तारी




**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में पुलिस टीम पर शुक्रवार की रात हमला हो गया। जिसमें एक जवान घायल हो गए। पुलिस की दो गाड़ी शराब धंधेबाजों को पकड़ने गई थी। छापेमारी में 15 लीटर देसी शराब बरामद हुई। एक तस्कर पकड़ा गया। उसे पुलिस थाने ला रही थी। इसी दौरान अन्य तस्करों ने पुलिस पर हमला कर दिया। पत्थरबाजी शुरू कर दी। गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना मधुबनी थाना क्षेत्र के बक्सा घाट के बड़ी मुसहरी वार्ड-4 की है। मधुबनी थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी ने बताया कि बक्सा घाट के बड़ी मुसहरी वार्ड-4 में गई थी। पुलिस ने रेड किया तो घर में देसी शराब की खेप बरामद हुई। इसी बीच पुलिस को देख धंधेबाज भागने लगे। भागने के क्रम में इनमें से एक को पुलिस ने पकड़ लिया। बरामद देसी शराब की खेप को पुलिस ने नष्ट कर दिया। इसके बाद तस्कर को पुलिस वैन में बैठाकर अपने साथ थाने ले जा रही थी। तभी कुछ धंधेबाजों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी और पुलिस की गाड़ी पर हमला कर दिया। एक जवान भी मामूली रूप से चोटिल हो गए। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है। प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# ससुराल में संदिग्ध स्थिति में मिला नवविवाहिता का शव

### पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप, कहा– कार नहीं देने पर मार डाला

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के बनमनखी नगर परिषद वार्ड-9 में नवविवाहिता का ससुराल में संदिग्ध स्थिति में शव मिला। मृत महिला की पहचान कन्हैया दास की पत्नी पूजा कुमारी 22 के रूप में हुई है। परिजनों ने ससुराल वालों पर कार की डिमांड पूरी न होने पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि पति और ससुराल वालों ने मिलकर पहले मृतका के साथ मारपीट की और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को आत्महत्या में बदलने के लिए उसके शव को फंदे से लटका दिया। वारदात के बाद से पति और सास घर छोड़कर फरार है।

**कार मांगी जा रही थी :** घटना के संबंध में मृतका के पिता परमानंद दास ने बताया कि डेढ़ साल पहले कटिहार जिला के कोढ़ा थाना के खैरिया वार्ड नम्बर-7 स्थित घर से 20 लाख रुपए दहेज देकर बनमनखी स्टेशन रोड निवासी अभिनंदन दास के बेटे कन्हैया दास ( 27 ) के साथ अपनी बेटी की शादी हिंदू रीति रिवाज से की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल वाले रुपये की डिमांड करने लगे। इस दौरान उन्हें दो बार में 58 हजार रुपए दिए गए। हाल के दिनों में दामाद ने दहेज के रूप में कार की डिमांड की थी। जिसपर उन्हें भरोसा भी दिया था कि अभी हाथ खाली है। रुपए आने पर कार भी देंगे। लेकिन इस बीच मेरी बेटी को दामाद कन्हैया दास ने अपने माता-पिता और भाई-बहन के साथ मिलकर बेरहमी से पीटा।




गला दबाकर उसकी हत्या की और फिर हत्या को आत्महत्या में बदलने के लिए शव को फंदे से लटका दिया।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है :** परिजनों ने हत्या में शामिल सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। इधर सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में बनमनखी थानाध्यक्ष वरुण कुमार झा ने कहा कि फोरेंसिक जांच के बाद प्रथम दृष्टया यह घटना हत्या का प्रतीत हो रहा है। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ भी कहा जा सकेगा। परिजनों के लिखित आवेदन पर मृतका के ससुर अभिनंदन दास और भाई मुकेश दास को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वारदात के बाद से पति और सास घर छोड़कर फरार हैं।

# नालंदा विवि के मुख्य अकादमी भवन का उद्घाटन करेंगे, सीएम भी रहेंगे मौजूद

**नालंदा, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी 19 जून को राजगीर स्थिति नालंदा विश्वविद्यालय के मुख्य अकादमिक भवन का उद्घाटन करेंगे। पीएम कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। पीएम के कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय में अभी 30 देश के विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। पीएम विदेशी छात्रों से भी मिलेंगे। कार्यक्रम को लेकर यहां के विद्यार्थी काफी उत्साहित हैं।

पीएम पहली बार जिले के किसी सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय के संबंधित अधिकारियों से प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी पूरी रिपोर्ट ले रहे हैं। सुरक्षा की हाई लेवल व्यवस्था होगी। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया है। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर और सीएम



नीतीश कुमार और राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर भी शामिल होंगे।मिली जानकारी के मुताबिक पीएम विशेष विमान से गया हवाई अड्डा पर उतरेंगे। उसके बाद एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर से विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। संबंधित पदाधिकारी तैयारी में जुट गए हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी का यह पहला बिहार दौरा होगा। कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों एवं संबंधित लोगों के ठहरने के लिए होटल की बुकिंग भी की जा रही है। हालांकि विश्वविद्यालय के संबंधित अधिकारी इस कार्यक्रम को लेकर खुलकर जानकारी नहीं दे रहे। विश्वविद्यालय में बने हेलीपैड पर तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम होगा। कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री पुनः गया जाएंगे और वहां से विमान द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

बता दें कि नरेन्द्र मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए आये थे। गोलापर हवाई अड्डा मैदान में उनकी जनसभा हुई थी। वैसे नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए भी नालंदा आये थे। गांधी मैदान बम विस्फोट में मृतक के परिजनों से मिलने आये थे।

### राजस्व और मनरेगा कर्मियों का तबादला :किशनगंज डीएम ने जारी किया आदेश, लंबे समय से एक ही जगह पर थे पोस्टेड

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज डीएम तुषार सिंगला द्वारा जिला अंतर्गत राजस्व विभाग तथा मनरेगा के कर्मियों का बड़े पैमाने पर स्थानांतरण किया गया है। इसके अंतर्गत राजस्व एवम भूमि सुधार विभाग अंतर्गत 42 राजस्व कर्मियों का तबादला किया गया है। साथ ही मनरेगा अंतर्गत कार्यरत कनीय अभियंताओं, पंचायत तकनीकी सहायक,



लेखापाल/लेखा सहायकों तथा कंप्यूटर ऑपरेटरों का भी प्रखंड स्तर पर स्थानांतरण किया गया है। गौरतलब है की ये सभी कर्मी लंबे अरसे से एक ही स्थान पर पदस्थापित थे।

**मनरेगा विभाग से 29 कर्मियों का स्थानांतरण :** जिलाधिकारी ने बताया की प्रशासनिक दृष्टिकोण से सरकारी कर्मियों का तटस्थ होना अपेक्षित है। अतः आवश्यक है की समय समय पर उनको स्थानांतरित किया जाए। स्थानांतरित कर्मी को तत्काल प्रभाव से अपने नव पदस्थापित कार्यालय में योगदान करने का आदेश दिया गया है। वहीं मनरेगा अंतर्गत कुल 29 कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है, जिसमें 8 कनीय अभियंता, 3 लेखपाल, 4 लेखा सहायक, 3 कंप्यूटर ऑपरेटर तथा 11 पंचायत तकनीकी सहायक शामिल हैं।

# स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के एसी कोच पर पथराव, खिड़की का शीशा टूटा, महिला यात्री घायल



### जयनगर से नई दिल्ली जा रही थी ट्रेन

**समस्तीपुर, एजेंसी।** जयनगर से दिल्ली जा रही स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर पथराव हुआ है। असामाजिक तत्वों ने एम-1, बी-3 और बी-6 बोगी के खिड़की पर पत्थर फेंका। जिससे ष्ट बोगी के खिड़की का शीशा टूट गया। इस घटना में एसी बोगी में सफर कर रही एक महिला यात्री की आंख में कांच का टुकड़ा लग गया। जिससे वह जख्मी हो गई। ट्रेन समस्तीपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर रोका गया। मामला दरभंगा और ककरघट्टी के बीच की है। जख्मी यात्री मधुबनी निवासी सुचित्रा देवी हैं। ट्रेन के समस्तीपुर पहुंचने के बाद जख्मी महिला यात्री के परिजनों ने इलाज नहीं होने पर जमकर हंगामा किया। रेल अस्पताल की मेडिकल टीम मौके पर पहुंची।

**जख्मी यात्री और मेडिकल टीम के बीच झड़प हुई :** टीम ने कहा मरीज का जख्म गंभीर है। इनको ट्रेन से उतारना होगा तभी इनका समुचित इलाज किया जा सकता है। पर जख्मी महिला यात्री के परिजन ट्रेन में ही इलाज के लिए कह रहे थे। इसी बीच जख्मी यात्री और मेडिकल टीम के साथ झड़प हो गई। मौके पर पहुंचे आरपीएफ ने मामले को शांत कराया।

**ट्रेन कक्कड़ घाटी स्टेशन पास कर रही थी :** घटना के संबंध में बताया गया है कि ट्रेन कक्कड़ घाटी स्टेशन से पास कर रही थी। इसी दौरान स्टेशन के पास खड़े कुछ लड़कों ने ट्रेन की बोगी पर पत्थर मारा। पथराव की इस घटना में एसी बोगी समेत कुछ अन्य बोगी को भी नुकसान पहुंचा। ट्रेन जब समस्तीपुर पहुंची तो घायल यात्रियों का इलाज मेडिकल टीम ने किया।

### प्राथमिकी दर्ज की जा रही है

डीआरएम श्रीवास्तव ने कहा कि घायल महिला यात्री का उपचार समस्तीपुर स्टेशन पर किया गया है। शरारती बच्चों ने ट्रेन की बोगी पर पत्थर चलाया था। इस मामले में प्राथमिक की दर्ज की जा रही है।

## गया को ग्रेटर गया बनाएंगे : मांझी

**गया, एजेंसी।** मोहनपुर के बांदेगढ़ गांव में शुक्रवार की देर शाम केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का अभिनंदन किया गया। इस दौरान उन्हें मुकुट और तलवार भेंट की गई। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद गया लौटे मंत्री जीतन राम मांझी बादेगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे। इलाके के मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि आपके बहुमूल्य वोट के कारण ही आज केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी और मुझे केंद्रीय मंत्री बनाया गया। मतदाताओं के भरोसे को कभी न टूटने देने की बातें कहते हुए कहा कि गया को ग्रेटर गया बनाया जाएगा। गया के ऐतिहासिक स्थल विष्णुपद और बोधगया का चतुर्दिक विकास होगा, और इसे देश के चमकते मानचित्र पर लाया जाएगा।

विपक्षी गठबंधन पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान एनडीए के 400 पार नारे का गलत ढंग से दुष्प्रचार किया गया। इस कारण भोले-भाले मतदाता उनके झांसे में आ गए। महागठबंधन के लोगों ने कहा कि एनडीए का अगर 400 सीट आ जाएगी तो संविधान और आरक्षण में बदलाव किया जाएगा। इस बात को महागठबंधन के लोगों ने भोले-भाले मतदाताओं के समक्ष लोक लुभावने वादे की तरह पेश किया। बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र से अपने पुराने संबंध की चर्चा करते हुए कहा कि इस इलाके में विकास के कई अधूरे काम रह गए हैं जिसकी गाथा जल्द ही लिखी जाएगी। इस दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री को मोहनपुर के लाडू गांव के समीप से गुजरी निरंजना नदी पर पुल निर्माण, मोहनपुर-बाराचट्टी सड़क का आरसीडी से निर्माण, बरंडी वियर सिंचाई परियोजना के निर्माण का ज्ञापन दिया। मंत्री ने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि इस दिशा में बहुत जल्द ही सार्थक पहल शुरू की जाएगी ताकि इलाके की एक बड़ी समस्या से लोगों को निजात मिल सके। समारोह को पूर्व सांसद हरि मांझी, विधायक ज्योति देवी, रोमिट कुमार, कमलेश सिंह, अजय शर्मा, शंभूनाथ सिंह, सत्यनारायण सिंह सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

## पुरीख में अतिक्रमण पर चलाया गया बुलडोजर

**सहरसा, एजेंसी।** भारत माला योजना के तहत सहरसा-सुपौल मुख्य मार्ग में पुरीख के पास प्रशासन ने जेसीबी मशीन से सड़क बनने के लिये किये गये जमीन अधिग्रहण को खाली कराया। एसडीओ प्रदीप कुमार झा के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिस बल पुरीख में जमीन अधिग्रहण को खाली कराने पहुंची। सीओ श्वेता सिंह एवं बिहरा थानाध्यक्ष रौशन कुमार द्वारा बार-बार जमीन खाली करने के लिये भूस्वामी को कहा जा रहा था लेकिन भूस्वामी जमीन अधिग्रहण वाले जगह को खाली नहीं कर रहे थे जिसके कारण सड़क निर्माण का कार्य बाधित हो रहा था। सीओ एवं थानाध्यक्ष ने बताया कि 13 जून तक जमीन को खाली करने के लिये घर -घर जाकर और मैकिंग कर जानकारी दी गई लेकिन भूस्वामी अधिग्रहण वाले जमीन को नहीं खाली किये जिसके बाद 14 जून से प्रशासन ने जेसीबी मशीन से जमीन को खाली कराना शुरू किया। प्रशासन द्वारा जमीन खाली कराने के दौरान पूर्व मुखिया जयशंकर सिंह पप्पू एवं बैजनाथ मुखिया सहित कुछ अन्य लोगों द्वारा एसडीओ के समझ शिकायत की गई कि भू अर्जन कार्यालय द्वारा मनमानी की गई है और बासडीह के जमीन को कृषि योग्य जमीन कर भूस्वामी को राशि भेज दी गई है और शिकायत के बाद भी सुधार नहीं किया गया है जिस कारण भूस्वामी जमीन को अबतक खाली नहीं कर पाया। प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन से किये गये तोड़फोड़ के दौरान सामान की हुई क्षति पर भी कुछ लोगों द्वारा आपत्ति जताई गई।

# डोमचांच प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की मासिक बैठक संपन्न



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता डोमचांच** प्रखंड में चल रहे सभी विकासात्मक योजनाओं का समीक्षा बैठक किया गया। जिसमे भीषण गर्मी को देखते हुए चापाकल मरम्मती कार्य मे तेजी लाने एवं प्रत्येक पंचायत में पांच चापानल लगाने का योजना को शीघ्र लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ 15वें वित्त,मनरेगा,प्रधानमंत्री जनधन योजना,पेंशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड योजना, खाद्यआपूर्ति , के साथ प्रखंड क्षेत्र में इस बार अधिक से अधिक वृक्षारोपण पर गंभीरता से विचार किया गया। साथ ही अंचल में लंबित दाखिल खारिज, एवं जमीन से संबंधित विगत दिनों में अंचल में आ रहे समस्याओं को शीघ्र निराकरण करने हेतु अंचल के सभी कर्मी को सक्त निर्देश दिया गया। जिसमे जाति ,आवासीय ,आय प्रमाण पत्र समय पर निर्गत करने पर जोर दिए जाने पर विचार किया गया। प्रखण्ड एवम् अंचल स्तर पर किसी भी तरह के लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं को अति शीघ्र धरातल पर कार्य करने के बात को लेकर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया।

# सीएम चंपई सोरेन से प्रदेश जिला परिषद संघ का प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा**- जिला परिषद संघ, झारखण्ड के अध्यक्ष जॉयस बेसरा के नेतृत्व प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में कोडरमा जिप अध्यक्ष रामधन यादव,उमेश प्रसाद मेहता,शारदा सिंह,देवनारायण यादव शामिल थे। कोडरमा जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से कोडरमा जिले में लंबित योजनाओ और विकास योजनाओं को लेकर वार्ता हुई। साथ ही जिला परिषद के जनकल्याणकारी योजनाओ में विभागीय स्तर से आ रही तकनीकी समस्याओ को दूर करने की मांग की गई। सीएम ने मांगो पर गंभीरता से समस्या का समाधान कराने का आश्वाशन दिया है। वहीं उन्होंने बताया कि प्रदेश जिला परिषद अध्यक्ष संघ ने सीएम से डीआरडीए कर्मियों के जिला परिषद में समायोजन का फार्मूला न्यायसंगत नही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निकाले गए संकल्प में कई विसंगती है।जिसमें सरकार के स्तर से प्रावधान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डीआरडीए कर्मियों को दूसरे राज्यों में जिला परिषद में विलय हुआ है और राज्य सरकार कर्मी के रूप में समायोजन किया गया। लेकिन झारखण्ड में नजरअंदाज किया गया है। प्रदेश जिला परिषद संघ ने सीएम से मिलकर केंद्र प्रायोजित डीआरडीए प्रशासन योजना बंद होने के उपरांत ग्रामीण विकास विभाग के संकल्प पत्र 11/01/2021/2078 में झारखण्ड पंचायती राज्य अधिनियम की धारा 77(ख) का पूर्ण रूप से अनुपालन नही करने और विसंगतियों को अविलंब दूर करने की मांग की गई है। सीएम ने संघ के आवेदन पर शीघ्र ही सकारात्मक पहल करने की बात कही है।

# बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता मरकच्चो** प्रखंड परिसर में बकरीद को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक कि गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने किया। वहीं संचालन मरकच्चो थाना एस आई विशाल सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग शामिल हुए । इस दौरान प्रखंड प्रमुख ने लोगों से बकरीद को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा की थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगह पर बकरीद को लेकर पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। पूरे क्षेत्र में पुलिस गस्ती भी जारी रहेगा। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी।ऐसे में कहीं भी कोई अफवाह फैले तो इसकी सूचना तुरंत प्रशान को दें । वहीं इस दौरान पूरे प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा , वहीं 20सूत्री अध्यक्ष ने बैठक को सम्बोधित करते हुवे कहा की मरकच्चो में कोई भी त्यौहार जब आती है तो यहां के महिला पुरुषों को मरकच्चो के तुरिया मुहल्ले में रोड पर हो रहे पानी जमाव को लेकर काफी परेशानी होती है। जिसके लिए ब्यवस्था बनाकर पानी के जमाव को रोकने का कार्य जरूरी है। ताकि लोगों को कमसे कम त्यौहार को लोग सही से मना सकें। मौकेपर सियाई दिनेश राम, 20 सूत्री अध्यक्ष रवि कुमार सिंह , पंसस दीपक राम , धानेश्वर यादव , राजद नेता शरफराज नवाज खान , मुखिया सुनील यादव समेत कई जनप्रतिनिधि व गण्यमान्य उपस्थित थे।

# बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति बैठक आज 4 बजे शाम को

**बड़कागांव** -बड़कागांव में बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की विशेष बैठक आज रविवार को बड़कागांव थाना परिसर में आयोजित किया जाएगा। उक्त आशय जानकारी थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने दी है । उन्होंने सभी समुदाय तथा सभी पंचायत के प्रबुद्ध नागरिक जनप्रतिनिधि को रविवार शाम 4-00 बजे बैठक में शामिल होने की अपील की है।

# बालू माफिया पर्यावरण से खिलवाड़ कर नदियों से कर रहे बालू उत्खनन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

मरकच्चो प्रखंड में भी अन्य प्रखंडों के जैसा मानसून अवधि में नदियों से बालू उठाव पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने रोक लगा रखी है। जिसे लेकर जिला प्रशासन ने भी प्रखंड प्रशासन को नदी से बालू उठाव करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर दिशा निर्देश जारी कररखा है। इसके बावजूद प्रखंड के नदियों से बालू का अवैध उठाव जारी है। बालू माफिया पर्यावरण से खिलवाड़ करते हुए नदियों का सीना छलनी कर मालामाल हो रहे हैं। जहां गर्मी की मार से प्रखंड की अधिकांश नदियां सूख चुकी हैं। नदियों में पानी की पतली धार बह रही है, पर नदियों में रेत के अवैध खनन का सिलसिला नहीं थमरहि है। बालू तस्कर अब और तेजी से नदियों से बालू निकालने में लगे हुवे हैं। और प्रशासन की नाक नीचे खुलेआम बालू की कालाबाजारी हो रही है. ट्रैक्टरों से खुलेआम बालू ढोया जा रहा है. इसके बावजूद न तो प्रशासन इसे रोकने में कामयाब हो रहा है न ही खनन विभाग कोई







कार्रवाई कर रहा है. प्रखंड के करीब बराकर नदी और चोपनाडीह , बांसडीह समेत केशो नदी व अन्य नदी के बालू घाटों से बालू उठाव का खुलेयाम खेल जारी है. बता दें की तीन बजे सुबह से हीं बालू घाटों पर जाकर बालू ट्रेक्टरों मे लोड कर बिभिन्न रास्ते से होकर बालू लेजाया जाता है। ज्ञात हो की एनजीटी ने झारखंड में 10 जून से 15 अक्तूबर तक नदियों से बालू के उठाव पर रोक लगा रखी है। नदियों का इको सिस्टम बनाये रखने के लिए मॉनसून के दौरान हर साल इस अवधि तक बालू के उठाव पर रोक रहती है। यह रोक देश के अन्य राज्यों में भी है। और कुछ राज्य इसका पालन भी कर रहे हैं, लेकिन मरकच्चो प्रखंड में इस आदेश को ताक पर रखकर बालू उठाव जारी है। वही यह स्थिति को देखते हुए आनन फानन में शनिवार को मरकच्चो अंचलाधिकारी परमेश्वर प्रसाद बर्मा ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से अवैध बालू लोड कर जारहे चार ट्रक्टरों को अहले सुबह मरकच्चो नहर के किनारे से पकड़कर सुरक्षार्थ हेतु मरकच्चो थाना पर लाकर खड़ाकर अंचलाधिकारी ने बताया की अग्रेतर कार्रवाई हेतु इसकी सूचना कोडरमा खनन विभाग को दे दिया गया है।

# जिला परिषद का 2 वर्ष पूरा होने पर जिला परिषद अध्यक्ष एवं डीडीसी ने गिनाया अपनी उपलब्धि












**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** वर्तमान जिला परिषद के कार्यकाल का 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर माननीय अध्यक्ष, जिला परिषद रामधन यादव द्वारा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेन्स आहुत किया गया। उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा 15वें वित् मद अंतर्गत आबद्ध और अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इनके अलावा अन्य योजनाएं परिसंपत्ति निर्माण/मरम्मती करण के अंतर्गत हाट बाजार, सचिवालय की मरम्मती के साथ चारदीवारी का निर्माण, 15वें के अंतर्गत स्वास्थ्य मद में चलायी जा रही योजनाएं, स्व आय के लिए किये जा रहे कार्यो, पंचायत ज्ञान केंद्र मद के तहत चलाये जा रहे योजनाएं की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही आने वाली अन्य कुछ नई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत नये पंचायत भवन का निर्माण, नये स्वास्थ्य उप केंद्र का निर्माण, सिंचाई के लिए रोबोटिक सोलर संचालित पंप योजना, प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट अधिष्ठान योजना, जिला परिषद् के पुराने डाक बंगला के भुमि पर तिलैया मार्केट कांप्लेक्स निर्माण, जिला परिषद् के नये भवन का निर्माण, चंदवारा एवं मरकच्चो प्रखंड में समारोह भवन का निर्माण, जयनगर प्रखंड में विद्युत भाव-दाह गृह का निर्माण, नवलशाली एवं बगडो में मार्केट कांप्लेक्स का निर्माण और बिल्डिंग प्लान अप्रूवल के तहत जिला परिषद के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 5 हजार वर्ग फीट एवं अधिक के आरसीसी छत वाले पक्के मकानों के नक्शे की स्वीकृति जिला परिषद् के द्वारा दी गई। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जिला परिषद के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत योजनाओं को लेते हुए विकास कार्य किये जायेंगे। मौके पर सभी जिला परिषद् सदस्य व विभिन्न मीडिया संस्थानों से पत्रकारगण मौजूद रहे।

# मारवाड़ी युवा मंच ने नवनिर्वाचित सांसद को दिया बधाई

**हजारीबाग** - हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल के झंडा चौक स्थित सेवा कार्यालय सभागार में शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों ने मनीष जायसवाल से शिष्टाचार मुलाकात की, इस दौरान सांसद निर्वाचित होने पर उन्हें फूलों का गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर बधाई दिया गया साथ ही मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा अपने सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया,साथ ही 17 जून को मुनका बगीचा के प्रांगण में आयोजित रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सी.ए



विनीत अग्रवाल ने कहा की शुक्रवार को नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई, साथ ही 17 तारीख को आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है साथ ही कहा कि रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को पर्यावरण दृष्टिकोण से पौधा उपहार स्वरूप भेंट किया जाएगा। मौके पर -अध्यक्ष सी.ए विनीत अग्रवाल, सचिव पीयूष खंडेलवाल, उपाध्यक्ष दीपक खंडेलवाल उर्फ मोनू,सौरभ गोयल,चिंटू अग्रवाल,अभिषेक अग्रवाल उर्फ सोनू,रितेश खण्डेलवाल,अभिषेक अग्रवाल उर्फ चीकू सहित कई लोग मौजूद थे।

# रक्तदान, महादान इससे बचाया जा सकता है अमूल्य जीवनः- अभिषेक आनंद

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी तिलैया।** विश्व रक्तदान दिवस को ले कर झुमरी तिलैया के महाराणा प्रताप चौक के समीप दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र मुख्य मंत्री सारथी योजना के अंतर्गत महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड सभागार में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा, लायंस क्लब, रेड क्रॉस सोसायटी, श्री हनुमान संकीर्तन मंडल एवं दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र मुख्य मंत्री सारथी योजना के अंतर्गत महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कौशल केंद्र के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। मौके पर अतिथि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद मौजूद थें, इस अवसर पर उन्होंने कहा की रक्तदान महादान है,






इससे बचाया जा सकता है अमूल्य जीवन। रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणा का श्रोत है। रेड क्रॉस के चेयरमैन अजीत बर्नवाल ने कहा की रक्तदान महादान है, रक्तदान के माध्यम से हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। मारवाड़ी युवा मंच की मंडल 1 की सहायक मंत्री श्रेया केडिया ने कहा की रक्तदान शिविर का आयोजन का कार्य पुनीत कार्य है। वहीं प्रेरणा शाखा की सचिव शीतल पोद्दार, लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ सागरमाणी सेठ, श्री हनुमान संकिर्तन मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संस्थापक पदाधिकारी डॉ राम सागर सिंह ने कहा की रक्तदान करने से प्राप्त होने वाले रक्त को जरूरतमंद व्यक्ति को प्रदान कर उनके जीवन को बचा कर नई जिंदगी रूपी तोहफा दिया जाता है। कार्यक्रम का मंच संचालन नेहा कुमारी और लायंस क्लब के रीजनल चेयरपर्सन सुजीत अंबष्ठा ने संयुक्त रूप से किया, मौके पर दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र मुख्य मंत्री सारथी योजना के अंतर्गत महिंद्रा स्किल ट्रेनिंग एवं डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के जिला कौशल समन्वयक पिंटू कुमार, अधिकारी अजीत कुमार, शाखा प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव, आलोक दुबे, उमाकांत पांडेय, अमितेश दुबे, राहुल कुमार, नवीन पाण्डे, मानी कुमारी, अनीता कुमारी, पूजा कुमारी, अनीशा कुमारी, नेहा यादव, पंचम राय, दामोदर प्रसाद, रंजीत कुमार, विपुल सिंह आदि मौजूद थें। कार्यक्रम के दौरान पहली बार रक्तदान देने वाले छात्र, छात्राओं के अलावा जिले में अधिक रक्तदान करने वाले रितेश माधव (78 बार), अंकित गुप्ता (49 बार), रितेश लोहनी (31 बार), विशाल सिंह (25 बार) के ने अतिथियों को पौधा दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर रितेश माधव और विशाल सिंह ने कहा की दो थैलेसीमिया मरीज बच्चों गायत्री कुमारी और श्रृष्टि कुमारी, को दिखा कर यह अपील की, की हर माह इन्हें 1-1 यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है, ऐसे में आप युवा शक्ति जो राष्ट्रीय शक्ति के रूप में जाने जाते हैं ऐसे में यह शपथ लें की थैलेसीमिया मुक्त भारत के लिए आप पहल करें तो इन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अजीत बर्नवाल, कोषाध्यक्ष मुन्ना सुल्तानिया, दिनेश कुशवाहा, ब्लड बैंक से डॉ. सुभाष मित्रा ,डॉ. सुजीत राज, डॉ. रचना गुप्ता, तकनीशियन जफर इकबाल, सूरज कुमार, अनिल कुमार, अनीश कुमार, प्रेरणा शाखा की उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, सचिव शीतल पोद्दार, कोषाध्यक्ष नेहा बजाज, पूर्व अध्यक्ष प्रीति केडिया, काजल गुप्ता, दीपा गुप्ता, प्रिया अग्रवाल उपस्थित थें।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कोडरमा जिले के माइका माइंस क्षेत्र की अंडर-14 आयु वर्ग की बालिकाओं ने जीता ख़िताब

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी तिलैया** -- टीडीएच फाउंडेशन के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कोडरमा जिले के माइका माइंस क्षेत्र की अंडर-14 आयु वर्ग की बालिकाओं ने ख़िताब जीता वही अंडर-18 आयु वर्ग के किशोरिया उप विजेता रही। खिलाडियों के लौटने





पर ग्रामीणों एवं पंचायत जन प्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। जीत की खुशी में बंगाखलार के ग्रामीणों ने जुलुस निकाला एवं डीजे पर लोगों ने खूब जश्न मनाया। ग्रामीण इलाकों से पहली बार राज्य स्तरीय कबड्डी खेलने आये किशोरियों के प्रयासों को झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी एवं टीडीएच के प्रमुख आनिन्दित रॉय चौधरी ने खूब सराहा एवं उन्होंने विजेता एवं उप विजेता टीम को मैडल एवं प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया। स्थानीय मुखिया शिवशंकर राय ने कहा कि समर्पण संस्था के प्रयास से आज हमारे गांव की बच्चियां राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा और पहचान बिखेर रही है। वे जागरूक हो रही हैं एवं अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रही है। उन्होंने समर्पण के प्रयासों की सराहना की है। वहीं पूर्व पंचायत समिति सदस्य मनोज दास ने कहा कि कबड्डी टीम की कोच सोनाली कुमारी पर हमें गर्व है। उन्ही के अथक प्रयास से कोडरमा जिला की बालिका कबड्डी टीम को जीत प्राप्त हुई है।समर्पण संस्था के सचिव इन्द्रमणि साहू ने कहा कि संस्था का यह प्रयास जारी रहेगा।


# अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, कोडरमा पुलिस ने चार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा थाना काण्ड संख्या-122/2024, दिनांक - 11.06.2024 धारा-379 भा0द0वि0 के सभी अभियुक्तों वर्तमान में बिहार राज्य के वैशाली जिला में गाड़ी लेकर गए है। जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा उक्त दल को छापामारी हेतु वैशाली जिला बिहार के लिए रवाना किया गया। जहां छापामारी दल द्वारा छापामारी के क्रम में वैशाली जिला के महूआ थानान्तर्गत इस काण्ड के सभी अभियुक्तों को इस काण्ड में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनके निशानदेही के आधार पर बिहार राज्य के मुजफ?फरपुर जिला के मिठनपुरा थाना अन्तर्गत एक गैरेज से काण्ड में चोरी किये गये स्कोर्पियों का कुछ पार्टस पूर्जा बरामद किया गया। इस प्रकार कोडरमा पुलिस द्वारा एक पेशेवर अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया गया। इस संबंध में विधि-सम्मत आवश्यक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त में 1. रमेश कुमार, उम्र-करीब 32 वर्ष,









पिता स्व0 पल्लू राय, वार्ड नम्बर-07, महुआ, थाना-महुआ, जिला-वैशाली (बिहार), 2. ओम प्रकाश पासवान, उम्र करीब 34 वर्ष, पिता राजेन्द्र पासवान, छतवारा कपुर, थाना-महुआ, जिला-वैशाली (बिहार), 3. अविनाश कुमार, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता-हरिचन्द्र राय,महुआ सिंगराय, थाना-महुआ, जिला-वैशाली (बिहार), 4. विकाश कुमार, उम्र करीब 33 वर्ष, पिता राजेन्द्र दास,भागवतपुर तरौरा, थाना-महुआ, जिला-वैशाली (बिहार) है। जप्त समाग्री में 1. काण्ड में उपयोग किया गया सफेद रंग का स्वीफ्ट कार जिसपर रजिस्ट्रेशन नम्बर -क्रम्ह4य 9010, अंकित है। II. सफेद रंग का स्कार्पियों (53 मॉडल) रजिस्टेशन संख्या क्रम्0९क्र 4405, जिसके चारों चक्का में इस काण्ड में चोरी किये गए स्कार्पियों का एम0आर0एफ0 कम्पनी का टायर लगा हुआ था जिसके आगे के दोनों टायर का सिरिएल नम्बर-2122 तथा पीछे के दोनों टायर का सिरिएल नम्बर-2323 है, जो इस काण्ड में चोरी किये गये स्कार्पियों के टायर का सिरिएल नम्बर है। III. जप्त किये गये स्कार्पियों (स्3 मॉडल) रजिस्टेशन संख्या-क्रम्ह9क्र4405 के डिक्की से चोरी किये गये स्कार्पियों जिसका रजिस्ट्रशन संख्या- छ्॥12रु 9248 का पार्ट पूर्जा बरामद हुआ। बरामद पार्ट पूर्जा की विवरणी, 1. चारों चक्का का व्हील कैप 2. काले रंग का स्टेयरिंग कभर 3. रियर बम्प्र सफेद रंग का 4. जैक एवं रड 5. काले रंग का फ्रंट ग्रिल अपर कभर, 6. सफेद रंग का जालीनूमा फंट लोवर कभर, 7. उजला रंग का रूफ स्पॉयलर 8. सफेद रंग का रूफ हैण्डल 9. चोरी हुए स्कार्पियों का जीपीएस सिस्टम। छापेमारी दल में शामिल अधिकारीङ्क पु0नि0 सुजीत कुमार, थाना प्रभारी, कोडरमा, पु0अ0नि0 शशिभूषण कुमार, कोडरमा थाना, तकनिकी शाखा के कर्मी एवं थाना के सशस्त्र बल।

## 43 साल पहले हुई हत्या में 71 वर्षीय बुजुर्ग बेगुनाह साबित, तीन सह अभियुक्तों को हो चुकी है मौत

**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 43 साल पहले हुई हत्या में आजीवन कारावास की सजा पाए 71 वर्षीय बुजुर्ग को बेगुनाह करार दिया है। जबकि तीन सह अभियुक्तों की अपील के दौरान मौत हो चुकी है। यह फैसला न्यायमूर्ति सिद्धार्थ व न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की पीठ ने खलील व अन्य की ओर से सजा को चुनौती देने वाली अपील स्वीकार करते हुए सुनाया।

मामला गाजीपुर जिले के थाना जमनिया का है। वर्ष 1981 में शहाबुद्दीन और हत्यारोपियों के बीच रुपयों को लेकर विवाद हुआ था। इसी झगड़े में शहाबुद्दीन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शहाबुद्दीन के पिता हाकिमुद्दीन ने हत्या का आरोप लगाते हुए खलील समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसपर ट्रायल कोर्ट ने चारों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ दोषियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

अपील पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अभियोजन के गवाहों में विरोधाभास पाया था। साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभियोजन की कहानी को समर्थन नहीं कर रही थी। गोली मारने का आरोप तीन लोगों पर लगाया गया है जबकि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के मुताबिक केवल एक चोट आई है। कोर्ट ने आरोपी मोफीद को आजीवन कारावास से बरी कर दिया है। जबकि खलील, जहीर और जैनुद्दीन की अपील के दौरान मौत हो चुकी है।

## फर्नीचर शोरूम में लगी भीषण आग से लाखों का नुकसान, दमकल की 10 गाड़ियों ने ढ़ाई घंटे में काबू पाया

**लखनऊ , एजेंसी।** लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास शनिवार सुबह फर्नीचर शोरूम में आग लग गई। हादसे के कारण वहां हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल ने 10 गाड़ियों से ढाई घंटे में आग पर काबू पा लिया।

लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास संदीप जायसवाल का प्लास्टिक ट्रेडर्स नामक फर्नीचर शोरूम है। शनिवार सुबह 10 बजे अचानक उनके शोरूम में आग लग गई। दुकान से उठती आग की ऊंची ऊंची लपटों और धुएं के गुबार को देख संदीप व आसपास के लोग घबरा गए।

लोगों ने घटना की सूचना दमकल को दी। दुकानदार भी आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। मगर आग और भड़कती चली गई। घटनास्थल पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने 10 गाड़ियों से ढाई घंटे में आग पर काबू पाया। संदीप के मुताबिक हादसे के कारण उनका पांच लाख का नुकसान हो गया। एफएसओ इंदिरा नगर शत्रुघ्न के मुताबिक शोरूम में आग संभवत~ शॉर्ट सर्किट से लगी है। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## बद्रीनाथ, केदारनाथ की यात्रा करवाएगा आइआरसीटीसी, हेलीकॉप्टर से केदारनाथ जाने की दी जाएगी सुविधा

**प्रयागराज , एजेंसी।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन अब बद्रीनाथ, केदारनाथ की यात्रा भी करवाई जाएगी। आईआरसीटीसी की यह यात्रा 20 जून से शुरू होकर 02 जुलाई तक चलेगी। आईआरसीटीसी के इस पैकेज में यात्रियों को हेलीकॉप्टर की भी सुविधा दी जाएगी। इस पैकेज में ऋषिकेश, रुद्र प्रयाग, गुप्तकाशी, केदारनाथ (कन्फर्म हेली टिकट के साथ), जोशीमठ, बद्रीनाथ की यात्रा करवाई जाएगी। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत सिन्हा ने बताया कि इस यात्रा में दो तरह का किराया तय किया गया है। इसमें स्टैंडर्ड किराया 58,946 रुपये व डीलक्स किराया 62,353 रुपये है। इयात्रियों को भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के जरिए ग्वालियर व आगरा स्टेशन पर चढ़ने-उतरने की सुविधा मिलेगी। जबकि स्थानीय यात्रा बस के जरिए होगी। यात्रियों को छह रात का प्रवास ऋषिकेश, रुद्र प्रयाग और जोशीमठ में दिया जाएगा।

## दो माह परीक्षा नहीं दे पाएंगे रेडियोलॉजी के 52 छात्र, अनुशासनहीनता के मामले में कार्रवाई

**प्रयागराज , एजेंसी।** मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में परीक्षा के दौरान तीन छात्रों के पास मोबाइल फोन मिलने के बाद हंगामे में लिप्त रेडियोलॉजी के 52 विद्यार्थी दो माह परीक्षा नहीं दे पाएंगे। जांच कमेटी ने यूपी स्टेट मेडिकल काउंसिल को अपनी रिपोर्ट भेज दी है। न्यूरो विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिलीप चौरसिया के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने शुक्रवार को छात्रों का बयान लेने के साथ परीक्षा के दौरान हंगामे की सीसीटीवी फुटेज चेक की। इस दौरान 52 छात्र अनुशासनहीनता में लिप्त पाए गए। जांच टीम ने कहा कि कॉलेज में अनुशासनहीनता किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# भीषण गर्मी का प्रकोप जारी... तीन दिन सताएंगे गर्म हवा के थपेड़े

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में भीषण गर्मी से तप रहे शहरवासियों को फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक लू चलने का अनुमान जताया है। सूरज की तपिश भी जारी रहेगी। हालांकि 17 जून से राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ अतुल कुमार के मुताबिक शुष्क और गर्म पछुआ हवा के चलते तीव्र सौर विकिरण के चलते भीषण गर्मी का सामना लोग कर रहे हैं। बरेली में लू का प्रकोप तीन दिन और हावी रहेगा। शुक्रवार शाम छह बजे के बाद तेज हवा चली। बादल घिरे पर बारिश के अनुकूल माहौल नहीं बन सका। हालांकि, हवा के चलते मंडरा रहे बादल भी आगे खिसक गए। अब तीन दिन तेज धूप होगी। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री और न्यूनतम 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हवा में नमी 22 फीसदी रही।

**तपिश से शहरवासी बेहाल:** बरेली में चार साल बाद इस बार जून में हर दिन गर्म हवा के थपेड़े बेहाल कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार वर्ष 2019 में भी 15 जून तक पारा 38 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ था। वहीं, हवा में नमी का स्तर भी 18 से 24 फीसदी के बीच रहा था। कमोवेश यही स्थिति इस वर्ष है।

अतुल कुमार के मुताबिक वर्ष 2019 में जून में भीषण गर्मी का सामना लोगों ने किया था। तत्कालीन परिस्थितियों का असर इस वर्ष भी नजर आ रहा है। वर्ष 2020, 2021 में कोरोना हावी रहा था। लॉकडाउन के चलते प्रदूषण का ग्राफ घटा और जून में गर्मी के बजाय बारिश के चलते राहत की स्थिति रही। वर्ष 2022 और 2023 में पारा तपा पर 43 डिग्री के पार नहीं पहुंचा। इस साल गर्म पछुआ हवा का प्रवेश होने के साथ ही हवा में नमी का स्तर बेहद कम होने के चलते हवा के गर्म थपेड़े लोग सह रहे हैं।

## हाथरस सांसद बने अनूप प्रधान का विधायकी से इस्तीफा, खाली हुई खैर विधानसभा सीट पर सियासत तेज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** खैर विधानसभा से विधायक एवं प्रदेश में राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान ने सांसद निर्वाचित होने के बाद विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को भेजा है। अब अध्यक्ष स्तर से उसे स्वीकार कर विधानसभा सीट रिक्त होने संबंधी नोटीफिकेशन जारी किया जाएगा। इधर, इस सीट को लेकर लोकसभा चुनाव से निपटे सियासी दलों में सियासत तेज हो गई है। सभी दलों में दावेदारों की दौड़ और दलों के स्तर से उनका फीडबैक लिया जाना शुरू कर दिया गया है।

खैर क्षेत्र के पिसावा के गांव रूप नगर के मूल निवासी अनूप प्रधान टप्पल के यमुना एक्सप्रेस वे से जुड़े आंदोलन से सुर्खियों में आए। उन्होंने 2012 में भाजपा से टिकट पाया। मगर रालोद से चुनाव हार गए। पहली बार वे 2017 में भाजपा के बैनर तले मोदी लहर में विधायक निर्वाचित हुए। इसके बाद लगातार तीसरी बार उन्हें 2022 में टिकट मिला और वह दूसरी बार निर्वाचित हुए। प्रदेश सरकार में राजस्व राज्य मंत्री भी बने। दूसरी बार विधायक निर्वाचित होने के बाद से ही उनके हाथरस सुरक्षित संसदीय सीट से लोकसभा प्रत्याशी बनने की चर्चाएं शुरू हो गईं। पार्टी ने भी उन पर भरोसा जताया और उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में हाथरस से प्रत्याशी बनाया। वे 4 जून को हाथरस सांसद निर्वाचित हो गए। इस तरह कुल दो बार निर्वाचित होकर वे सात वर्ष चार माह तक विधायक रहे। इसके बाद सांसद निर्वाचित हो गए। सांसद निर्वाचित होने के दसवें दिन यानी 14 जून को उन्होंने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को भेज दिया है। अब नियम के अनुसार अध्यक्ष स्तर से इस्तीफा स्वीकार किया जाएगा। इसके साथ ही मंत्री पद भी स्वत~ ही हट जाएगा। इस्तीफा स्वीकार होने के साथ ही खैर सीट रिक्त होने का नोटिफिकेशन जारी होगा।

### भाजपा-सपा में दावेदारों की दौड़

कहने को विधानसभा चुनाव में पिछले दो बार से यह सीट भाजपा के कब्जे में है। जाट बाहुल्य सीट पर भाजपा-रालोद के साथ होने के चलते मजबूत माना गया। मगर लोकसभा चुनाव में इस विधानसभा सीट पर भाजपा को 1400 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद से सपा इस सीट पर उत्साहित है। इसी कारण दोनों दलों में दावेदारों की दौड़ शुरू हो गई। जल्द दावेदारों में से चयन की प्रक्रिया भी होगी।

## तीन हजार रुपये ले लिए, 17 हजार और मांगने पर फंसा दरोगा, सीओ ने की जांच, हो सकती है कार्रवाई

**अलीगढ़, एजेंसी।** साधु आश्रम हलका क्षेत्र के गांव चौगानपुर में झगड़े की थाने में शिकायत करने के बाद समझौता करने वालों से दरोगा ने रिश्वत मांगी। तीन हजार रुपये ले लिए। 17 हजार रुपये और मांग रहा था। मामले का वीडियो वायरल हो गया। इस पर एसएसपी ने सीओ अतरौली से जांच कराई। पुलिस सूत्रों के अनुसार सीओ की जांच रिपोर्ट पर दरोगा पर कार्रवाई हो सकती है।



गांव चौगानपुर निवासी संजय चौहान के अनुसार करीब 15 दिन पहले गांव में दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। एक पक्ष ने दूसरे के बेटे पर छेड़खानी करने का आरोप लगाकर हलका इंचार्ज ताहिर हुसैन को तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच गांव के संभ्रांत लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया। आरोप है कि दरोगा ने समझौते की कॉपी लेने के लिए 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी।

दो जून की दोपहर करीब दो बजे दरोगा ताहिर अहमद तालानगरी स्थित उनकी फैक्टरी में आए। वहां पर दोनों पक्ष के लोग थे। काफी मिन्नतों के बाद तीन हजार रुपये लेने के बाद ही समझौते की कॉपी ली। संजय चौहान के अनुसार अब दरोगा उन पर 17 हजार रुपये और दिलवाने अथवा अपने पास से देने का दबाव बना रहे हैं। इस मामले का एक वीडियो वायरल हो गया। एसएसपी संजीव सुमन ने इसका संज्ञान लेकर सीओ अतरौली को जांच दी।

## अपनों के सताए बुजुर्ग, गैरों के बीच ढूंढ रहे खुशी...हर कहानी में बेइंतहा दर्द



**आगरा , एजेंसी।** अपनों के सताए, बच्चों के दुर्व्यवहार के कारण घर से निकाले गए सैंकड़ों बुजुर्ग वृद्धाश्रम में रहकर गैरों के बीच में अपनी खुशी ढूंढते हैं। सुबह-शाम बुजर्गों की आंखों में झड़ते आंसू अपनों के दिए कष्ट को याद दिलाते हैं। आश्रमों में रहने वाले हर बुजुर्ग की अंतिम इच्छा है कि उनके आखिरी समय में अब भी अपनों के प्यार से दो मीठे बोल सुनने को मिल जाएं। यह उनके लिए वह बोल अमृत के समान होंगे।

15 जून को पूरे विश्व में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस मनाया जाता है। लोगों को जागरूक किया जाता है कि बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार न किया जाए। लेकिन आश्रम में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के इस बात का सबूत है कि अपने ही बुजुर्ग माता-पिता के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। शहर में कई वृद्ध आश्रम खुल चुके हैं। शहर के समाजसेवी बुजुर्गों की सेवा करने के लिए तत्पर दिख रहे हैं, तो वहीं उनके खुद के बच्चे उनको रखने तक को भी राजी नहीं। सिकंदरा स्थित रामलाल वृद्ध आश्रम के अध्यक्ष शिवप्रसाद शर्मा बताते हैं कि उनके सबसे पुराने आवास विकास सेक्टर 10 वृद्धाश्रम में 30 बुजुर्ग, सिकंदरा वाले में 356 व नोएडा के आश्रम में 50 बुजुर्ग रह रहे हैं। अब तो हर दिन आश्रम में 1 या 2 बुजुर्ग रहने के लिए पहुंच रहे हैं।

**दौलत के बावजूद सुख नहीं:** 95 वर्षीय विद्या देवी अग्रवाल बताती हैं कि मेरे दो बेटे हैं उन दोनों की ही दो फैक्टरी है। धन-दौलत सभी चीज से संपन्न होने के बावजूद भी मैं पिछले दो साल से वृद्ध आश्रम में रह रही हूं। बेटे आज तक पूछने तक भी नहीं आए।

**प्रताड़ना से मन दुखी:** 77 वर्षीय राजारानी गोयल ने कहा कि पिछले 10 साल से आश्रम में रह रही हूं। दो बेटे हैं आज तक किसी ने हमारे बारे में पूछा तक भी नहीं। अब आश्रम के लोगों को ही मैं अपना परिवार मानती हूं। पर, बच्चों के द्वारा दी गई प्रताड़ना को याद कर आज भी मन दुखी हो जाता है।

**मारपीट कर घर से निकाला:** 102 वर्षीय कृपाल सिंह ने बताया कि बच्चों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। 102 वर्ष का हूं डेढ़ साल से आश्रम में रह रहा हूं। जिन बच्चों को पाला उन्होंने ही मारपीट कर घर से निकाल दिया।

## हत्या के बाद युवक के शव को सड़क पर रखकर किया चक्काजाम, आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने पर अड़े

**प्रयागराज , एजेंसी।** बारा थाना क्षेत्र के भेलाव में शुक्रवार की सुबह युवक की हत्या गोली मारकर की गई थी। शनिवार की सुबह परिजन और ग्रामीणों ने कई मांगों को लेकर लोहगरा गांव के सामने बांदा राजमार्ग पर लाश रखकर चक्का जाम कर दिया था। जाम की सूचना पर पुलिस पहुंची अक्रोशित लोगो को समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नही बनी।कुछ समय बाद डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडे, एसडीएम बारा दिग्विजय सिंह पहुंचकर परिजनों से वार्ता किया।

मांगों को लिखित में प्रशासन ने परिजनों को दिया तब जाकर लगभग एक घंटे बाद धरना खत्म हुआ। मांग पत्र में बच्चों और पत्नी को आर्थिक मदद, परिवार को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस, राष्ट्रीय पारिवारिक सहायता, बच्चो के शिक्षा की समुचित व्यवस्था, आरोपियों के घर का त्वरित ध्वस्तीकरण, मृतक की महिला को विधवा पेंशन और फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी आदि मांगें शामिल रही।

बारा थाना क्षेत्र के भेलाव गांव में पुरानी रंजिश के कारण शुक्रवार सुबह मनीष मिश्रा (26) की पिता के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के वक्त मनीष खेत में जुताई कर रहा था। गांव के ही रहने वाले साकेत बिहारी पांडेय उर्फ राजेश, आकाश पांडेय, दीपक पांडेय और श्यामा कांत पांडेय ने वारदात को अंजाम दिया। बारा थाना पुलिस ने मृतक के पिता संतोष मिश्रा की तहरीर पर उक्त आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने एक आरोपी दीपक पांडेय को गिरफ्तार किया है। परिजन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं। भेलाव निवासी मनीष मिश्रा अपने पिता संतोष मिश्रा के साथ गांव के ही पास खेत में धान की नर्सरी डालने के लिए खेत की जुताई कर रहा था। इस दौरान मनीष ट्रैक्टर चला रहा था। तभी, साकेत बिहारी पांडेय समेत अन्य आरोपी राइफल व तमंचे से लैस होकर खेत पहुंचे। पिता-पुत्र को मारने की नियत से चारों तरफ से घेर लिया। अपने बचाव के लिए पिता-पुत्र ने भागने का प्रयास किया। लेकिन, इस बीच हमलावरों ने मनीष को तीन गोली मार दी थी। पहली गोली मनीष की हथेली पर लगी। दूसरी गोली पीठ पर मारी गई। जब वह जमीन पर गिर गया तो तीसरी गोली सिर में मार दी। परिवार के लोगों को आते देख हमलावर फरार हो गए।

**होली पर हुआ था विवाद:** परिजनों के मुताबिक, मनीष और राजेश पांडेय के बीच होली पर मामूली विवाद हुआ था। मृतक के पिता संतोष ने बताया कि राजेश शराब के नशे में विवाद के बाद मारपीट किया था। उसके बाद कोई विवाद नहीं हुआ।

## सवा दो करोड़ से हरा-भरा होगा ताज कॉरिडोर, आगरा किला से ताज तक का है प्लान

**आगरा , एजेंसी।** आगरा विकास प्राधिकरण की बैठक में अवस्थापना निधि से कराए जाने वाले कार्यों पर मुहर लगाई गई। खेरिया मोड़ के पास इंडोर स्टेडियम के लिए धनराशि मंजूर हुई। इसके अलावा मंटोला नाले से पूर्व दिशा में ताजमहल की ओर ताज कॉरिडोर को सवा दो करोड़ रुपये से विकसित करने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई।

मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने कहा कि जो भी कार्य अवस्थापना निधि से कराए जा रहे हैं, उनमें गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। खेरिया मोड़ के पास इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य के लिए आगरा स्मार्ट सिटी की ओर से डीपीआर फाइनल होने के बाद टेंडर जारी होगा। तभी पहली किस्त के रूप में धनराशि अवमुक्त होगी।



हाथरस रोड मंदिर से रामबाग पार्क तक, सहायक गलियों और अमित विहार कॉलोनी व उसकी सहायक गलियों में नाली एवं इंटरलॉकिंग के कार्य से संबंधित प्रस्ताव रखे गए। कालिंदी विहार 100 फुटा रोड से जलेसर रोड तक सड़क व नाली निर्माण, 43 लाख की लागत से बीएसयूपी नरायच भवनों तक सड़क निर्माण के कार्य प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

इस दौरान जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी, एडीए उपाध्यक्ष अनिता यादव, सचिव श्रद्धा शांडिल्य, पर्यटन विभाग से विशाल श्रीवास्तव, नगर निगम मुख्य अभियंता (निर्माण) बीएल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सड़क की मिट्टी खोदवाकर बेची, अब ठेकेदार बिछवा रहा इंटरलॉकिंग

### लोग बोले- विरोध पर दिखाता है दबंगई

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में बर्रा बाईपास के पास सड़क बनवा रहा ठेकेदार दबंगई दिखा रहा है। उसने सड़क की तीन फीट मिट्टी खोदकर बेच दी। अब उसी गहराई में इंटरलाकिंग टाइल्स बिछाना शुरू कर दिया। मोहल्ले के लोगों के विरोध करने में लड़ाई पर अमादा हो जाता है। लोगों ने विधायक महेश त्रिवेदी और नगर निगम में शिकायत की।

15 दिन पहले महापौर प्रमिला पांडेय ने निरीक्षण कर मलबा डालकर ऊंचाई पर सड़क निर्माण कराने का आदेश दिया, इसके बावजूद ठेकेदार पर कोई असर नहीं पड़ा। नगर निगम की तरफ से बर्रा बाईपास के पास पारस गार्डन से मीनाक्षी टायर तक करीब 20 लाख रुपये से सड़क बनवाई जा रही है।

ठेकेदार सुरजीत सचान ने पिछले महीने निर्माण कार्य शुरू करने से पहले वहां जेसीबी से करीब तीन फीट गहराई में मिट्टी खोदकर बेच दी। वहां रहने वाले डॉ. राजू पुरवार, विक्रम आदि ने बताया कि शुरुआत में ठेकेदार ने कहा कि मलबा डालकर समतलीकरण करते हुए सड़क बनाई जाएगी।

**सर्विसलेन के समानांतर सड़क बनाने के निर्देश:** शिकायत पर महापौर ने मौके पर पहुंचकर सर्विसलेन के समानांतर सड़क बनाने के निर्देश दिए थे। उसके बाद नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने जोन - 3 के अधिशासी अभियंता नानक चंद से कहा था कि खोदी गई सड़क को पहले मिट्टी से पाटा जाए, फिर गिट्टी डालकर निर्माण कराया जाए।

**डॉक्टर और ठेकेदार की हुई थी नोकझोंक:** इसके बावजूद ठेकेदार मनमानी कर निर्माण करा रहा है। तीन फीट गहराई में सड़क बना रहा है। इससे यहां बारिश में जलभराव होगा। नर्सिंगहोम तक एम्बुलेंस के आवागमन में भी दिक्कत होगी। शुक्रवार को डॉ. विक्रम पुरवार ने इसका विरोध किया, तो उनसे ठेकेदार की नोकझोंक हुई।



## सिटीज 2.0 योजना में अब संवरेंगे शहर के सभी 80 वार्ड, 140 करोड़ रुपये के बजट से होंगे कार्य

**बरेली , एजेंसी।** स्वच्छ सर्वेक्षण में इंदौर जैसे देश के साफ-सुथरे शहरों के साथ कदमताल के लिए अब बरेली शहर के 14 नहीं बल्कि सभी 80 वार्डों को संवारने की स्वीकृति मिल गई है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की सिटीज 2.0 योजना के तहत अब शहर को कचरा मुक्त किया जाएगा। शुक्रवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद इसकी जानकारी दी गई है। बैठक में नगर आयुक्त निधि गुप्ता समेत अपर नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि सिटीज 2.0 के लिए देश भर की 84 स्मार्ट सिटीज ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने-अपने प्रोजेक्ट को शामिल किया था। इसमें 18 स्मार्ट सिटी का चयन हुआ था।

इसी क्रम में आवासन व निर्माण मंत्रालय ने योजना में पूरे शहर को समाहित करने के निर्देश देकर फंड बढ़ाने की बात कही थी। इसके बाद शहर के सभी 80 वार्डों की योजना बनाकर मंत्रालय को भेजी गई और वहां से स्वीकृति मिल गई है। इसीलिए अब शहर के सभी 80 वार्डों में सिटीज 2.0 के तहत कार्य किए जाएंगे। परियोजना समन्वयक के तौर पर पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी को नियुक्त किया गया है।

**140 करोड़ रुपये का है बजट :** सिटीज 2.0 प्रोजेक्ट में चुने गए सभी 80 वार्डों को संवारने के लिए बजट 140 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। इस योजना में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से 40-40 फीसदी और अरबन लोकल बॉडीज की ओर से 20 प्रतिशत धनराशि खर्च की जाएगी। शुरुआत में प्रस्तावित राशि से ही काम होगा। अगले डेढ़ से दो माह में धरातल पर काम शुरू होने की संभावना है। हालांकि टेंडर आदि की प्रक्रिया जल्द शुरू करने की तैयारी है।

संपादकीय

# एनटीए की साख पर सवाल

एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए सवालों के घेरे में है। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा यानी नीट के नतीजों में भारी गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं। विपक्षी दल कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में इस मामले की जांच कराने की मांग की है। भारतीय चिकित्सकों के संगठन ने भी सीबाआइ से इसकी जांच की मांग उठाई है। मगर एनटीए का कहना है कि परीक्षा में कोई धांधली नहीं हुई है। केवल छह केंद्रों पर प्रश्नपत्र कुछ देर से बांटे जा सके थे। केवल सोलह सौ अभ्यर्थियों की शिकायत है, उसका समाधान किया जा रहा है। पंद्रह सौ विद्यार्थियों को कृपांक दिए गए थे, उनकी पुस्तिकाओं की जांच के लिए एक समिति गठित कर दी गई है। मगर एनटीए की इस दलील से नीट के नतीजों पर कितना भरोसा बन पाएगा, कहना मुश्किल है। आरोप है कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में धांधली हुई है। हर वर्ष तीन से चार विद्यार्थी ही पहले स्थान पर पहुंच पाते थे, इस बार सड़सठ विद्यार्थियों को पहला स्थान मिला है। छह विद्यार्थियों को बराबर-बराबर अंक मिले हैं। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर गड़बड़ी की शिकायत नई नहीं है, मगर यह एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षा में भी देखी जा रही है, तो निश्चित रूप से गंभीर चिंता का विषय है। एनटीए का गठन ही इस मकससद से किया गया था कि प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में होने वाली धांधली को रोका जा सकेगा। इस परीक्षा में चूंकि लाखों परीक्षार्थियों को कंप्यूटर के माध्यम से जोड़ा जाता और एक ही समय सबको पर्चे जारी किए जाते हैं, इसलिए उसमें पर्चे बाहर जाने की गुंजाइश नहीं रहती। इतना चाक-चौबंद होने के बावजूद अगर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं, तो इससे एनटीए की विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े होते हैं। एनटीए की तरफ से गठित समिति की जांच से शायद ही असलियत पता चल सकेगी। ऐसे गंभीर मामले को ढंकने-छिपाने की कोशिशों के बजाय निष्पक्ष जांच कराने का कोई भरोसेमंद रास्ता निकाला जाना चाहिए, ताकि लोगों को एजंसी की परीक्षा प्रणाली पर भरोसा कायम हो सके।

# फिर आतंकी हमला

जम्मू के कटरा में शिव खोरी गुफा मंदिर से माता वैष्णो देवी मंदिर तक तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर आतंकियों की गोलीबारी और उसके बाद हुई दुर्घटना जितनी दुखद है, उतनी ही चिंताजनक भी। दुखद इसलिए कि आमतौर पर तीर्थयात्रियों को निशाना नहीं बनाया जाता है और चिंता इसलिए कि जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग को भी अगर निशाना बनाया जा रहा है, तो यह एक बड़ी चुनौती है। दुर्घटना बहुत भयानक थी। एक बच्चे सहित कम से कम नौ तीर्थयात्री मौत की नींद सो गए। 30 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। क्या यह हमला करने का आतंकियों का नया तरीका है? क्या उन्होंने जान-बूझकर बस चालक पर गोलियां बरसाईं, ताकि बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरे? वैसे, सुरक्षा बलों को शक है कि आतंकियों का इरादा बस रोककर गोलियां बरसाने का था? रियासी की यह घटना अनेक सवाल खड़े करती है। इसके पीछे किसी गहरी साजिश का संकेत मिलता है और इस नई आतंकी साजिश के तमाम धागे खोलना सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मृतकों के परिजन व पीड़ित लोगों के लिए उचित ही मुआवजे की घोषणा की है और राहत के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। संवेदनाओं का तांता लगा हुआ है और आतंकियों की कायरता की निंदा की जा रही है। यह बात गौर करने की है कि यह हमला उसी दिन हुआ, जिस दिन केंद्रीय मंत्रिमंडल के लिए शपथ ग्रहण था। जाहिर है, यह आतंकी हमला सरकार को सीधी चुनौती है। इसका माकूल जवाब हमारी सुरक्षा एजेंसियों को देना चाहिए। सुरक्षा बलों ने बहुत मेहनत से वैष्णो देवी मार्ग को निष्कंटक बनाए रखा था, अब फिर उग आए कांटे उखाड़ने का वक्त आ गया है। कश्मीर और जम्मू के संवेदनशील रास्तों पर हर जगह पहरे बिठाना व्यावहारिक नहीं, पर ऐसे हमलों की हिमाकत को सड़क पर उतरने से पहले ही ठिकाने लगाना बेहतर है। क्या आतंकी हमले के बारे में कोई पूर्व सूचना थी? अगर पूर्व सूचना नहीं थी, तो यह और भी गंभीर बात है। क्या महत्वपूर्ण रास्तों पर पुलिस गश्त में कमी आई है? इस आतंकी हमले ने सोचने पर मजबूर कर दिया है। क्या कोई नया आतंकी गिरोह सक्रिय हुआ है? वैष्णो देवी के पूरे मार्ग पर यह स्थानीय लोगों की भी जिम्मेदारी है।

# माली और मालिक की बढ़ती दूरियों के चुनावी मायने

**(मनु जोसेफ, पत्रकार और उपन्यासकार)**

*आमतौर पर उन इंसानों के विचार पसंद नहीं करते, जिनसे वे नफरत करते हैं। यहां यह मत समझिए कि उनको ज्ञान पसंद नहीं, बल्कि वे इसलिए उसे नहीं मानते, क्योंकि ज्ञान बांटने वाला शख्स उन्हें पसंद नहीं। यह भी एक परिघटना है, जिसने भारत में दक्षिणपंथियों का साथ दिया था। मगर जब उच्च वर्ग के रूप में भाजपा को अपना ध्वजवाहक मिला, तब उसके मतदाता-आधार पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा।*

कुछ दिनों पहले अपनी कॉलोनी में मुझे झगड़े का शोर सुनाई पड़ा। यह बहसबाजी मेरे जैसे मकान में रहने वाले एक शख्स और उसके माली में हो रही थी। वह आदमी अलग से कुछ काम करवाना चाहता था, जिसके एवज में माली कुछ रुपये और मांग रहा था। मालिक प्रवासियों के 'लालच' व 'कामचोरी' की कथित मानसिकता पर बिफरा हुआ था। उसने कहा, 'संभल जाओ। देखा नहीं, केजरीवाल के साथ क्या हुआ है? बहुत चालाकी दिखा रहे थे, अपनी हद नहीं जानते थे।' दरअसल, कुछ घंटे पहले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। यह झगड़ा मुझे कुछ असामान्य लग रहा था, क्योंकि संभाव्यता के नियमों के मुताबिक, दोनों के भाजपा वोटर होने की संभावना अधिक थी। यह पूरा घटनाक्रम इस तथ्य का खुलासा भी कर रहा था कि आखिर क्यों इस बार भाजपा को 60 से अधिक सीटों का नुकसान हुआ है? दरअसल, एक समय था, जब वह मालिक और उसके खिदमतगार, दोनों समान चीजें किया करते थे, मसलन, कांग्रेस पार्टी को वोट देना और एक ही हिंदी फिल्म देखना। फिर ऐसा वक्त आया, जब उनके बच्चे भी समान स्कूलों में पढ़ने लगे। इसके बाद भारत बदला और अलग-अलग वर्ग के लोगों की राहें अलग-अलग हो गईं। मगर जैसे ही भाजपा सत्ता में आई, तमाम वर्गों के लोग फिर समान पार्टी और विचारधारा के लिए वोट करने लगे, लेकिन यह स्थिति लंबे समय तक स्थायी नहीं रहने वाली थी। असल में, राजनेताओं और कुछ रसूखदार लाभार्थियों के अलावा भाजपा का वोटर कौन है? पत्रकारिता, सिनेमा, कारोबार आदि क्षेत्रों का अमूमन उच्च मध्यम वर्ग। कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो उतने नामचीन नहीं, पर उसके हिमायती हैं। वे शहरी उच्च वर्गों से हैं, जो अपने यहां घरेलू सहायक, ड्राइवर, माली आदि रखते हैं। वे भाजपा के शुभंकर जैसे हैं, पर दुर्भाग्य से ये किसी भी पार्टी के सबसे खराब ध्वजवाहक माने जा सकते हैं।

राजनीतिक पर्यवेक्षक कह रहे हैं कि 'अहंकार' ने 'भाजपा' को नुकसान पहुंचाया है। मगर मैं इससे सहमत नहीं। वास्तव में, पिछले कुछ महीनों से भाजपा नेता अपनी घबराहट ही जाहिर कर रहे थे। असल में, जो लोग आत्ममुग्ध और मगरूर थे, वे उनके सहायक थे, ठीक उस शख्स जैसा, जो माली से झगड़ रहा था। लाखों आम मतदाताओं ने, जिन्होंने कभी भाजपा को वोट दिया था, इन्हीं लोगों का दंभ देखा। लोग आमतौर पर उन इंसानों के विचार पसंद नहीं करते, जिनसे वे नफरत करते हैं। यहां यह मत समझिए कि उनको ज्ञान पसंद नहीं, बल्कि वे इसलिए उसे नहीं मानते, क्योंकि ज्ञान बांटने वाला शख्स उन्हें पसंद नहीं। यह भी एक परिघटना है, जिसने भारत में दक्षिणपंथियों का साथ दिया था। मगर जब उच्च वर्ग के रूप में भाजपा को अपना ध्वजवाहक मिला, तब उसके मतदाता-आधार पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा। समीक्षकों की नजर में महंगाई ने लोकसभा के नतीजों को सबसे अधिक प्रभावित किया, फिर बेरोजगारी जैसे मुद्दे भी कारगर साबित हुए, लेकिन यह कल्पना करना कठिन है कि भाजपा के मतदाता यह सोचेंगे कि कोई दूसरी पार्टी उनको संपन्न बनाएगी। दरअसल, भारत के लाखों लोगों की नजर में भाजपा 'साहबों' और 'दबंगों' की पार्टी बन गई है। इसीलिए, जब भाजपा ने दागी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय का इस्तेमाल करना शुरू किया, तो इसे उच्च वर्ग की दबंगई के रूप में देखा गया। मैं पिछली भाजपा सरकार का इस मामले में मुरीद हूं कि उसे अपने दम पर बहुमत हासिल था। मुझे लगता था कि कोई है, जिसका देश पर नियंत्रण है, यहां तक कि इसके भविष्य पर भी। फिर, पहले किसी राजनेता का जेल जाना भी दुर्लभ था। शायद इसका कारण राजनीतिक शिष्टाचार था, क्योंकि राजनेता जानते थे कि एक दिन वे भी सत्ता में नहीं रहेंगे और सत्तारूढ़ दल ऐसा ही शिष्टाचार दिखाएंगे। मगर वह समय आया, जब लगा, भाजपा को सत्ता गंवाने का डर नहीं है। कई विरोधी नेता जेल भेजे गए। लिहाजा यह स्पष्ट है कि कमजोर होती भाजपा को अब अपने आर्थिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कहीं अधिक बैठकें करनी पड़ सकती हैं, अन्य विचारों के प्रति अधिक सहिष्णु नजरिया अपनाना पड़ सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# शहबाज की बीजिंग यात्रा में दिखी दोनों देशों की मजबूरी

वैसे तो हरेक पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के लिए चीन-यात्रा उसकी परंपरा का हिस्सा है, मगर शहबाज शरीफ की 8 जून को संपन्न हुई पांच दिवसीय चीन-यात्रा समय के लिहाज से काफी अहम है। शहबाज उस वक्त बीजिंग गए, जब देश में बजट पेश करने की तैयारी हो रही थी। अमूमन, ऐसे समय में प्रधानमंत्री की देश में मौजूदगी जरूरी होती है। मगर शहबाज शरीफ की यात्रा के लिए बजट को टाल दिया गया। यह वाकया पाकिस्तान की दयनीय आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। ऐसे में, सबसे बड़े देनदार देश की यात्रा जरूरी थी। बदले में चीन ने भी ताईवान, शिनजियांग, शिझांग, हांगकांग और दक्षिण चीन सागर पर पाकिस्तान से समर्थन वसूल किया! प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रतिनिधिमंडल में उनके मंत्रिमंडल के लगभग सभी वरिष्ठ मंत्री शामिल थे। दिलचस्प यह है कि सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर भी इसमें शामिल थे। वैसे, मुनीर का शामिल होना मुनासिब था, क्योंकि वह 'विशेष निवेश सुविधा परिषद्' (एसआईएफसी) के सदस्य हैं। इस संस्था की स्थापना पाकिस्तान में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए की गई थी। अपनी बिगड़ती आर्थिक स्थिति से निपटने के लिए चीनी मदद पाकिस्तान की प्राथमिकता है। वह इस वक्त अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से तीन वर्ष में छह अरब डॉलर की ऋण सुविधा पर बातचीत कर रहा है। जाहिर है, आईएमएफ यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि उसके ऋण का उपयोग केवल चीनी कर्ज चुकाने के लिए न किया जाए। ऐसे में, चीनी ऋण भुगतान के 'रोलओवर' की जरूरत होगी और वह भी न केवल चालू वित्त-वर्ष के लिए, बल्कि कर्ज की नई सुविधा की अवधि के लिए भी। शहबाज सरकार के अस्तित्व के लिए दीर्घकालिक पुनर्भुगतान कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। सवाल है, चीन पाकिस्तान को बचाने के लिए किस हद तक जाएगा? ताईवान पर चीनी रुख का समर्थन पाकिस्तान के पिछले सभी बयानों की एक विशेषता रही है। क्या यह केवल पाकिस्तान की चीन पर अत्यधिक निर्भरता को दर्शाता है या यह चीन की भू-राजनीतिक मजबूरियों को भी दर्शाता है।

# नीट जैसी परीक्षा पर उठे नए प्रश्न

**(विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी)**

जब दिन भर पूरा देश अठारहवीं लोकसभा के चुनावी नतीजों में डूब-उतराकर सोने की तैयारी कर ही रहा था, तब 4 जून, 2024 की रात डॉक्टरी की पढ़ाई करने का सपना देखने वाले लाखों छात्रों के लिए किसी दुस्वप्न की तरह उतरी। दुनिया की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में से एक नीट या नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) की 5 मई को परीक्षा देने के बाद ये छात्र बड़ी बेसब्री से 14 जून का इंतजार कर रहे थे, जब उनकी मेहनत का परिणाम आने वाला था। परीक्षा लेने वाली संस्था नेशनल टेस्ट एजेंसी (एनटीए) ने सूचना बुलेटिन में यही तारीख घोषित कर रखी थी। इस परीक्षा की एक खासियत यह है कि परीक्षा समाप्त होने के चंद घंटों में ही छात्रों को अपने प्रदर्शन का आभास हो जाता है। एनटीए ली गई परीक्षा के सही उत्तर ऑनलाइन प्रसारित कर देती है और परीक्षार्थी को कमोबेश अपनी मेरिट का अंदाज लग जाता है। परीक्षा परिणाम से इस मेरिट और उसके आधार पर मिलने वाले मेडिकल कॉलेज की पुष्टि हो सकती है। 4 जून की रात अचानक बच्चों व उनके अभिभावकों के सेलफोन की घंटियां बजने लगीं और किसी विस्फोट की तरह यह सूचना साझा की जाने लगी कि एनटीए ने नीट का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। इस पर विश्वास करना थोड़ा मुश्किल था, क्योंकि एनटीए ने तो अपने बुलेटिन में 14 जून की तारीख घोषित कर रखी थी और हर साल परीक्षा के नतीजे घोषित करने के घंटों पूर्व सूचना प्रसारित की जाती है कि परिणाम आने वाले हैं। फिर इस बार ऐसी क्या हड़बड़ी थी कि बिना किसी पूर्व सूचना के दस दिन पहले ही अचानक नतीजे घोषित कर दिए गए? यह तो दूसरे दिन शाम तक स्पष्ट होना शुरू हुआ कि इस परीक्षा में बड़ा घपला हुआ है, जिसका पूरा आकलन करने में विशेषज्ञों की भी अक्ल चकरा जाएगी। क्या यह अनायास था कि परिणाम घोषित करने के लिए ऐसी तारीख चुनी गई, जब पूरे देश का मीडिया चुनावी नतीजों को समझने में व्यस्त था? यह तो भला हो सोशल मीडिया का, जिसने शुरुआती झटके से उबरते ही शोर मचाना शुरू कर दिया कि हजारों मेधावी छात्रों के साथ घपलेबाजों ने खेल कर दिया है। बिना किसी तैयारी के आए अखबारनवीसों के सामने एक प्रेस कांफ्रेंस में एनटीए के महानिदेशक एक पत्रकार के इस प्रश्न पर लड़खड़ा गए कि परीक्षा के परिणाम तय तिथि से इतने पहले क्यों घोषित हो गए? सारा विवाद सिर्फ सोलह सौ बच्चों से संबंधित है, लेकिन जानकारों के मुताबिक पचास हजार के लगभग अभ्यर्थियों की मेरिट पर इसका असर पड़ेगा। 720 अंकों की इस परीक्षा में पिछले वर्षों तक अधिकतम दो, तीन परीक्षार्थियों को ही पूर्णांक मिलते रहे हैं। इस वर्ष इतने अंक पाने वालों की संख्या 67 हो गई। प्रतिभा के इस विस्फोट का जो कारण एनटीए अधिकारियों ने बताया, उसमें इतने झोल हैं कि आसानी से किसी विशेषज्ञ के गले नहीं उतरेंगे। घपलों की शुरुआत फॉर्म भरने के साथ ही हो गई। फॉर्म भरने की निर्धारित तिथि 9 फरवरी से 9 मार्च थी। बहुत से बच्चों ने अंतिम दिनों में फॉर्म भरने की कोशिश की, पर नीट की वेबसाइट क्रैश हो जाने के कारण कई तरह की दिक्कतें आईं और अभिभावकों की मांग पर फॉर्म भरने की अंतिम तारीख एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई। बाद में बड़े रहस्यमय ढंग से फॉर्म भरने के लिए नीट की वेबसाइट दो दिनों (9 अप्रैल से 10 अप्रैल) के लिए फिर खोली गई। यह जांच का विषय होना चाहिए कि किन परिस्थितियों में इन दो दिनों में फिर से फॉर्म भरे गए और नए शामिल अभ्यर्थियों में से कितने सफल हुए? एनटीए द्वारा जारी नीट टॉपरों की मेरिट लिस्ट में आठ छात्रों के क्रमांक एक ही सीरीज में होने पर भी संदेह व्यक्त किया गया है। इनमें से छह छात्रों ने रैंक 1 प्राप्त की है और ये सभी हरियाणा के बहादुरगढ़ स्थित एक ही परीक्षा केंद्र के हैं। इन आठ में से सात छात्रों के सरनेम लिस्ट में नहीं दिए गए हैं, जिससे संदेह और बढ़ गया है। इन छात्रों के नीट रोल नंबर, नाम, अंक और रैंक का स्नैपशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5402

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5401

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली 5402

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| | ■ | 12 | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | | 20 |
| ■ | 21 | 22 | | | ■ | ■ | |
| 23 | | | ■ | ■ | 24 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. थाईलेंड में रामायण का यह थाई वर्जन है जो इस नाम से जाना जाता है (4)
4. लावा का ठंडा होकर ठोस टुकड़ों में बदलने की क्रिया यह कहलाती है (3)
7. आक्रमण, चढ़ाई, वार करने की क्रिया या भाव (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (3)
9. जल नित्तल, तलवा, निम्न भाग (2)
10. अज्ञान अधिकार, तमोगुण, भीष्म साहनी का एक चर्चित उपन्यास (3)
12. शास्त्रीय संगीत में पंचव स्वर (1)
13. मवेशी, ढोर, पशु (4)
15. उन्नति या वैभव के दिन, बढती का समय, अभ्युदय काल (2)
17. शरीर के संवेदी अंगों में से एक, नासिका (2)
18. रस्म, प्रथा, रिवाज, निमय (3)
19. इधर-उधर, कोने-कोन में (5)
21. नाना का पिता यह कहलाता है (4)
23. लिपिक, लिखने वाला, लेखक (3)
24. युवावस्था, तारूर्ष्य (3)

**ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर यह शाहर मूलतः, इंदौर का निवासी है (6)
2. कोई गूढ बात, माजरा, मुकदमा (3)
3. दुर्ग, कोटा, फोर्ट (2)
4. राजा या देवता के बैठने का आसन (4)
5. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
6. कुछ लाल या सुर्खी लिए हुए (4)
11. मनोरंजन करना, आमोद-प्रमोद करना (5)
14. मौजूदगी, विद्यमानता (3)
16. रति के पति होने के कारण कामदेव का एक नाम, मदन, मनोज (4)
17. ध्वनि करना, बजाना, घनकना (3)
20. सितार की तरह का एक वाद्य (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (2)

## वर्ग पहेली 5401 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | म्मू | क | श्मी | र | ■ | सं | ग |
| यं | ■ | म | ■ | सा | म | वे | द |
| त | स्वी | र | ■ | य | ■ | द | र |
| ■ | ड | ■ | अ | न | म | ना | ■ |
| अ | न | ब | न | ■ | हे | ■ | सु |
| फ | ■ | ल | व | कु | श | ■ | न |
| सो | म | वा | र | ■ | ■ | मा | सा |
| स | ■ | न | त | ■ | पा | ल | न |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन उत्साह से भरा होगा और आपके सभी रुके कार्य बन जाएंगे। किसी काम में जल्दी न करें तो आपके लिए अच्छा है। समझदारी से काम लें। आर्थिक और पारिवारिक संकोच की वजह से ऐसा हो सकता है कि आप दबाव में रहें। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। अनावश्यक शंकाओं से बचें। गलत तरीके से धन अर्जित न करें।

### वृष
आज आपको परिश्रम अधिक करना पड़ सकता है और आपके लिए सफलता के जबर्दस्त योग बन रहे हैं। आज आपको अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है और अपने लोग आंखें दिखा सकते हैं। आपके लिए सक्रिय हुए विरोधी भी परास्त होंगे। निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस होगी। कोई शुभ समाचार आपके उत्साह को बढ़ाएगा।

### कर्क
आज लाभकारी समय है। आप अपने अच्छे व्यवहार से सब कुछ पा सकते हैं। जटिलताएं खत्म होंगी और विरोधी भी परास्त होंगे। खानपान में परहेज करना आपके लिए सही होगा। जीवनसाथी से आर्थिक कारणों से दूरी रहेगी लेकिन प्रेम यथावत बना रहेगा। आपको आज धैर्य से काम करने की जरूरत है।

### सिंह
आज लाभ का समय है। आपके सुख में वृद्धि होगी और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। मानसिक उलझनों की वजह से आप परेशानी से घिरे रहेंगे और आपका काम में मन नहीं लगेगा। आज पड़ोसियों से किसी प्रकार का विवाद हो सकता है। सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें। और अपने काम पर फोकस करें।

### मिथुन
आज मेहनत करने के बाद आपको हर कार्य में वांछित लाभ होगा। दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। मानसिक परेशानी के चलते मन में किसी प्रकार की कुंठा आ सकती है। कुछ अधूरे कार्य आपको निपटाने होंगे। सुख व दुःख को समान समझकर सब कुछ भाग्य पर छोड़ दें।

### कन्या
आज भाग्य साथ देगा और करियर से जुड़े सभी कार्य बनते नजर आएंगे। अच्छे दिनों का संयोग मन को प्रफुल्लित करेगा। खर्च पर नियंत्रण रखना जरूरी है। व्यापार व व्यवसाय से संबंधित कई नए अनुभव प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय से जुड़े जातकों की विभिन्न क्षेत्रों में साख बढ़ेगी।

### तुला
आज का दिन सम्मान से भरा होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी और अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति भी होगी। आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें। आज ऑफिस में कुछ लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों का विरोध कर सकते हैं। कारोबार में आपको नुकसान हो सकता है। सावधानी से हर काम करें।

### वृश्चिक
आज कार्यक्षेत्र में आपकी धाक जमेगी व एक के बाद एक मामले सुलझते चले जायेंगे। उदर और आंख में कष्ट के कारण स्वास्थ्य प्रभावित होगा जिससे कार्यक्षेत्र में अस्थिरता रहेगी। समय के अनुसार चलने से आप उन्नति करेंगे वरना समय आपको पीछे छोड़ देगा। परिवार की समस्याओं के संबंध में कोई गलत निर्णय लेने से बचें।

### मकर
आज आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आज आपको शुभ संदेश आने से उत्साह बढ़ेगा और मित्रों का सहयोग भी प्राप्त होगा। आपको अपने घर में हर प्रकार का सहयोग मिलेगा। पर्याप्त धन संपदा हाथ में होने के बावजूद कुछ पारिवारिक अशांति रहेगी। इसलिए महत्वपूर्ण निर्णय सबसे पहले ही न लें तो आपके लिए अच्छा है।

### कुंभ
आज समय सावधानी से बताने का है। धन की हानि की आशंका है। नियोजित कार्यक्रम भी सफल होंगे और आर्थिक लाभ का सुअवसर भी आएगा। मातृ पक्ष से लाभ की उम्मीद रहेगी। पुराने दोस्त के आगमन से परिवार में व्यस्तता बढ़ेगी। उनके साथ आवभगत में काफी समय बीतेगा। आपके ऊपर विश्वास करेंगे।

### धनु
आज का दिन सफलता से भरा होगा। आज आपको उत्सव और त्योहार में शामिल होने के अवसर प्राप्त होंगे। अच्छे भोजन से स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। शुभ समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा और लाभ होगा। वही कार्य करें जिसके बनने की उम्मीद हो और आपको उसका सही रिजल्ट आने की उम्मीद हो। धन में वृद्धि के योग हैं। समझदारी से काम लें।

### मीन
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको हर कार्य में लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और करियर को लेकर हर कार्य में सफलता मिलेगी। किसी चल या अचल संपत्ति का पारिवारिक विवाद निपटाना आवश्यक होगा। पारिवारिक व्यवस्था बनाने में व्यस्त रहेंगे। सोचे हुए कार्य सफल होंगे और मित्रों द्वारा किए जा रहे विरोध में कमी आएगी।

# ऑफिस में भी नजर आएं स्मार्ट



**हर रोज ऑफिस में आप कई घंटे बिताती हैं, परंतु यह क्या कि कुछ समय बाद ही मेकअप डल लुक देने लगता है और अचानक किसी मीटिंग या किसी पार्टी में जाना पड़ जाए तो आपको समझ नहीं आता कि आप सुबह वाले लुक को फिर से कैसे पाएं, इसके लिए जरूरी है कि सही मेकअप लगाया जाए ताकि आप ऑफिस में भी हमेशा स्मार्ट और ब्यूटीफुल नजर आएं।**

- चेहरे को धोकर पहले अच्छी तरह मॉइश्चराइज करें, फिर फाऊंडेशन लगाएं। फाऊंडेशन हमेशा ब्रश से लगाएं, क्योंकि उंगलियों से लगाने से फाऊंडेशन पूरे फेस पर एक समान नहीं लगता। चेहरे के बीच से शुरू करते हुए फाऊंडेशन को बाहर की तरफ नैकलाइन और जॉ-लाइन तक लगाएं। फिर पाऊडर से मेकअप को फाइनल टच दें।
- ऑफिस के समय यदि किसी मीटिंग में अचानक जाना पड़े तो थोड़ा टच-अप जरूरी है। इसके लिए अपने पर्स में एक मिनी मेकअप किट अवश्य रखें, जिसमें लिप ग्लॉस, ब्लशर, आई शैडो और फेस पाऊडर जरूर हो। इसके अलावा टी-स्नैक्स या लंच के बाद एक बार फिर से लिपस्टिक लगा कर फ्रैश लुक पा सकती हैं।
- यदि आपके पास इतना भी टाइम नहीं है कि मेकअप रिमूव कर सकें, तो आप इसे रिफ्रैश कर सकती हैं। इसके लिए नाइट रिपेयर क्रीम की कुछ बूंदें हथेली पर लेकर फेस पर लगाएं, फिर फेस पाऊडर लगा लें। चेहरे पर निखार आ जाएगा।
- शाम के समय लिप मेकअप रिमूव करके कोई दूसरी लिपस्टिक लगा लें। यदि ऑफिस के तुरंत बाद किसी पार्टी में या बाहर घूमने जाना है, तो उसी के अनुसार अपना शेड चुन लें। गालों पर ब्लशर लगाएं। आंखों की खूबसूरती निखारने के लिए काजल एवं आई शैडो का एक कोट लगा लें।
- यदि आपको बिजनैस मीटिंग के लिए जाना है, तो पॉलिश्ड लुक रखें। प्रोफैशनल लुक के लिए लिप ग्लॉस की अपेक्षा लाईट शेड की लिपस्टिक लगाएं। गालों पर हल्का ब्लशर लगाएं और आंखों को आकर्षक बनाने के लिए लाइट आई शैडो और मस्कारा अप्लाई करें।

## जब फीकी पडऩे लगे खूबसूरती

खूबसूरती और ग्लोइंग स्किन आपके हैल्दी होने की निशानी होती है, यदि प्रदूषण या बदलते मौसम के कारण स्किन की चमक फीकी पडऩे लग गई हो, तो आवश्यकता है थोड़ी- सी अतिरिक्त देखभाल की, जिससे खोई खूबसूरती लौट सकती है।

**दही** -स्किन को धूल, गंदगी और सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने के लिए सबसे अच्छा ऑप्शन दही है। पांच चम्मच दही में एक चम्मच हल्दी और एक चम्मच चोकर मिलाकर चेहरे पर लगाने से धूप का दुष्प्रभाव चेहरे से हट जाएगा, साथ ही ब्लैक हैड्स और व्हाइट हैड्स की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा।

**केला** - केले को पीस कर चेहरे पर लगाने से त्वचा को आयरन और अन्य पोषक तत्व मिल जाते हैं। इसके रोजाना इस्तेमाल से त्वचा में निखार आता है।

**स्टीम** - ड्राई स्किन में झुर्रियां जल्दी पड़ती हैं, सो सप्ताह में कम से कम एक बार स्किन को स्टीम जरूर दें। स्टीम बाथ भी एक अ'छा ऑप्शन है। इससे स्किन की नमी बरकरार रहती है।

**कैस्टर ऑयल** - झुर्रियां हटाने में कैस्टर ऑयल बहुत उपयोगी है। रोजाना अपने चेहरे पर कैस्टर ऑयल लगाना न भूलें। इससे स्किन मुलायम और चमकदार बनती है।

**गुलाबजल** - गुलाबजल की एक शीशी हमेशा साथ रखें और 1-2 घंटों के बाद इसे अपने चेहरे पर स्प्रे करती रहें। खास तौर पर जब आप देर तक एयर कंडीशंड वातावरण में रहें क्योंकि इससे स्किन जल्दी रूखी और बेजान हो जाती है।

## घरेलू काम से निखारें रूप और सेहत

हाऊस वाइव्ज हमेशा अपनी ब्यूटी केयर के प्रति लापरवाह रहती हैं, जिससे कि कुछ समय के पश्चात वे अपने आकर्षण की कमी महसूस करते हुए काम्प्लैक्स का शिकार होने लगती हैं। उन्हें अपना जीवन भी नीरस लगने लगता है। यदि आप इनसे लापरवाही की वजह पूछेंगे, तो वे अपनी व्यस्त दिनचर्या की पूरी लिस्ट बना कर आपको दिखा देंगी। लिस्ट को देख कर तो एक भी अतिरिक्त क्षण ऐसा नहीं निकलता कि वे ब्यूटी केयर की तरफ ध्यान दे पाएं। ऐसे में आखिर क्या किया जाए कि बिजी शैड्यूल में काम करते-करते ही ब्यूटी केयर भी हो जाए और एक्सरसाइज करते हुए शरीर भी सुडौल बना रहे। इसके लिए जरूरी है कि छोटे-छोटे उपाय एवं टिप्स को अपना लिया जाए।

## ब्यूटी केयर

- सब्जियां काट रही हैं तो ध्यान रखें कि किसी भी हरी सब्जी को काट कर उसके टुकड़े को चेहरे पर लगा सकती हैं। जब आलू काटें तो एक-दो स्लाइस आंखों के नीचे रगड़ लें, इससे आंखों के नीचे पड़े काले घेरे भी गायब हो जाएंगे। फरूट काटते हुए या जूस बनाते समय उस फल की फांक या उसका रस चेहरे पर मलने से भी चेहरे पर चमक आ जाएगी। यही नहीं, खीरे का रस भी चेहरे पर ग्लो लाने के लिए अच्छा माना जाता है।
- जब चाय बनाएं या पानी गर्म करें तो अपने हाथों को स्टीम दे सकती हैं, जिससे कि हाथ हर मौसम में मुलायम बने रहेंगे।
- पकौड़ों के लिए बेसन घोलते समय उसमें नमक और मसाला डालने से पहले थोड़ा-सा बेसन लेकर चेहरे पर लगा लें। यह एक बेहतरीन फेस पैक है।
- दिन में कई बार आप नीचे गिरी चीजें, चप्पल और जूते ढूढने तथा फर्श पर पड़े बच्चों के मैले कपड़े आदि उठाने के लिए झुकती हैं। अब से नियम बना लें कि जब कभी आप इस प्रकार की स्थिति में कोई वस्तु नीचे से उठाएं तो इतना करें कि पेट को अंदर की ओर कर तथा घुटनों को सीधे रख कर ही उस चीज को उठाएं।
- कई बार तो छोटे बच्चे कभी माचिस की पूरी डिबिया की तीलियां फर्श पर बिखेर देते हैं या कभी कलर पैंसिल गिरा देते हैं, उन पर झल्लाने की अपेक्षा पेट को अंदर कर और घुटनों को सीधा रख कर एक-एक तीली या पैंसिल उठा कर डिबिया में डालती जाएं, इससे आपको झुक कर अंगूठा छूने वाले व्यायाम का लाभ बिना अतिरिक्त समय निकाले ही मिल जाएगा।
- यदि आपकी बांहें थोड़ी मोटी हैं, जो आपको देखने में भली नहीं लगतीं और डॉक्टर या योगा एक्सपर्ट के पास जाने का समय नहीं है, तो बस इतना करें कि अपने गीले कपड़े सुखाने वाली तारों को जरा और ऊंचा करके बांध दें। हर रोज कपड़े फैलाते हुए आपकी बांहें अधिक खिंचाव पाएंगी और आपकी बांहें सुडौल हो जाएंगी।
- सप्ताह में एक बार घर के जाले साफ करें, किंतु स्टिक छोटी ही रखें, इससे आपको पांवों के बल थोड़ा ऊंचा उठते हुए जाले साफ करने पड़ेंगे। इससे भी बांहों और पोस्चर की एक्सरसाइज हो जाएगी।



# छोटी अवधि के कोर्स पर भी मिलता है एजुकेशन लोन

**महंगाई के साथ ही पढ़ाई का खर्च भी बढ़ता जा रहा है। बैंकों से पढ़ाई के लिए कर्ज (एजुकेशन लोन) की सहायता के बगैर उच्च शिक्षा का सपना पूरा करना मुश्किल हो गया है। सरकार ने एजुकेशन लोन के ब्याज पर टैक्स छूट की सुविधा दे रखी है। आप उच्च शिक्षा के साथ छोटी अवधि के कोर्स के लिए भी एजुकेशन लोन ले सकते हैं।**

## किस कोर्स के लिए कर्ज

12वीं के बाद इंजीनियरिंग, मेडिकल और बिजनेस मैनेजमेंट सहित अन्य कोर्स के लिए बैंक से कर्ज ले सकते हैं। इसके साथ ही आप छोटी अवधि की व्यवसायिक शिक्षा के लिए भी एजुकेशन लोन ले सकते हैं। आईडीबीआई बैंक तीन माह की व्यावसायिक शिक्षा के लिए भी कर्ज मुहैया कराता है। एजुकेशन लोन के लिए जरूरी है कि आपका कोर्स सरकार या संबंधित निकाय (एआईसीटीई) से मान्यता प्राप्त हो।

## कितनी मिलती है टैक्स छूट

आयकर की धारा 80ई के तहत एजुकेशन लोन के ब्याज भुगतान पर टैक्स छूट मिलती है। एजुकेशन लोन के ब्याज भुगतान में टैक्स छूट की कोई सीमा नहीं है। हालांकि आप अधिकतम आठ साल तक इसके तहत टैक्स छूट का दावा कर सकते हैं। इसमें मासिक किस्त नौकरी शुरू करने छह माह बाद या कोर्स खत्म होने एक साल बाद से देना जरूरी है। आप कोर्स के दौरान भी ब्याज चुका सकते हैं।

## कितना ले सकते हैं कर्ज

बैंक देश में पढ़ाई के लिए 10 लाख रुपये तक का कर्ज बैंक मुहैया करते हैं। हालांकि आईआईएम जैसे संस्थानों के लिए बैंकों ने कुछ विशेष प्रावधान किए हैं। वहीं विदेश में पढ़ाई के लिए 20 लाख रुपये तक का कर्ज ले सकते हैं। मौजूदा समय में बैंक करीब 12 फीसदी से 14 फीसदी तक के ब्याज पर एजुकेशन लोन मुहैया करा रहे हैं।

## क्या गारंटर जरूरी है

सामान्यत: चार लाख रुपये तक के कर्ज पर किसी गारंटर की जरूरत नहीं है। इससे अधिक और 7.5 लाख रुपये के कर्ज पर बैंक गारंटर मांगते हैं। जबकि इससे अधिक के लिए संपत्ति का दस्तावेज जरूरी है।

## इन बातों का रखें ध्यान

एजुकेशन लोन अपने साथ पत्नी या बच्चों के लिए भी ले सकते हैं। टैक्स छूट का दावा तभी कर सकते हैं जब कर्ज बैंक या मान्यताप्राप्त चैरिटेबल ट्रस्ट से लिया गया हो।

# मुनाफे की राह पर ले जाये डेयरी उद्योग

पशुपालन हमारे देश में ग्रामीणों के लिए सिर्फ शौक ही नहीं, बल्कि आमदनी का जरिया भी रहा है, लेकिन सही जानकारी के अभाव में अकसर लोग पशुपालन का पूरा फायदा नहीं उठा पाते. इस काम से संबंधित थोड़ा-सा ज्ञान और सही दिशा में की गयी प्लानिंग आपको बेहतरीन मुनाफा कमाने का रास्ता दिखा सकती है. डेयरी उद्योग में दुधारू पशुओं को पाला जाता है. इस उद्योग के तहत भारत में गाय और भैंस पालन को ज्यादा महत्व दिया जाता है, क्योंकि इनकी अपेक्षा बकरी कम दूध देती है. इस उद्योग में मुनाफे की संभावना को बढ़ाने के लिए पाली जानेवाली गायों और भैंसों की नस्ल, उनकी देखभाल व रख-रखाव की बारीकियों को समझना पड़ता है.

## शैक्षिक योग्यता

आप चाहें तो डेयरी उद्योग की बारीकियों को समझने के लिए प्रशिक्षण भी ले सकते हैं. ऐसे कई संस्थान हैं, जो डेयरी उद्योग का प्रशिक्षण देते हैं. प्रशिक्षण लेने के लिए कोई निश्चित शैक्षिक योग्यता या आयु सीमा निर्धारित नहीं है. डेयरी उद्योग को स्वरोजगार के रूप में अपनाने की ख्वाहिश रखनेवाले इन संस्थानों में दाखिला ले सकते हैं. हां, मगर डेयरी प्रोडक्शन के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने के लिए उम्मीदवार का 60 प्रतिशत अंकों के साथ बीएससी पास होना आवश्यक है.

## फायदेमंद प्रजातियां

भारत में 32 तरह की गायें पायी जाती हैं. गायों की प्रजातियों को तीन रूप में जाना जाता है, ड्रोड ब्रीड, डेयरी ब्रीड और ड्यूअल ब्रीड. इनमें से डेयरी ब्रीड को ही इस उद्योग के लिए चुना जाता है. दुग्ध उत्पादन की दृष्टि से भारत में तीन तरह की भैंसें मिलती हैं, जिनमें मुर्रा, मेहसाणा और सुरती प्रमुख हैं. मुर्रा भैंसों की प्रमुख ब्रीड मानी जाती है. यह ज्यादातर हरियाणा और पंजाब में पायी जाती है. मेहसाणा मिक्सब्रीड है. यह गुजरात और महाराष्ट्र में पायी जाती है. इस नस्ल की भैंस एक महीने में 1,200 से 3,500 लीटर दूध देती हैं. सुरती छोटी नस्ल की भैंस होती है, जो गुजरात में पायी जाती है. यह एक महीने में 1,600 से 1,800 लीटर दूध देती है. अकसर डेयरी उद्योग चलानेवाले इन नस्लों की उचित जानकारी न होने के चलते व्यापार में भरपूर मुनाफा नहीं कमा पाते. डेयरी उद्योग की शुरुआत पांच से 10 गायों या भैंसों के साथ की जा सकती है. मुनाफा कमाने के बाद पशुओं की संख्या बढ़ायी जा सकती है.

## देखभाल पर जोर देना जरूरी

पाली गयी गायों व भैंसों से उचित मात्र में दुग्ध का उत्पादन करने के लिए उनके स्वास्थ संबंधी हर छोटी-बड़ी बात का ख्याल रखना जरूरी होता है. पशु जितने स्वस्थ होते हैं, उनसे उतने ही दूध की प्राप्ति होती है और कारोबार अच्छा चलता है. जानवरों को रखने के लिए एक खास जगह तैयार करनी होती है. जहां हवा के आवागमन की उचित व्यवस्था हो. साथ ही, सर्दी के मौसम में जानवर ठंड से बचे रहें. रख-रखाव के बाद बारी आती है पशुओं के आहार की. इसके लिए गायों या भैंसों को निर्धारित समय पर भोजन देना जरूरी होता है. इन्हें रोजाना दो वक्त खली में चारा मिला कर दिया जाता है. इसके अलावा बरसीम, ज्वार व बाजरे का चारा दिया जाता है. दूध की मात्र बढ़ाने के लिए भोजन में बिनौले का इस्तेमाल करना अच्छा रहता है. डेयरी मालिक के लिए इस बात का ख्याल रखना भी जरूरी होता है कि पशुओं को दिया जानेवाला आहार बारीक, साफ-सुथरा हो, ताकि जानवर भरपूर मात्र में भोजन करें. वहीं चारे के साथ पानी की मात्र पर ध्यान देना भी जरूरी है. गाय व भैंस एक दिन में 30 लीटर पानी पी सकती हैं. इसके अलावा डेयरी मालिक को पशुओं की बीमारियों व कुछ दवाओं की समझ भी होनी चाहिए.

## ले सकते हैं सरकारी मदद

आज कई सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाएं डेयरी उद्योग के लिए 10 लाख रुपये तक की लोन सुविधा उपलब्ध कराती हैं. इसके लिए डेयरी मालिक को तमाम कागज जैसे एनओसी, एसडीएम का प्रमाणपत्र, बिजली का बिल, आधार कार्ड, डेयरी का नवीनतम फोटो आदि जमा करना होता है. वेरीफिकेशन के बाद अगर संबंधित प्राधिकरण संतुष्ट हो जाता है, तो डेयरी मालिक को डेरी और पशुओं की संख्या के हिसाब से पांच से 10 लाख रुपये तक की राशि मुहैया करायी जाती है. डेयरी मालिक को यह राशि किस्तों में जमा करनी होती है. निश्चित समय पर किस्तों का भुगतान करने पर कुछ किस्तें माफ भी कर दी जाती हैं.







## रवि तेजा की मिस्टर बच्चन की शूटिंग हुई पूरी! मेकर्स जल्द कर सकते हैं रिलीज डेट का खुलासा

रवि तेजा तेलुगु सिनेमा के मशहूर अभिनेता हैं। वह अपनी एक्शन कॉमेडी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इस वजह से उनके फैंस ने उन्हें मास महाराजा की उपाधि दी है। रवि तेजा आखिरी बार पर्दे पर इस साल फरवरी में रिलीज हुई फिल्म ईगल में नजर आए थे। फिल्म को कार्तिक गट्टामनेनी ने निर्देशित किया था। ईगल एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी, जो बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी फ्लॉप रही थी। अब अभिनेता की आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है।

मिस्टर बच्चन में नजर आएंगे रवि तेजा ईगल के फ्लॉप हो जाने के बाद अभिनेता को अब एक सफल फिल्म की बेहद जरुरत है, इसलिए उन्होंने अपना ध्यान अपनी आगामी फिल्म पर केंद्रित कर दिया है। उनकी आगामी फिल्म का नाम मिस्टर बच्चन है, जिसे हरीश शंकर द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। फिल्म का टैगलाइन रखा गया है नाम तो सुना होगा। निर्माताओं ने इस फिल्म की घोषणा पिछले साल दिसंबर में की थी। इस दौरान अभिनेता का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया था, जिसमें रवि तेजा चश्मा लगाए स्कूटर चलाते नजर आ रहे हैं और उनका हेयर स्टाइल 70 के दशक की फिल्मों में नजर आने वाले अमिताभ बच्चन के जैसा है। अभिनेता को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और निर्माता जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट का भी एलान कर देंगे। फिल्म में रवि तेजा और भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं, फिल्म का निर्माण पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले टीजी विश्व प्रसाद द्वारा किया जा रहा है। अभिनेता के फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

बता दें कि मिस्टर बच्चन हिंदी फिल्म रेड की आधिकारिक रीमेक है। राजकुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित फिल्म रेड में सिंघम अगेन अभिनेता अजय देवगन, सौरभ शुक्ला और इलियाना डिक्रूज प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म में अभिनेता अजय देवगन का बेहतरीन अभिनय देखने को मिला था, जिसकी वजह से उन्हें काफी सराहना भी मिली थी। फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी। ऐसे में रवि तेजा के फैंस के लिए उन्हें अजय देवगन वाले किरदार में देखना काफी दिलचस्प अनुभव होगा।



## साउथ की फिल्मों में भी अपना जलवा दिखाएंगी जान्हवी, पैन इंडिया स्टार्स के साथ नजर आएंगी

**जान्हवी कपूर की डिमांड इन दिनों कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। उनकी आगामी ऐसी पांच फिल्में हैं, जिनसे जान्हवी की किस्मत और भी ज्यादा चमक जाएगी। इन सभी पांच फिल्मों में से जान्हवी के खाते में दो बड़ी साउथ फिल्में भी हैं।**

बॉलीवुड ही नहीं, जान्हवी कपूर साउथ डायरेक्टर्स की भी पहली पसंद बनती जा रही हैं। जल्द ही जान्हवी जूनियर एनटीआर, राम चरण के अलावा कई स्टार्स के साथ फिल्मों में धमाल करती नजर आएंगी। निर्देशक शशांक खेतान की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शुटिंग मई में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में जान्हवी के साथ वरुण धवन नजर आएंगे। दोनों की जबरदस्त केमिस्ट्री एक बार फिर से देखने को मिलेगी। इस फिल्म से पहले दोनों ने एक साथ फिल्म बवाल में काम किया था। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिल्म देवरा भाग 1 यानी एनटीआर 30 की बात करें तो जान्हवी कपूर इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म में जान्हवी पैन इंडिया स्टार जूनियर एनटीआर के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जान्हवी देवरा से साउथ फिल्मों में डेब्यू करने वाली हैं। उनकी यह फिल्म 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। इस फिल्म में सैफ अली खान भी नजर आ सकते हैं। जान्हवी पैन इंडिया स्टार अभिनेता राम चरण के साथ भी एक फिल्म में नजर आने वाली हैं। जान्हवी फिल्म आरसी 16 में राम चरण के साथ नजर आएंगी। यह एक मेगा बजट फिल्म है। इसकी शूटिंग इसी महीने जून से शुरू हो सकती है।


बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का टीजर पहले ही आ चुका है। यह फिल्म सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर होगी। इस फिल्म में जान्हवी एक यंग डिप्लोमैट के रोल में दिखाई देंगी। निर्देशक सुधांशु सरिया की फिल्म उलझ का टीजर दर्शकों को बेहद पसंद आया था। जान्हवी ने बीते साल उलझ की शूटिंग शुरू की थी, जिसका अपडेट उन्होंने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर साझा किया था। जान्हवी ने उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी पूरी तरह से देशभक्ति पर आधारित है। यह फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

निर्देशक एस.एस राजामौली ने आरआरआर से दुनियाभर में खूब भौकाल काटा। अब बारी है उनकी अगली फिल्म की, जो है एसएसएमबी29 यह फिल्म का टेंटेटिव टाइटल है। अब तक इस फिल्म का नाम फाइनल नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कास्टिंग चल रही है। हो सकता है कि इस फिल्म में महेश बाबू नजर आएं। इस फिल्म को लेकर अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं। हो सकता है कि इस फिल्म में जान्हवी कपूर भी हों।




## बॉक्स ऑफिस पर सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 एक ही दिन देगी दस्तक

कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकारों से सजी फिल्म भूल भुलैया 3 इस साल दीवाली पर सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में अभी से ही काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं अब इसी दिन रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज होने जा रही है। सिनेमा प्रेमियों के लिए जहां एक साथ दो या अधिक दो से अधिक फिल्में अगर एक ही दिन बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होती हैं तो फायदे का सौदा होता है वहीं फिल्म मेकर्स के लिए यह अच्छी बात नहीं होती है। कई बार दर्शकों के बंट जाने से बॉक्स ऑफिस पर इसका सीधा प्रभाव देखने को मिलता है। सूत्रों की मानें तो इस साल दीवाली पर दो बड़ी फिल्में एक साथ रिलीज होने जा रही हैं। इसमें अजय देवगन की सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 शामिल हैं। चलिए जानते हैं भूल भुलैया 3 के निर्देशक अनीस बज्मी ने इस क्लैश के बारे में क्या कुछ कहा है।



### तीन साल पहले से तय थी भूल भुलैया 3 की तारीख

कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकारों से सजी फिल्म भूल भुलैया 3 इस साल दीवाली पर सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में अभी से ही काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं अब इसी दिन रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज होने जा रही है। भूल भुलैया 3 के निर्देशक अनीस बज्मी इस विषय पर बाते करते हुए कहते हैं, हमने तीन साल पहले ही भूल भुलैया 3 की रिलीज डेट का एलान कर दिया था।

अनीस बज्मी अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, देखिए कोई भी निर्देशक या लेखक या निर्माता अपनी फिल्म को लेकर कॉन्फिडेंट ही होता है, लेकिन बॉक्स ऑफिस टकराव फिर भी कोई नहीं चाहता है। कोई भी कुछ भी बोल ले, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर अगर एक साथ दो या दो से अधिक फिल्में एक साथ रिलीज हो रही हैं तो नुकसान होना लगभग तय है।

### भूल भुलैया 3 की रिलीज डेट में नहीं बदलाव

भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन इस साल दीवाली पर एक साथ रिलीज होने जा रही है। दर्शकों के लिए यह धमाकेदार खबर है वही फिल्म निर्देशक अनीस बज्मी इस बात से खुश नहीं हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या आप भूल भुलैया 3 की रिलीज डेट को आगे पीछे करेंगे। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, देखिए अभी तक हमने इस विषय में सोचा नहीं है। अजय देवगन मित्र हैं और बॉक्स ऑफिस को कई बार टालना हमारे हाथ में नहीं होता है।



## रश्मिका की तरह पुष्पा 2 के कपल सॉन्ग पर ठुमके लगाती नजर आईं हंसिका मोटवानी

हंसिका मोटवानी ने कुछ ही देर पहले अपना एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है इस वीडियो में हंसिका पुष्पा 2 के कपल सॉन्ग पर रश्मिका की तरह डांस करती नजर आ रही हैं। फिल्म पुष्पा 2 का कपल सॉन्ग हर किसी को पसंद आया। हंसिका तमिल और तेलुगु फिल्मों की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। हंसिका का यह वीडियो साशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।



## गिप्पी ग्रेवाल के म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी तेजस्वी प्रकाश

प्रकाश के साथ नए म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे। दरअसल, गिप्पी ने गुरुवार को तेजस्वी प्रकाश के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कीं और बताया कि उनका नया म्यूजिक वीडियो रिवॉल्वर जल्द ही रिलीज होने वाला है। गिप्पी ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में वह शर्ट, ब्लेजर और पैंट के साथ येलो कलर के आउटफिट में नजर आ रहे हैं। उन्होंने ब्लैक शूज पहने हैं। वहीं बिग बॉस 15की विनर तेजस्वी प्रकाश ने ऑरेंज कलर की स्लीवलेस बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई हैं। वहीं बैकग्राउंड में बड़े अक्षरों नें जी जी लिखा हुआ है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए गिप्पी ने कैप्शन में लिखा, रिवॉल्वर वीडियो जल्द ही आ रहा है... तेजस्वी को पिछली बार नागिन 6 में बतौर लीड एक्ट्रेस देखा गया था। वह जस्सी गिल के दूर होवा गे, यासर देसाई के रुला देती है और कुलविंदर बिल्ला के कलाकार जैसे सॉन्ग वीडियो में भी दिखाई दी। वहीं गिप्पी ने कैरी ऑन जट्टा 3, हनीमून, मौजा ही मौजा, लखनऊ सेंट्रल और मंजे बिस्तरे जैसी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में उनकी शिंदा शिंदा नो पापा रिलीज हुई। इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस हिना खान नजर आईं, वहीं उनके बेटे के रोल में शिंदा ग्रेवाल दिखे। फिल्म का निर्देशन अमरप्रीत छाबड़ा ने किया। इस फिल्म की बात करें तो कहानी बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है। कनाडा में रह रहे गिप्पी अपने शरारती बेटे शिंदा को डिसिप्लिन सिखाने के लिए भारत ले जाने का प्लान बना रहे हैं।

## इस मशहूर ब्रिटिश वेब सीरीज की तर्ज पर बन रही है यश की फिल्म टॉक्सिक




**साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म केजीएफ 2 के बाद से अब तक सुपरस्टार यश बड़े पर्दे पर नहीं नजर आए हैं। फिलहाल वह अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक को लेकर व्यस्त हैं, जिसको लेकर कहा जा रहा है कि ये एक मशहूर ब्रिटिश वेब सीरीज की तर्ज पर बन रही है।**

यश कन्नड़ फिल्मों के मशहूर अभिनेता हैं। वह साल 2022 में रिलीज हुई अपनी आखिरी रिलीज फिल्म केजीएफ 2 से वह देश भर में मशहूर हो चुके हैं। केजीएफ फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थीं। केजीएफ 2 के बाद से ही अभिनेता बड़े पर्दे पर नजर नहीं आए हैं। ऐसे में उनके फैंस उन्हें वापस से बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हो रहे हैं। हालांकि, अब अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म के लिए तैयारी शुरू कर दी है। वह अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक में नजर आने वाले हैं। यश ने इस फिल्म के लिए महिला निर्देशक गीतू मोहनदास के साथ हाथ मिलाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में विशेष तौर पर भाई-बहन की भावना दिखाई जाएगी। इसके लिए निर्माताओं ने बहन की भूमिका के लिए पहले बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर को चुना था, लेकिन करीना आखिरी समय में तारीखों की समस्या का हवाला देते हुए पीछे हट गईं। इसके बाद टीम ने मशहूर अभिनेत्री नयनतारा से संपर्क किया और उन्होंने तुरंत फिल्म के लिए हामी भर दी। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारी सामने आ रही है। अब कहा जा रहा है कि ये फिल्म एक लोकप्रिय ब्रिटिश वेब सीरीज के तर्ज पर बनाई जा रही है।

### इस मशहूर वेब सीरीज के तर्ज पर बनाई जा रही है टॉक्सिक

इस वक्त कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग शुरू की जा चुकी है। फिल्म के मुख्य किरदार यश और नयनतारा ने भारत में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म को लेकर निर्देशक की तरफ से 200 दिनों की शूटिंग की योजना बनाई गई है, जिसका एक बड़ा हिस्सा लंदन में शूट किया जाएगा। रिपोर्ट्स के अुनसार, टॉक्सिक लोकप्रिय ब्रिटिश वेब सीरीज पीकी ब्लाइंडर्स की तर्ज पर होने वाली है, जिसमें यश एक स्टाइलिश डॉन के रूप में नजर आएंगे।

### कियारा भी आएंगी नजर

बता दें कि फिल्म में यश और नयनतारा के अलावा हिंदी फिल्मों की जानी पहचानी अभिनेत्री कियारा आडवाणी भी नजर आने वाली हैं। वह इस फिल्म में अभिनेता यश की प्रेमिका के रूप में नजर आने वाली हैं। इस गैंगस्टर एक्शन ड्रामा फिल्म की टैगलाइन है, बड़े लोगों के लिए परी कथा। टॉक्सिक की रिलीज डेट 10 अप्रैल 2025 तय की गई है।

संक्षिप्त समाचार


## आईआईटी मद्रास ने एआई और डेटा एनालिटिक्स में बी.टेक. प्रोग्राम शुरू किया

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने एआई और डेटा एनालिटिक्स में बी.टेक. प्रोग्राम (कोर्स कोड - 412एलः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स) शुरू किया है और शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से इसमें विद्यार्थियों को प्रवेश देगा। यह एक अंडरग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम है जिसके लिए एनआईआरएफ रैंक 1 संस्थान आईआईटीएम ने सुनियोजित प्रयास से छात्रों को मुख्य कौशल और ज्ञान देना सुनिश्चित किया है। इस प्रोग्राम में प्रवेश जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा के माध्यम से होगा। 2024 बैच के लिए संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जेओएसएए) की काउंसलिंग जारी है। यह प्रोग्राम एआई और डेटा एनालिटिक्स के अलग-अलग पहलुओं में विशेषज्ञता प्रदान करते हुए विभिन्न उद्योगों में इनके उपयोगों का व्यापक दृष्टिकोण देगा। इसमें जेईई के माध्यम से 50 विद्यार्थियों को प्रवेश देने का प्रावधान है। प्रोग्राम में गणित के मूल सिद्धांतों, डेटा विज्ञान / एआई / एमएल फाउंडेशन, एप्लीकेशन डेवलपमेंट और रिस्पांसेबल डिजाइन पर जोर देने के साथ-साथ इंटरडिसिप्लिनरी ज्ञान दिया जाएगा। यह कोर्स वाधवानी स्कूल ऑफ डेटा साइंस एंड एआई के माध्यम से शुरू किया जा रहा है। आईआईटी मद्रास के एक विश्वप्रसिद्ध पूर्व छात्र और आईगेट और मैस्टेक डिजिटल के सह-संस्थापक श्री सुनील वाधवानी के 110 करोड़ रुपयों के अनुदान से इस स्कूल की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य दुनिया के सर्वोपरि एआई-प्रधान स्कूलों में प्रतिष्ठित होना है और साथ ही सरकार और नीति निर्माताओं को डेटा साइंस और एआई से संबंधित नीतिगत क्षेत्रों में सलाह देना है। इस बी.टेक. प्रोग्राम में विद्यार्थियों की शिक्षा में काफी लचीलापन होगा। वे अपने विभाग के भीतर और बाहर से इलैक्टिव की बड़ी रेंज़ से खुद चयन कर सकते हैं। अपनी सुविधा से शिक्षा यात्रा पूरी कर सकते हैं। वे स्पीच एंड लैंग्वेज टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर विज़न की बारीकियों को जानने से लेकर कंट्रोल एंड डिटेक्शन और टाइम-सीरीज़ एनालिसिस का गंभीर ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इतना ही नहीं, उन्हें अपने पैशन और अभिरुचि के क्षेत्रों में भी गहराई से सीखने का मौका मिलेगा।

## कोटक लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया कोटक जेन2 जेन प्रोटेक्ट

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने अपनी नई सुरक्षा योजना कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह उत्पाद एक योजना के साथ दो पीढ़ियों को कवर करने के विकल्प के साथ इंडस्ट्री की ऐसी पहली सुविधा प्रदान करता है, जो इस सुरक्षा की विरासत को आगे बढ़ाता है। सर्वाइवल (उत्तरजीविता) पर प्रीमियम लाभ की 100 फीसदी गारंटीकृत वापसी के साथ आने वाला, कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट बच्चे को कम्पलीट रिस्क कवर (पूर्ण जोखिम कवर) ट्रांसफर करने की सुविधा प्रदान करता है, जब माता-पिता (प्राथमिक बीमाधारक) 60 या 65 साल के हो जाते हैं। इसके अलावा, यह रिस्क कवर बच्चे के साथ 60 साल की उम्र तक बना रहता है। यह उत्पाद वेलनेस बेनेफिट और एक्सीडेंटल डेथ बेनेफिट (दुर्घटना मृत्यु लाभ), स्थायी विकलांगता की स्थिति में लाभ और गंभीर बीमारी प्लस जैसे राइडर्स के माध्यम से व्यापक कवरेज भी प्रदान करता है। महिला पॉलिसीधारकों के लिए, कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट अतिरिक्त 5 फीसदी डेथ बेनेफिट प्रदान करता है। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी, महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि एक संगठन के रूप में, हमारा समर्पण उन उत्पादों को नया और क्यूरेट करने पर है, जो हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट एक ऐसा उत्पाद है, जिसके माध्यम से हमारे ग्राहक एक ही टर्म प्लान के साथ दो पीढ़ियों को सुरक्षित कर सकते हैं। इस उत्पाद की सोचहम भारतीयों द्वारा परिवार, परंपरा और विरासत को दिए जाने वाले महत्व से आती है। मूल्यों, ज्ञान और शिक्षा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी भारतीय संस्कृति में गहराई से समाहित है। यहां एक उत्पाद है जो इन मूल्यों के महत्व को समझता है।

# भारत का निर्यात नौ फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर, व्यापार घाटा 7 माह के शीर्ष पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत से वस्तुओं का निर्यात मई, 2024 में सालाना आधार पर 9 फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में देश से 34.95 अरब डॉलर की वस्तुओं का निर्यात किया गया था। व्यापार घाटा भी पिछले माह बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले अक्तूबर, 2023 में सर्वाधिक 31.46 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ था।

वाणिज्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कच्चे तेल की खरीदारी बढ़ने से मई में आयात भी 7.7 फीसदी बढ़कर 61.91 अरब डॉलर पहुंच गया। मई, 2023 में 57.48 अरब डॉलर का आयात किया गया था। मंत्रालय ने कहा कि इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गईहै।इससे पहले अप्रैल, 2024 में देश का निर्यात घटकर 41.68 अरब डॉलर रहा था। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों यानी अप्रैल-मई में निर्यात 5.1 फीसदी बढ़कर 73.12 अरब डॉलर पहुंच गया। आयात भी 8.89 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 116 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### प्रतिशत–आभूषणनिर्यात में 4.97 फीसदी गिरावट

र प्रतिशत एवं आभूषण का निर्यात मई में 4.97 फीसदी घटकर 20,713.37 करोड़ रुपये रह गया। र प्रतिशत व आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों के मुताबिक, सोने के आभूषणों का निर्यात 13.1 फीसदी बढ़कर 5,507.71 करोड़ पहुंच गया। चांदी के आभूषणों का निर्यात भी बढ़कर 1,103.72 करोड़ रुपये पहुंच गया।हालांकि, तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का सकल निर्यात 14,190.28 करोड़ से घटकर 12,270.54 करोड़ रुपये रह गया।

### आगे भी जारी रहेगी वृद्धि : वाणिज्य सचिव

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, निर्यात के नजरिये से मई उत्कृष्ट महीना रहा है। आगे भी यह प्रवृत्ति जारी रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में महंगाई कम हो रही है। इससे क्रय शक्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे आयात की मांग बढ़ेगी।

### सेवाओं का निर्यात भी बढ़ा

सेवाओं का निर्यात मई में सालाना आधार पर 11.74 फीसदी बढ़कर 30.16 अरब डॉलर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 26.99 अरब डॉलर था। सेवाओं का आयात भी 8.81 फीसदी बढ़कर 17.28 अरब डॉलर पहुंच गया।

कच्चे तेल का आयात मई में 28 फीसदी बढ़कर 20 अरब डॉलर पहुंच गया। इस तरह, 2024-25 के पहले दो महीनों में क्रूड आयात 24.4 फीसदी बढ़कर 36.4 अरब डॉलर पहुंच गया। हालांकि, सोने का आयात घटकर 3.33 अरब डॉलर रह गया। भारत ने जिन पांच देशों को सर्वाधिक निर्यात किया, उनमें अमेरिका, नीदरलैंड, यूएई, मलयेशिया और ब्रिटेन शामिल हैं।

## हर 2 शेयर पर मिलेगा 1 बोनस शेयर, अगले हफ्ते है रिकॉर्ड डेट, 10 साल में निवेशक मालामाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महार प्रतिशत कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड 10 साल में तीसरी बार अपने निवेशकों को बोनस शेयर का तोहफा देने जा रही है। कंपनी 1:2 के रेशियो में बोनस शेयर देने वाली है। यानी, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम हर 2 शेयर पर 1 बोनस शेयर देगी। बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट अगले हफ्ते 21 जून 2024 को है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के शेयर शुक्रवार 14 जून 2024 को 536.25 रुपये पर बंद हुए हैं। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड पिछले 10 साल में तीसरी बार बोनस शेयर दे रही है। कंपनी ने इससे पहले जुलाई 2017 में भी 1:2 के रेशियो में बोनस शेयर दिए थे। यानी, कंपनी ने हर 2 शेयर पर 1 बोनस शेयर दिया। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम ने सितंबर 2016 में 2:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए थे। यानी, कंपनी ने 1 शेयर पर 2 बोनस शेयर दिए। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने पिछले 10 साल में 1 लाख रुपये के निवेश को 28 लाख रुपये से ज्यादा बना दिया है। एचपीसीएल के शेयर 11 जुलाई 2014 को 83.68 रुपये पर थे। अगर किसी व्यक्ति ने उस समय 1 लाख रुपये से एचपीसीएल के शेयर लिए होते तो उसे 1194 शेयर मिलते। अगर पिछले 10 साल में मिले बोनस शेयरों को जोड़ दें तो 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की संख्या बढ़कर 5372 पहुंच जाती। एचपीसीएल के शेयर 14 जून 2024 को 536.25 रुपये पर बंद हुए हैं। ऐसे में 5372 शेयरों का मौजूदा वैल्यू 28.80 लाख रुपये होती। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के शेयरों में पिछले एक साल में 96 पर्सेंट के करीब तेजी आई है। कंपनी के शेयर 15 जून 2023 को 273.85 रुपये पर थे। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के शेयर 14 जून 2024 को 536.25 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 6 महीने में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के शेयरों में 40 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है।

## अडानी के 105 वाले शेयर को खरीदने की मची है लूट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी समूह की एक ऐसी भी कंपनी है जिसके शेयर की कीमत 110 रुपये से कम है। इस शेयर का नाम सांघी इंडस्ट्रीज है। सीमेंट कारोबार से जुड़ी इस कंपनी के शेयर की कीमत अभी 105 रुपये के करीब है। बीते कुछ दिनों से इस शेयर में तूफानी तेजी भी है। बीते शुक्रवार की ही बात करें तो शेयर 103.08 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 112.70 रुपये तक पहुंच गया। वहीं, कारोबार के अंत में शेयर 105.81 रुपये पर बंद हुआ। शेयर में 2.65 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। जनवरी 2024 में 156.20 रुपये के भाव तक पहुंचने वाला यह शेयर पिछले साल जून में 65.58 रुपये के निचले स्तर तक गया था। यह दोनों भाव शेयर के 52 हफ्ते का हाई और लो है।

### शेयर में तेजी की वजह

दरअसल, सांघी इंडस्ट्रीज की प्रमोटर कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने एक बड़ी डील की है। इसके तहत अंबुजा सीमेंट्स ने गुरुवार को हैदराबाद स्थित पेन्ना सीमेंट को 10,422 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर नकद सौदे में खरीदने की घोषणा की। इस अधिग्रहण से समूह को न केवल दक्षिण भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी, बल्कि वह श्रीलंका के बाजार में भी प्रवेश कर सकेगा। इससे पहले, अंबुजा सीमेंट का श्रीलंका में एक थोक सीमेंट टर्मिनल था, जो बाद में स्विटजरलैंड की भवन निर्माण सामग्री बनाने वाली कंपनी होल्सिम का हिस्सा बन गया। होल्सिम ने 2022 में भारत का अपना सीमेंट व्यवसाय अडानी समूह को बेच दिया था।

### बढ़ने वाला है दबदबा

देश के दूसरे बड़े सीमेंट उत्पादक अडानी समूह ने कहा कि वह मौजूदा परियोजनाओं के विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण से उसे 14 करोड़ टन प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता हासिल करने में मदद मिलेगी। कंपनी को यह सौदा अगले तीन-चार महीनों में पूरा हो जाने की उम्मीद है। हालांकि, यह नियामकीय एवं अन्य सरकारी मंजूरियों पर निर्भर करेगा।

## एसबीआई ने दिया ग्राहकों को झटका, महंगी हो जाएगी आपकी हर महीने की ईएमआई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर देश के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के ग्राहक हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, एसबीआई ने अलग-अलग टेन्योर के लिए मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट की दर में 10 बेसिस प्वाइंट (0.1 प्रतिशत) की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद एमसीएलआर बेस्ड लोन लेना महंगा हो जाएगा तो ईएमआई भी पहले के मुकाबले ज्यादा देनी होगी। एसबीआई का फैसला ऐसे समय में आया है जब आरबीआई ने रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। बता दें कि फरवरी, 2023 से ही रेपो रेट स्थिर है। इस बढ़ोतरी से एक साल का एमसीएलआर 8.65 प्रतिशत से बढ़कर 8.75 प्रतिशत हो गया है। वहीं, एक महीने और तीन महीने का एमसीएलआर 8.20 प्रतिशत से बढ़कर 8.30 प्रतिशत है। छह महीने की एमसीएलआर अब 8.55 प्रतिशत से बढ़कर 8.65 प्रतिशत हो गई है। इसके अतिरिक्त, दो साल की एमसीएलआर 8.75 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.85 प्रतिशत कर दी गई है। इसी तरह, तीन साल की एमसीएलआर अब 8.85 प्रतिशत से बढ़कर 8.95 प्रतिशत हो गई है। बता दें कि होम और ऑटो लोन सहित अधिकांश खुदरा ऋण, एक साल की एमसीएलआर दर से जुड़े होते हैं।

बता दें कि एमसीएलआर बढ़ोतरी का आरबीआई के रेपो रेट या ट्रेजरी बिल यील्ड जैसे एक्स्टर्नल बेंचमार्क से बंधे ऋण वाले लेंडर्स पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। अक्टूबर 2019 से एसबीआई सहित बैंकों को मौद्रिक नीति संचरण में सुधार के लिए नए ऋणों को इन एक्स्टर्नल बेंचमार्क से जोड़ना आवश्यक हो गया है।

इस बीच, एसबीआई ने शुक्रवार को कहा कि उसने कारोबार बढ़ाने के लिए बॉन्ड के जरिये 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह राशि वरिष्ठ असुरक्षित अस्थिर दर वाले ऋणपत्रों के जरिए जुटाई गई है। इसकी परिपक्वता अवधि तीन साल है। एसबीआई ने बताया कि ये बॉन्ड 20 जून, 2024 तक उसकी लंदन शाखा के जरिये जारी किए जाएंगे।

# सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाः एक लाख घरों में लगेंगे सोलर पैनल, 90 हजार रुपये की मिलेगी सब्सिडी

**बरेली , एजेंसी।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बरेली जिले में एक लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य है। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गए हैं। बिजली निगम के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र सोनकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। योजना के तहत दो किलोवाट पर 90 हजार व एक किलोवाट पर 45 हजार रुपये की सब्सिडी सरकार की तरफ से दी जा रही है।

नेडा के परियोजना अधिकारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकरण के बाद एक मैसेज मोबाइल फोन पर आएगा। मैसेज आने का मतलब आपका नाम योजना के लाभार्थियों की सूची में शामिल हो गया है। वेबसाइट पर वेंडरों के नाम की सूची है। इनसे सोलर पैनल खरीदे जा सकते हैं।



### 1.30 लाख रुपये में 90 हजार सब्सिडी

इसमें दो किलोवाट का सोलर पैनल 1.30 लाख रुपये में लगाया जा रहा है। इसमें 90 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। इसी तरह से एक किलोवाट का सोलर पैनल करीब 65 हजार का लगेगा। इसके लिए 45 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। पैनल लगवाने के बाद पात्र के घर पर मीटर लगाया जाएगा। इस मीटर में यह पता चल जाएगा कि कितनी बिजली का उत्पादन हुआ व कितनी की खपत हुई।

नेडा के परियोजना अधिकारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले में एक लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन आने शुरू हो गए हैं। बिजली निगम को इसका नोडल बनाया गया है।

## सरकार ने कच्चे तेल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में की कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने शनिवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 5,200 रुपये प्रति टन से घटाकर 3,200 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है।

एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि नई दरें आज (15 जून) से प्रभावी होंगी। भारत पहली बार 1 जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ या विंडफॉल टैक्स लगाकर उन देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं। पिछले दो हफ्तों में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती है।

# देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में हुंडई

### 21 साल में पहली बार आ रहा इस तरह का इश्यू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की कार कंपनी हुंडई भारत में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में है। कंपनी अपनी भारतीय यूनिट में आईपीओ के जरिए करीब 17 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रही है। इस आईपीओ से कंपनी 25,000 करोड़ रुपये (करीब 3 अरब डॉलर) जुटाएगी। इस तरह कंपनी का वैल्यूशन करीब 18 अरब डॉलर या 1.5 लाख करोड़ रुपये होगा। देश में अब तक सबसे बड़ा आईपीओ लाने का रेकॉर्ड एलआईसी के पास है। कंपनी मई 2022 में 21,008 करोड़ रुपये का आईपीओ लाई थी। पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशन के आईपीओ का आकार 18,300 करोड़ रुपये, कोल इंडिया का 15,199 करोड़ रुपये और रिलायंस पावर का आईपीओ 11,563 करोड़ रुपये का था। यह भारत में किसी ऑटो कंपनी का दो दशक से अधिक समय में पहला आईपीओ होगा। इससे पहले देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी साल 2003 में आईपीओ लाई थी।

भारत के ऑटो सेक्टर में मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स पहले ही लिस्ट हो चुकी है जबकि ओला इश्यू लाने की तैयारी में है। मारुति देश की सबसे वैल्यूएबल ऑटो कंपनी है। महिंद्रा एंड महिंद्रा दूसरे और टाटा मोटर्स तीसरे नंबर पर है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने हाल ही में ओला के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। हुंडई पिछले एक साल आईपीओ लाने की तैयारी कर रही थी। माना जा रहा है कि कंपनी जल्दी ही सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करेगी। इस आईपीओ के तहत कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा और हुंडई इंडिया की पेरेंट कंपनी ऑफर फॉर सेल के तहत अपनी हिस्सेदारी बेचेगी। सूत्रों ने बताया कि सिटी इंडिया, जेपी मॉर्गन इंडिया, कोटक महिंद्रा कैपिटल उन मर्चेंट बैंकरों में शामिल हैं जो इस इश्यू को मैनेज करेंगे।




हालांकि हुंडई इंडिया का आईपीओ कब आएगा, इसका समय अभी तय नहीं हुआ है। एक सूत्र ने कहा कि सेबी की प्रक्रिया कुछ महीनों तक चल सकती है। शेयर बाजार अभी रेकॉर्ड ऊंचाई पर हैं और इसमें तेजी बने रहने की उम्मीद है। हुंडई इस स्थिति का फायदा उठाने के लिए जल्दी से जल्दी मंजूरी चाहती है। कंपनी इसलिए भी जल्दबाजी में है क्योंकि पिछले दो सालों में मजबूत वृद्धि देखने के बाद कार बाजार मंदी की ओर बढ़ रहा है। यह वजह है कि हुंडई जल्द से जल्द बाजार में उतरना चाहती है। हुंडई ने आईपीओ से पहले एक आक्रामक विस्तार योजना का संकेत देते हुए कहा है कि वह 2025 तक देश में अपना सालाना प्रॉडक्शन दस लाख यूनिट करेगी। कंपनी का जोर सस्ते इलेक्ट्रिक वाहनों पर होगा। कंपनी ने भारत में 32,000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। इसमें महाराष्ट्र में जीएम के प्लांट को खरीदने की लागत शामिल है। इसका काम अगले साल के मध्य तक पूरा होने की उम्मीद है। इससे कंपनी की मौजूदा प्रॉडक्शन कैपेसिटी 8.2 लाख यूनिट में 2 लाख यूनिट का इजाफा होगा। कंपनी ने ईवी के लिए एक आक्रामक योजना बनाई है। कंपनी अगले साल क्रेटा एसयूवी का इलेक्ट्रिक मॉडल उतार सकती है। साथ ही उसकी साल 2030 तक पांच ईवी मॉडल लॉन्च करने की भी योजना है। हुंडई इंडिया अपने बिक्री नेटवर्क हब का भी उपयोग करेगी। 2030 तक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या को 485 तक बढ़ाया जाएगा। हुंडई ने कहा है कि कंपनी के लिए भारत का रणनीतिक महत्व है और देश से निर्यात पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

## टाटा की 6 कंपनियों पर रेटिंग एजेंसी की नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी रेटिंग एजेंसी-एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने टाटा समूह की 6 कंपनियों को रेटिंग बढ़ने की उम्मीद के साथ क्रेडिट निगरानी में रखा है। ये कंपनियां- टाटा स्टील लिमिटेड, टाटा मोटर्स लिमिटेड, जैगुआर लैंड रोवर ऑटोमोटिव पीएलसी (जेएलआर), टाटा पावर कंपनी लिमिटेड, टीएमएल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और एबीजेए इन्वेस्टमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड हैं।




### क्या कहा एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि रेटिंग संबंधी यह कार्रवाई समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड (अनरेटेड) और उसकी सब्सिडयरी कंपनियों के बीच संबंधों की समीक्षा से पहले की गई है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि उसकी समीक्षा में यह आकलन किया जाएगा कि क्या टाटा संस की ओर से समूह की कंपनियों के लिए असाधारण समर्थन की संभावना पहले के अनुमान से अधिक है। एजेंसी ने कहा कि ऐसा समूह के भीतर परिचालन और प्रबंधन संबंधों में वृद्धि के कारण हुआ है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि समूह की वित्तीय रणनीति पर टाटा संस की स्पष्ट छाप है।

### टाइम ने माना लोहा

बता दें कि हाल ही में टाटा समूह को अमेरिका के प्रतिष्ठित पत्रिका 'टाइम' की वर्ष 2024 की दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली कंपनियों की सूची में जगह मिली है। टाइम पत्रिका ने टाटा को 'टाइटन' श्रेणी में सूचीबद्ध किया। अमेरिकी पत्रिका ने टाटा समूह का जिक्र करते हुए कहा है कि इसके पास इस्पात, सॉफ्टवेयर, घड़ियां, समुद्री केबल और रसायन से लेकर नमक, अनाज, एयर-कंडीशनर, फैशन और होटल तक का विशाल पोर्टफोलियो है। टाइम ने कहा, ''फरवरी में टाटा का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 365 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया जो भारत के पड़ोसी और प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान की समूची अर्थव्यवस्था से भी अधिक है।''

टी20 वर्ल्ड कप में न्यूज़ीलैंड ने युगांडा को 40 रन पर निपटाया

# फिर किया धांसू रनचेज... बने कई अनचाहे रिकार्ड




**त्रिदिनाद, एजेंसी।** न्यूज़ीलैंड ने युगांडा को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मुकाबले में मसलकर रख दिया. सुपर 8 की होड़ से बाहर हो चुकी न्यूज़ीलैंड की टीम ने युगांडा को पहले 18.4 ओवर में 40 रन पर आउट कर दिया, फिर पावरप्ले के अंदर ही टारगेट को चेज कर लिया. युगांडा का 40 रन का स्कोर उसका दूसरा सबसे कम स्कोर है, इससे पहले उसने इसी वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ महज 39 रन बनाए थे, जो नीदरलैंड्स के साथ टी20 वर्ल्ड कप का संयुक्त रूप से सबसे कम स्कोर है. एक समय लग रहा था कि युगांडा की टीम टी20 वर्ल्ड कप में सबसे कम स्कोर के शर्मनाक रिकॉर्ड को बना देगी. शनिवार (15 जून) को त्रिनिदाद के तारोबा में ब्रायन लारा स्टेडियम में इस मैच में कीवी कप्तान केन ने टॉस जीता और पहले पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया.

# यूएसए की टीम ने रच दिया इतिहास

टी-20 वर्ल्डकप 2024

अमेरिका की टीम ने क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। उसने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 राउंड के किए क्वालीफाई कर लिया है। अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान, आयरलैंड और कनाडा की टीमों को पछाड़ते हुए दूसरे दौर में अपनी जगह बनाई है। बता दें, ये पहला मौका है जब अमेरिका की टीम टी20 वर्ल्ड कप में खेल रही है। उसने अपने डेब्यू सीजन में ही अपने खेल से सभी को हैरान कर दिया है।




अमेरिका की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना पहला मैच आयरलैंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में अमेरिका ने 195 रन के टारगेट को चेज करके जीत हासिल की थी। वहीं, अपने दूसरे मैच में उसने पाकिस्तान को हराया था। इस मैच में उसने सुपर ओवर में बाजी मारी थी। हालांकि उसे अपने तीसरे मैच में टीम इंडिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

**डेब्यू सीजन में रच दिया इतिहास-** टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सिर्फ दूसरा ही मौका है जब कोई टीम ने अपने डेब्यू सीजन में ही दूसरे दौर के लिए क्वालीफाई किया है। इससे पहले ये कारनामा आयरलैंड की टीम ने ही किया था।

संक्षिप्त समाचार

## ट्रेंट बोल्ट की टी20 इंटरनेशनल को बाय-बाय

बोले- हम अच्छा नहीं खेल पाए





**तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी।** न्यूज़ीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनका आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट होगा। बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूज़ीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप, एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से 4 टी20 विश्व कप में भाग लिया है।

बोल्ट ने युगांडा पर न्यूज़ीलैंड की 9 विकेट की जीत के बाद कहा कि मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी20 विश्व कप होगा। मुझे बस इतना ही कहना है। युगांडा के खिलाफ मैच से पहले ही न्यूज़ीलैंड की टीम विश्व कप के सुपर 8 दौर से बाहर हो गई थी। टीम अब ग्रुप सी में अपने आखिरी मैच में पापुआ न्यू गिनी का सामना करेगी जो टी20 विश्व कप में 34 साल के इस बाएं हाथ के गेंदबाज का आखिरी मैच होगा। उन्होंने सुपर 8 से बाहर होने पर कहा कि निश्चित रूप से हम टूर्नामेंट में ऐसी शुरुआत नहीं चाहते थे। इसे पचा पाना कठिन है। हम निराश है कि आगे नहीं बढ़ सके लेकिन जब भी आपको देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है, तो यह गर्व का क्षण होता है। इस प्रारूप के विश्व कप में न्यूज़ीलैंड ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस सत्र से पहले टीम 2014 के बाद से हर बार सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि देश के लिए खेलने को लेकर ड्रेसिंग रूम में बहुत गर्व का माहौल है। पिछले कई वर्षों में हमारे रिकॉर्ड बेहतरीन रहे हैं। दुर्भाग्य से बीते सप्ताह हम अच्छा नहीं खेल सके और क्वालीफिकेशन से बाहर हो गए।

## दीक्षा डागर की शानदार शुरुआत, इटालियन ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटालियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में पांच



अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद दीक्षा ऑस्ट्रेलिया की कर्स्टन रूडगेली, स्पेन की फातिमा फर्नांडीज कैनो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी से एक शॉट पीछे हैं।

इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा। दीक्षा के बाद वाणी कपूर (72) का नंबर आता है जो संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। उनके अलावा प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक 73-73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें और रिधिमा दिलावरी (75) संयुक्त 76वें स्थान पर हैं।

**अदिति अशोक मीजर क्लासिक एलपीजीए में संयुक्त 16वें स्थान पर** - भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां मीजर एलपीजीए क्लासिक के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर संयुक्त 16वें स्थान पर है। बेंगलुरु की यह खिलाड़ी अगस्त में अपना तीसरा ओलंपिक खेल खेलने के लिए तैयार है। ऐसे में उनके लिए कुछ लय हासिल जरूरी होगा। अदिति ने छठे, आठवें और 18वें होल में बर्डी लगाकर 70 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर छह-अंडर 138 का है।

हॉकी

# जूनियर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 सदस्यीय संभावित स्क्वाड का ऐलान



**बेंगलुरु, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को आगामी जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो 16 जून से बेंगलुरु में एसएआई में शुरू होगा। यह शिविर जूनियर पुरुष टीम के यूरोपीय दौरे के बाद आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले टीम ने 20 से 29 मई तक बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ पांच मैच खेले। इस दौरे के दौरान भारत ने अपने पहले मैच में बेल्जियम के खिलाफ 2-2 (4-2 शूटऑउट) से जीत हासिल की, लेकिन उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दूसरे मैच में 2-3 से हार गया। उन्हें ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग के खिलाफ 5-4 से मामूली हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के खिलाफ, वे पहले मैच में 2-3 से हार गए लेकिन वापसी मैच में 1-1 (3-1 शूटऑउट) से जीत गए, जो दौरे का अंतिम मैच भी था।

आगामी शिविर, कोच जनार्दन सीबी के नेतृत्व में और हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर हरमन क्रुइस की देखरेख में 63 दिनों तक चलेगा और 18 अगस्त को समाप्त होगा। इस समूह में पांच गोलकीपर शामिल हैं- प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह, आदर्श जी, अश्विनी यादव और अली खान।

शिविर में फॉरवर्ड मोहित कर्मा, मोहम्मद जैद खान, मोहम्मद कोनैन दाद, सौरभ आनंद कुशवाह, अरिजीत सिंह हुंदल, गुरजोत सिंह, प्रभदीप सिंह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और गुरसेवक सिंह हैं।

डिफेंडर में शारदा नंद तिवारी, आमिर अली, मनोज यादव, सुखविंदर, रोहित, योगंबर रावत, अनमोल एक्का, प्रशांत बारला, आकाश सोरेंग, सुंदरम राजावत, आनंद वाई और तलेम प्रियो बार्टा शामिल हैं।

शिविर में शामिल होने वाले मिडफील्डर्स में बिपिन बिल्लवारा रवि, वचन एच ए, अंकित पाल, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो, रितिक कुजूर, थौनाओजम इंगलेम्बा लुवांग, थोकचोम किंगसन सिंह, अंकुश, जीतपाल, चंदन यादव, मनमीत सिंह और गोविंद नाग शामिल हैं। आगामी शिविर के बारे में कोच जनार्दन सीबी ने कहा, यह शिविर भविष्य की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे पास खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली समूह है और इस प्रशिक्षण सत्र से उन्हें अपनी क्षमता के बारे में जानने में मदद मिलेगी।

# स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का समापन समारोह में वित्त सचिव ठकराल के उदगार



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार के वित्त सचिव नरेश कुमार ठकराल ने कहा कि सीमित साधनों में यूनियन फुटबॉल क्लब ने एक महीने तक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का सफल आयोजन किया। मैं विभिन्न टूर्नामेंट आयोजनों में यहां आता रहा हूं, जीवन में खुश रखने वाले चार तत्व हार्मोन्स खेल मैदान में खिलाड़ियों को स्वतः मिल जाते हैं। आगामी गुरुवार 20 जून को प्रातः 6 बजे यूनियन ग्राउंड में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्री ठकराल ने हाथ खड़े करा कर सहमति ली। नरेश कुमार ठकराल ने क्लब सचिव महिपाल स्वामी , क्लब कोऑर्डिनेटर एवं स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप अभिनव स्वामी, कबड्डी कोच राजनारायण शर्मा, योग फिटनेस शिक्षक भव्या राजावत, ग्राउंड इंचार्ज विजयदीप, फुटबॉल कोच हर्षवर्धन, यशवर्धन आदि के योगदान को सरहरना की। उपस्थित अभिभावकों और खिलाड़ियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में महिपाल स्वामी ने कहा कि, प्रशासन और शासन का निश्चछल सहयोग मिलता रहा तो आगामी आठ वर्षों में यूनियन फुटबॉल क्लब वर्ल्ड कप में भारतीय फूटबॉल टीम क्वालीफाई करा देगा।

टी-20 वर्ल्डकप

# सूरत के इस पारसी क्रिकेटर का था लॉस एंजिल्स में राज, जादुई गेंदबाजी से तोड़ रखी थी अच्छे-अच्छों की कमर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 19वीं सदी के आखिर में दक्षिणीक्ष कैलिफोर्निया में क्रिकेट की शुरुआत हुई, ये अमेरिका में इस खेल के शुरू होने के 200 साल बाद था। लेकिन वहां के लोगों ने इसे बहुत जल्दी अपना लिया। हर साल गर्मियों में मई के महीने में क्रिकेट का सीजन शुरू होता था। लॉस एंजिल्स, सांता मोनिका, सैन डिएगो और सैन फ्रांसिस्को (मध्य कैलिफोर्निया में) जैसे कई इलाकों की अपनी-अपनी लीग थीं। सीजन की शुरुआत लीग की टीमों के बीच अभ्यास मैचों से होती थी और अंत के करीब लॉस एंजिल्स की एक संयुक्त टीम उस इलाके के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों वाली सांता मोनिका 11 के साथ डुडली कप के लिए खेलती थी। साल दर साल क्रिकेट सीजन चलता रहा, कोई खास उलटफेर नहीं हुआ, लेकिन 1907 की गर्मियों में एक भारतीय की फिरकी गेंदबाजी ने सबको चौंका दिया।

**इस भारतीय का था अमेरिका में जलवा** - यह भारतीय थे मानेकजी जमशेदजी भुमगारा, जो सूरत के रहने वाले पारसी थे। लॉस एंजिल्स की अपनी लीग टीम के लिए उनकी गेंदबाजी धूम मचाने लगी। उन्हें ईस्ट इंडियन कहा जाता था और अखबारों में उनकी गेंद को घुमाने के हुनर की तारीफ की जाती थी। वह अक्सर एक ही पारी में विपक्षी टीम के 5 बल्लेबाजों को आउट कर देते थे और उनकी जीत में अहम भूमिका निभाते थे। कभी-कभी वह बल्लेबाजी में भी कमाल दिखाते थे। भुमगारा 1905 के आसपास लॉस एंजिल्स आए थे। अपने पहले सीजन में वह वहां की तीन लीग टीमों में से एक वांडरर्स के लिए खेले। 8 जुलाई 1907 को लीग के एक महत्वपूर्ण मैच में उनकी टीम मैरीलेबोन क्लब के खिलाफ खेली। भुमगारा ने 16 रन बनाए, उनकी टीम ने सिर्फ 59 रन बनाए - वह केवल तीन खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने डबल फिगर स्कोर बनाया। उन्होंने 5 विकेट लिए और वांडरर्स ने टेस्ट (जिसमें सिर्फ एक-एक पारी होती थी) 6 रन से जीत लिया. उस पहले सीजन में भुमगारा ने लीग मैचों में



औसतन 5.2 रन देकर 20 विकेट लिए। सांता मोनिका 11 के खिलाफ टेस्ट मैचों में उन्होंने 5.5 की औसत से 11 विकेट लिए। अगले सीजन में वह मैरीलेबोन क्लब के लिए खेलने लगे, गेंदबाजी में उनका जलवा बरकरार रहा।

**अपने इशारों पर बल्लेबाजों को नचाते थे** - अखबारों में जिंगेरिस के खिलाफ उनके प्रदर्शन की खूब चर्चा हुई, जिंगेरिस लॉस एंजिल्स लीग की तीसरी टीम थी। भले ही उनकी टीम 4 रन से हार गई, लेकिन उन्होंने 5 विकेट लिए। लीग के एक और मैच में भी उन्होंने जिंगेरिस के खिलाफ 5 विकेट लिए, लॉस एंजिल्स टाइम्स ने लिखा कि अगर उनकी टीम के खिलाड़ियों ने इतने कैच नहीं छोड़े होते तो वह और विकेट ले सकते थे। उन दिनों ज्यादातर मैचों में कम रन बनते थे, बल्लेबाज डबर फिगर स्कोर मुश्किल से ही हासिल कर पाते थे। 1909 में भाम्गारा फिर से वांडरर्स के लिए खेले। अक्सर दूसरे इलाकों की टीमें दक्षिणी कैलिफोर्निया का दौरा करती थीं।

**दक्षिणी कैलिफोर्निया में काफी लोकप्रिय हो चुका था खेल** - दक्षिणी कैलिफोर्निया में अक्सर क्रिकेट टीमें आया करती थीं। 1908 में, एरिजोना के क्लिफ्टन क्रिकेट क्लब - जिसके ज्यादातर खिलाड़ी ब्रिटिश कंपनी एरिजोना कॉपर कंपनी के थे - लॉस एंजिल्स का दौरा करने आए और कई मैच खेले। भुमगारा ने शानदार गेंदबाजी की और 9 विकेट लिए (पहले मैच में ही उन्होंने 6 विकेट लिए) और लॉस एंजिल्स की टीम को मेहमानों को हराने में मदद की। उसी साल, सैन फ्रांसिस्को की एक टीम भी आई थी। उस वक्त तक, दक्षिणी कैलिफोर्निया में क्रिकेट काफी लोकप्रिय हो चुका था। अमेरिका में इससे पहले भी क्रिकेट क्लब हुआ करते थ। शायद सबसे पहला 1854 में बना फिलाडेल्फिया क्रिकेट क्लब था। भुमगारा न्यूयॉर्क से लॉस एंजिल्स के पासाडेना आए थे। 1904 में न्यूयॉर्क पहुंचने के दस्तावेजों से पता चलता है कि उनका जन्म 27 जुलाई 1878 को सूरत में हुआ था। वह इंग्लैंड जाने से पहले बॉम्बे गए थे, जहां वो 10 साल तक रहे (ज्यादातर लंदन और लिवरपूल में)। वह खुद को एक आर्ट मर्चेंट बताते थे।

# चोटिल मुजीब उर रहमान टी20 विश्व कप से बाहर, जजई टीम में शामिल



**एंटीगुआ, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के शेष मैचों के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की टीम में बदलाव किया है। चोट के कारण ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान की टीम हालांकि टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट के सुपर आठ में पहुंच गई है। अफगानिस्तान की ऑफ स्पिनर 23 वर्षीय मुजीब हाल के वर्षों में टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, जिसके नाम पर 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 59 विकेट हैं और प्रारूप में 6.35 की शानदार करियर इकोनॉमी है, लेकिन मुजीब ने ग्रुप सी में अफगानिस्तान के सिर्फ एक मैच में खेला। उसने युगांडा के खिलाफ तीन ओवरों में 16 रन देकर एक विकेट लिया।

ऑफ स्पिनर की दाहिनी तर्जनी के जोड़ की चोट इतनी गंभीर है कि मुजीब को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ सकता है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आईसीसी इवेंट टेक्निकल कमेटी ने मुजीब की जगह हजरतुल्लाह जजई को खिलाने के अफगानिस्तान के अनुरोध को मंजूरी दे दी है।

**अफगानिस्तान की टीम-** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक, हजरतुल्लाह ज़ज़ाई और रिजर्व में सेदिक अटल, सलीम सफ़ी हैं। टी-20 टूर्नामेंट के मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच से पहले ही अफगानिस्तान सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई कर चुका है। सुपर आठ मुकाबलों में उनका सामना भारत, ऑस्ट्रेलिया और ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा।

# कंफर्म: पाकिस्तान टी20 विश्वकप 2024 से बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 में सुपर 8 में पहुंचने में फेल हो गई है। पाकिस्तान को यूएसए और भारत से मुकाबला गंवाना महंगा पड़ गया। शुक्रवार को फ्लोरिडा के लॉडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में आयरलैंड और यूएसए का मुकाबला बारिश के कारण रद्द होने से पाकिस्तान को घाटा पड़ा। पाकिस्तान को सुपर 8 में आगे बढ़ने के लिए यहां यूएसए की हार चाहिए थी लेकिन मुकाबला रद्द होने से यूएसए एक अंक लेकर सुपर 8 के लिए क्वालिफाई कर गया। पाकिस्तान के लिए एक बुरी खबर और भी है। उनका आगामी मुकाबला इसी लॉडरहिल के मैदान पर होना है। जहां आगामी दिनों में बारिश बताई जा रही है। अगर वह मुकाबला न हुआ तो पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सिर्फ एक जीत के साथ ही बाहर हो जाएगा। पाकिस्तान के लिए यह बड़ा झटका होगा क्योंकि टी20 विश्व कप के पिछले 2022 संस्करण में वह इंग्लैंड के साथ फाइनल खेली थी।

## ऐसे रहे पाकिस्तान के मुकाबले

**बनाम यूएसए: सुपर ओवर में हारे-** पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए बाबर आजम ने 44 तो शादाब खान के 40 रनों की बदौलत 159 रन बनाए। जवाब में यूएसए ने मोनाक पटेल के 50, गौंस 35, एरोन जोंस 36 की मदद मैच टाई करवा लिया। सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए 18 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 13 रन ही बना पाई और 5 रन से मुकाबला गंवा दिया।

**बनाम भारत: 6 रन से हारे-** भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए ऋषभ पंत के 42 रनों की बदौलत 119 रन बनाए थे। नसीह और हारिस ने 3-3 विकेट निकाले। जवाब में पाकिस्तान की टीम 113 रन ही बना पाई। जसप्रीत बुमराह 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लेने में सफल रहे।

**बनाम कनाडा: 7 विकेट से जीते-** कनाडा ने पहले खेलते हुए एरोन जोनसन के 52 रनों की बदौलत 106 रन ही बनाए। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद आमिर और हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए। पाकिस्तान ने जवाब में खेलते हुए मोहम्मद रिजवान के 53 और बाबर आजम के 33 रनों की बदौलत जीत हासिल कर ली।

## निष्कर्ष

पाकिस्तान को यूएसए और भारत से हार के कारण बड़ा घाटा पड़ा। वहीं, यूएसए की टीम कनाडा और पाकिस्तान पर जीत और आयरलैंड के खिलाफ मैच रद्द होने से अंक तालिका में पांच अंक बनाने में सफल रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस और मिस्र भूमध्य सागर में करेंगे संयुक्त नौसैनिक अभ्यास



**मास्को, एजेंसी।** रूस के पैसिफिक फ्लीट (प्रशांत महासागर में रूसी नौसेना का बेड़ा) के दो युद्धपोत भूमध्य सागर में मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास में भाग लेंगे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को इसकी घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मंत्रालय के हवाले से बताया कि मिसाइल क्रूजर वर्याग और फ्रिगेट मार्शल शापोशनिकोव सहित पैसिफिक फ्लीट के लड़ाकू जहाजों का एक समूह मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में भाग लेने के लिए मिस्र के बंदरगाह अलेक्जेंड्रिया के लिए रवाना हो गया है। मंत्रालय ने बताया कि अभ्यास के दौरान मिस्र की नौसेना का प्रतिनिधित्व फ्रिगेट ईएनएस अल-कादिर द्वारा किया जाएगा। अभ्यास पैसेक्स (पैसेज एक्सरसाइज) प्रारूप में आयोजित किया जाएगा, जो विभिन्न देशों के बेड़ों के बीच युद्ध समन्वय तकनीकों में महारत हासिल करने पर केंद्रित है। अभ्यास में संयुक्त युद्धाभ्यास, संचार प्रशिक्षण और निरीक्षण कार्रवाई जैसे तत्व शामिल होंगे।

### अमेरिका के 'एम्यूजमेंट पार्क में अचानक झूला हो गया खराब, चिल्लाते रह गए हवा में उल्टे लटके 30 लोग

**पोर्टलैंड, एजेंसी।** अमेरिका के ओरेगन राज्य के मनोरंजन पार्क में दर्जनों मेहमान उद्घाटन के दिन झूले में खराबी के कारण हवा उल्टे लटके रह गए। झूले में खराबी पार्क के गर्मियों के लिए खुलने के पहले दिन आई। अधिकारियों ने कहा कि मदद आने तक लगभग 30 लोग उल्टे लटके रहे। आपात सेवा के कर्मियों ने एक विशाल झूले में खराबी आने के कारण बीच हवा में करीब आधे घंटे तक लटके रहे 30 लोगों को सुरक्षित बचा लिया। यह झूला एक दशक पुराने 'एम्यूजमेंट पार्क में लगा हुआ था। अग्निशमन सेवा 'पोर्टलैंड फायर एंड रेस्क्यू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा कि दमकल कर्मियों ने 'ओक्स पार्क के इंजीनियरों के साथ मिलकर झूले को नीचे उतारा और साथ ही जरूरत पड़ने पर रस्सी के सहारे लोगों को नीचे उतारने के भी इंतजाम किए गए थे। इसने कहा कि झूले पर सवार सभी लोगों को नीचे उतार लिया गया और सभी लोग सुरक्षित हैं। पास के अन्य झूले पर सवार लोगों ने घटना का वीडियो बनाया जिसमें 'एटमॉसफियर नामक झूला हवा में रुका हुआ दिखाई देता है।

### रामाफोसा एक बार फिर दक्षिण अफीका के राष्ट्रपति चुने गए, जूलियस मालेमा को बड़े अंतर से हराया

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफीकी संसद ने सिरिल रामाफोसा को एक बार फिर से 5 सालों के लिए राष्ट्रपति के रूप में चुन लिया है, जबकि उनकी अफीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) ने एक कुछ पहले हुए आम चुनावों में केवल 40 प्रतिशत वोट ही हासिल किए थे। रामफोसा ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों नेता जूलियस मालेमा के खिलाफ जोरदार जीत हासिल की, जिसे संसद में भी नामांकित किया गया था। रामफोसा को 283 जबकि मालेमा को सिर्फ 44 वोट मिले। ऐसा अनुमान जताया जा रहा है कि रामफोसा बुधवार को अपने मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। शुक्रवार रात जैसे ही चुनाव का परिणाम आया वैसे ही कई दिनों से चली आ रही चुनावी अटकलें भी खत्म हो गई। कुछ लोगों ने दक्षिण अफीकी राजनीति में एक नए युग के रूप में गठबंधन का स्वागत किया, जिनका मानना है कि ये गठबंधन भाईचारे को बढ़ाएगा और बीमार अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। एएनसी महासचिव फिकिले मबालुला ने मीडिया से कहा कि हमको 60 लाख लोगों ने वोट दिया है, जो चाहते हैं कि हम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए परिवर्तन लाएं। उन्होंने कहा कि एएनसी अकेले ये काम नहीं कर सकती है।

### चीन के साथ अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन बनाएगा रूस, पुतिन ने योजना को दी मंजूरी

**बीजिंग, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीन के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह एक महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष परियोजना है जिसकी घोषणा दोनों करीबी पड़ोसियों ने पहले की थी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'स्पूतनिक' ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन (आईएलआरएस) से संबंधित दस्तावेज बुधवार को रूस के आधिकारिक कानूनी सूचना पोर्टल पर प्रकाशित किया गया। चीन के चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के मुख्य डिजाइनर वू वेइरेन ने इस साल अप्रैल में कहा था कि आईएलआरएस में चंद्र सतह पर खंड, चंद्र कक्षा पर खंड तथा पृथ्वी पर खंड शामिल होंगे तथा इसका निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। वू के अनुसार, आईएलआरएस निर्माण परियोजना के पहले चरण में 2035 तक चंद्र दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में एक बुनियादी स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।

### दलाई लामा से मिलने अगले सप्ताह भारत आएगा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल


**वाशिंगटन , एजेंसी।** यूएस हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल और पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी समेत अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मिलने के लिए धर्मशाला पहुंचेगा। अमेरिकी कांग्रेस ने इस महीने तिब्बत की स्थिति और शासन पर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए एक कानून पारित किया है।

# रूस की जब्त संपत्तियों से यूक्रेन को अरबों का लोन देंगे अमेरिका-यूरोप, पुतिन बोले- करारा जवाब मिलेगा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने बड़ा कदम उठाया है। रूस की संपत्तियों को जब्त कर ये देश अब यूक्रेन को अरबों डॉलर का कर्ज देंगे। अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस की प्रतिबंधित संपत्तियों को उस समय तक जब्त रखे जाने पर सहमति जताई है, जब तक कि वह यूक्रेन पर हमले के लिए क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं कर देता। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इस कदम से जी-7 शिखर सम्मेलन में नेताओं द्वारा कीव के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पैकेज की घोषणा करने का रास्ता साफ हो गया है। अधिकारी ने कहा कि पहला भुगतान इसी वर्ष किया जाएगा, लेकिन यूक्रेन को सारा पैसा खर्च करने में समय लगेगा। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर समझौते की जानकारी दी, जिसे शुक्रवार को जी-7 नेताओं की विज्ञप्ति में शामिल किया जाएगा। रिपोर्टों के मुताबिक, जी-7 देशों के समूह ने यूक्रेन के लिए 50 अरब डॉलर का ऋण देने के लिए रूस की फ्रीज की हुई संपत्तियों का इस्तेमाल करने की योजना की घोषणा की है।

पुतिन बोले- करारा जवाब मिलेगा पुतिन इस कदम से भड़के हुए हैं। रूस के राष्ट्रपति ने पश्चिमी देशों द्वारा फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों का इस्तेमाल करके ऋण पैकेज प्रदान करने के समझौते की



निंदा की है। उन्होंने कहा है कि रूस इस कदम का करारा जवाब देगा। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक बैठक में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देशों के नेता हमारी संपत्ति फ्रीज करने के लिए किसी तरह का कानूनी आधार बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सभी चालों के बावजूद, वे चोरी ही कर रहे हैं। पुतिन ने कहा, चोरी तो चोरी होती है और चोर को सजा दिए बिना नहीं छोड़ सकते। पुतिन ने कहा कि ऐसे तो वे किसी की भी संपत्ति जब्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम उठाने वालों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता।

रूस की कौन सी संपत्तियों को जब्त कर यूक्रेन की मदद की जाएगी, इसको लेकर आने वाले एक हफ्ते में डील को अंतिम रूप दिया जा सकता है। यूक्रेन को इस साल के अंत तक पैसे मिलने की उम्मीद है। हालांकि, रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शुक्रवार को इस समझौते को खारिज करते हुए कहा कि यह सिर्फ कागज़ के टुकड़े हैं। रूसी समाचार एजेंसियों ने जखारोवा के हवाले से कहा, ये समझौते कुछ भी नहीं हैं। इनमें कोई भी कानूनी आधार नहीं है। सब फर्जी है। क्या हैं रूस की फ्रीज की हुई संपत्तियां? रूस द्वारा 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद कई पश्चिमी देशों ने अपने क्षेत्र में रूसी सेंट्रल बैंक की संपत्तियां फ्रीज कर दी हैं। ये संपत्तियां लगभग 300 बिलियन डॉलर की हैं। जब्त की गई संपत्तियों से ब्याज के माध्यम से सालाना लगभग 3 बिलियन डॉलर की आय हुई है, और अमेरिका लंबे समय से इस पैसे का इस्तेमाल यूक्रेन के लिए करने को कहता रहा है। अधिकांश संपत्तियां यूरोपीय संघ के भीतर रखी और मैनेज की जाती हैं। यूरोपीय संघ के अधिकारियों का कहना है कि इन संपत्तियों से जो भी ब्याज बना है वह कॉन्ट्रैक्ट के हिसाब से रूस नहीं देना है और इसलिए वह पैसा उन्हीं देशों के पास रह सकता है जहां ये संपत्तियां हैं। हालांकि कई देशों ने रूस की फ्रीज की गई संपत्तियों को यूक्रेन को सौंपने के लिए दबाव डाला है - लेकिन यह विवादास्पद मामला है, और इसके लिए संभवतः अदालतों से मंजूरी की आवश्यकता होगी और यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो सकता है।

### ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में बोले सचिन पायलट- बीजेपी को अहंकार ले डूबा

**लंदन, एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीए सचिन पायलट ने इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के ब्लावात्निक स्कूल ऑफ गवर्नमेंट के स्टूडेंट्स और टीचर्स से संवाद किया।सचिन पायलट ने भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने जिस तरह अहंकार में आकर 400 सीट जीतने का नारा दिया, उसमें घमंड झलक रहा था। पायलट ने कहा कि बीते 10 साल में सरकार ने एकतरफा फैसले लेने की कोशिश की है। उन्होंने नोटबन्दी को बिना तैयारी के लिया गया निर्णय बताया और कहा कि जिस तरह बिना तैयारी के नोटबन्दी की गई, उसके खराब परिणाम आए. लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पायलट ने आरोप लगाया कि भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की छवि खराब करने के कई प्रयास किए. पायलट ने कहा- राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए भाजपा और उनके समर्थक मीडिया ने कई संसाधन झोंके। सोशल मीडिया समेत कई जगहों पर राहुल गांधी की छवि खराब करने के प्रयास हुए। सचिन पायलट ने भाजपा के कमजोर प्रदर्शन के पीछे के कारण भी गिनाए. उन्होंने कहा भाजपा की नीतियों से जनता परेशान हो गई थी। बीते 10 साल के शासन में पार्टी ने एकतरफा फैसले किए थे।

### आप एक धोखेबाज हैं; बाइडेन ने ट्रंप को इस अंदाज में कहा हैप्पी बर्थडे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** हाल ही में हश मनी मामले में दोषी ठहराए गए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज अपना 78वां जन्मदिन मना रहे हैं। मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। साथ ही उन्होंने अपनी चुनावी अभियान से भी जोड़ा है। जो बाइडेन ने अपने चुनावी अभियान के तहत डोनाल्ड ट्रंप को दिलचस्प अंदाज में बधाई दी। डोनाल्ड ट्रम्प 78 वर्ष के हो गए और इसलिए बाइडेन ने ट्रम्प की 78 उपलब्धियों को गिनाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रम्प के कार्यों के साथ अपने कार्यों की तुलना करते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया है। जो बाइडेन की ओर से ट्रम्प को जन्मदिन के संदेश जारी किया गया। इसमें उन्होंने कहा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति एक असफल और धोखेबाज़ व्यक्ति हैं।

अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं और राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाले दो प्रमुख-पार्टी के उम्मीदवार (ट्रम्प और राष्ट्रपति जो बाइडेन) अमेरिका के इतिहास के अब तक के सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं। जो बाइडेन 81 साल के हैं, जबकि ट्रम्प 78 वर्ष के हैं। बाइडेन के कैंपेन की ओर से एक वीडियो जारी कर लिखा गया, जन्मदिन मुबारक हो, डोनाल्ड। आप एक बदमाश, एक असफल, एक धोखेबाज और हमारे लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था, अधिकारों और भविष्य के लिए खतरा हैं,। इसमें आगे बाइडेन ने कहा, अमेरिका की ओर से, आपके 79वें जन्मदिन के लिए हमारा गिफ्ट पहले से ही यह सुनिश्चित करना होगा कि आप फिर कभी राष्ट्रपति न बनें। इसके अलावा, बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन ने ट्रम्प की 78 उपलब्धियों की एक दिलचस्प लिस्ट भी शेयर किया। इसमें कहा गया कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति विभिन्न आरोपों में दोषी ठहराए जाने वाले पहले राष्ट्रपति हैं। रिपब्लिकन ट्रंप और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच उम्र और दिमागी सेहत चर्चा का विषय रहती है।

**बाइडेन यह भी नहीं जानते कि वे कहाँ हैं: ट्रंप :** डोनाल्ड ट्रंप ने अपने जन्मदिन पर फ्लोरिडा में भीड़ को संबोधित किया और जो बाइडेन को दूसरा कार्यकाल संभालने के लिए बहुत कमज़ोर बताया। ट्रंप ने कहा, हमारे देश को अक्षम लोग बर्बाद कर रहे हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, सभी राष्ट्रपतियों के लिए एक एप्टीट्यूड टेस्ट होनी चाहिए। बाइडेन का मज़ाक उड़ाते हुए ट्रंप ने कहा कि बाइडेन अक्सर यह भी नहीं जानते कि वे कहाँ हैं।

### म्यांमार में जनता तक नहीं पहुंच पाएंगी सूचनाएं, सैन्य सरकार ने वीपीएन को ब्लॉक किया

**नाएप्यीडॉ , एजेंसी।** म्यांमार की सैन्य सरकार ने इंटरनेट पर मुफ्त संचार को रोकने, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन तक पहुंच बंद करने के लिए बड़े पैमाने पर काम शुरू कर दिया है। मोबाइल फोन ऑपरेटरों, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, प्रमुख विपक्षी समूह और मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सूचना को प्रतिबंधित करने का यह काम मई महीने के आखिरी में ही शुरू हो गया था। पहले भी कई बार इंटरनेट सेवाओं को रोका जा चुका है आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार को हटाकर फरवरी 2021 में सत्ता संभालने वाली सैन्य सरकार ने इंटरनेट पर ट्रैफिक को कम करने के लिए पहले भी कई कोशिश की है। खासतौर से जब सेना सत्ता पर काबिज हुई थी, उस वक्त उन्होंने इंटरनेट पर काफी प्रतिबंध लगाया। मोबाइल पर वीपीएन ऐप पाए जाने के बाद 25 लोग गिरफ्तार सरकारी फंड से चलने वाले रेडियो फ्री एशिया ने बताया कि म्यांमार के मध्य तटीय अय्यारवाडी क्षेत्र में लगभग 25 लोगों इस सप्ताह सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार करके जुर्माना लगाया गया है। इन सभी लोगों के मोबाइल फोन पर वीपीएन ऐप पाया गया था, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की। सेना को देश भर में लोकतंत्र समर्थकों से कड़ी सशस्त्र चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण गृहयुद्ध जैसे हालात हैं।

# यदि यूक्रेन अपने सैनिकों को वापस बुला ले, तो रूस उसके साथ बातचीत को तैयार : पुतिन

**मॉस्को, एजेंसी।** स्विट्जरलैंड में यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन से पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि अगर यूक्रेन डोनबास, खेरसॉन और जापोरिज्जिया से अपने सैनिकों को पूरी तरह से वापस बुला ले, तो रूस उसके साथ बातचीत को तैयार है।


आरटी के मुताबिक पुतिन ने विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कीव द्वारा सैनिकों की वापसी की घोषणा करने और नाटो में शामिल होने की योजना को छोड़ने पर हम उसके साथ संघर्ष विराम और बातचीत शुरू कर देंगे।

रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि यदि पश्चिम देश और यूक्रेन फिर से उसके शांति प्रस्ताव को अस्वीकार करते हैं, तो भविष्य में रक्तपात के लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि रूस अस्थायी युद्ध विराम नहीं, बल्कि स्थायी शांति चाहता है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। राष्ट्रपति पुतिन ने जोर देकर कहा कि यूक्रेन की सरकार को देश की रूसी भाषी आबादी के अधिकारों और स्वतंत्रता की भी गारंटी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी समझौतों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी जानी चाहिए और रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों को हटाया जाना चाहिए। रूसी राष्ट्रपति ने 15 और 16 जून को स्विट्जरलैंड में प्रस्तावित यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन को कीव की वर्तमान सरकार को वैधता देने की कोशिश करार दिया। क्योंकि यूक्रेनी नेता व्लादिमीर जेलेंस्की का राष्ट्रपति कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो चुका है। उन्होंने इस साल होने वाला राष्ट्रपति चुनाव भी रद्द कर दिया है।

पुतिन ने कहा कि यूक्रेन के साथ संघर्ष शुरू होने के समय क्रीमिया प्रायद्वीप के लिए भूमि गलियारे की सुरक्षा की गारंटी देने पर मॉस्को खेरसॉन और जापोरिज्जिया क्षेत्रों पर सैद्धांतिक रूप से कीव को संप्रभुता बनाए रखने के लिए तैयार था। ये क्षेत्र अब रूस का हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, बाद में, इन दोनों क्षेत्रों के निवासियों ने जनमत संग्रह में रूस में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध सांस्कृतिक रूप से करीबी दो देशों के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि यह आक्रामक और लापरवाह पश्चिमी नीतियों का परिणाम है। राष्ट्रपति पुतिन ने रूसी संपत्तियों को जब्त करने के पश्चिमी देशों के निर्णय को चोरी करार दिया और ऐसा करने वालों को दंडित करने का संकल्प लिया। उन्होंने दावा किया कि रूस की संपत्तियों को यूक्रेन में स्थानांतरित करने का कदम वैश्विक वित्तीय प्रणाली को तहस-नहस कर देगा। पश्चिमी देशों के इस दावे को खारिज करते हुए कि रूस नाटो देशों पर हमला कर सकता है, उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह बकवास है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश हथियारों की होड़ को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। पुतिन ने कहा कि यूरोप के लिए मुख्य खतरा रूस से नहीं, बल्कि सैन्य, राजनीतिक, तकनीकी और वैचारिक रूप से अमेरिका पर उसकी निर्भरता से है। उन्होंने कहा कि उनके देश और नाटो के पास सह-अस्तित्व और साथ मिलकर काम करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि वे एक ही महाद्वीप पर स्थित हैं। खराब संबंधों के बावजूद इस वास्तविकता को झुठलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी मौजूद थे।

## जी-7 से इतर पीएम मोदी ने की जापान के प्रधानमंत्री से मुलाकात, हाई स्पीड रेल परियोजना को लेकर चर्चा

**अपुलिया, एजेंसी।** इटली के अपुलिया में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन से परे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच भारत में पांच ट्रिलियन येन के निवेश के साथ मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना को लेकर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री से की मुलाकात भारत-जापान के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री के कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, भारत-जापान संबंधों को बढ़ावा दे रहे हैं। इटली में जी-7 सम्मेलन से इतर पीएम मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इन दोनों नेताओं के बीच व्यापार, लोगों से लोगों तक, सरकार से सरकार तक जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएमओ ने एक्स पर कहा, चर्चा में रक्षा, हाई स्पीड रेल बुनियदी ढांचे जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को बढ़ावा देने के साथ बी2बी, पी2पी और ज2जी संबंधों और व्यापार को मजबूत करना शामिल था। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा, लगातार तीसरी बाद प्रधानमंत्री पद संभालने



के लिए फुमियो किशिदा ने पीएम मोदी को बधाई दी। पीएम मोदी ने इस बधाई के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने पुष्टि की कि तीसरे कार्यकाल में जापान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्राथमिकता मिलेगी। बयान में आगे कहा गया, भारत और जापान सात अहम क्षेत्रों में सहयोग करेंगे, इसमें मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट, भारत-जापान औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मक साझेदरी शामिल हैं। पीएम मोदी ने ट्वीट कर दी जानकारी पीएम मोदी ने भी एक्स पर जापान के प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात की जानकारी दी। उन्होंने कहा, इटली में जी7 से इतर जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मिलकर खुशी हुई। शांति, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत और जापान के साथ मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। हम रक्षा, तकनीक, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और डिजीटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। अपने दूसरे पोस्ट में पीएम मोदी ने जर्मनी चांसलर के साथ कुछ तस्वीरें साझा की। इसी के साथ उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि उनके साथ आज की बैठक सार्थक रही।

## वेस्ट बैंक में इजरायली रेड में 3 फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्लाह, एजेंसी।** उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन में कबातिया शहर में इजरायली सेना ने रेड की जिसमें तीन फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायल ने फिलिस्तीनी सुरक्षा समन्वय कार्यालय को बताया कि गुरुवार को एक घर के अंदर रेड डाली गई जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। ये जानकारी फिर जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को दी।



इजरायली सेना ने कई घंटों तक घर को घेरे रखा जहां तीनों युवक थे। उनकी पहचान उजागर नहीं की गई है। सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में एक इजरायली बुलडोजर को घर में मारे गए लोगों में से एक के शव को बाहर निकालते और उसे जमीन पर पटकते हुए दिखाया गया है। तीनों युवक इस्लामिक जिहाद के जेनिन बटालियन से जुड़े थे और जेनिन में ही रहते थे। इजरायली सेना इनका कई महीनों से पीछा कर रही थी।


सूत्रों ने बताया कि इजरायली सेना ने घर पर धावा बोला, तलाशी ली और पूरा ऑपरेशन चलाया। किसी को भी आसपास आने नहीं दिया गया। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली सेना ने तीनों युवक पर तब हमला किया जब वे एक घायल व्यक्ति को पड़ोस से अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इजरायली सैनिकों ने एम्बुलेंस कर्मचारियों और पत्रकारों पर भी गोलियां चलाईं और उन्हें घर के अंदर जाने से रोका। गवर्नर ने कहा कि इजरायली सेना ने घर को बुलडोजर से ध्वस्त करने के बाद पानी और बिजली का कनेक्शन भी काट दिया। इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एड्राई ने एक बयान में पुष्टि की कि एक सप्ताह में दूसरी बार, इजरायल रक्षा बलों, शिन बेट सुरक्षा एजेंसी और सीमा सुरक्षा बलों ने जेनिन में आतंकवादी गतिविधियों को विफल करने के लिए ऑपरेशन चलाया। एड्रेई ने कहा कि इजरायली बलों ने कई संदिग्धों को गिरफ्तार भी किया है और वहां कुछ के साथ मुठभेड़ भी हुई। आधिकारिक फिलिस्तीनी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2023 से लेकर अब तक वेस्ट बैंक और ईस्ट यरुशेलम में इजरायली सेना ने 500 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार दिया है।

## कैंसर से जूझ रहीं केट मिडलटन अपना हाल बताते हुए भावुक हुईं; प्रधानमंत्री सुनक बोले- पूरा देश आपके साथ

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस विलियम की पत्नी प्रिंसेस ऑफ वेल्स केट मिडलटन कैंसर से जूझ रही हैं। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। हाल ही में खबर आई थी कि अपनी तबियत के कारण वह शायद शाही कामकाज पर नहीं लौट पाएंगी। हालांकि, इस बीच राजकुमारी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने बताया कि वह कीमोथेरेपी ले रही हैं, जिससे उनकी तबियत में सुधार हो रहा है।

**अभी इलाज चलता रहेगा :** इस साल की शुरुआत में केट ने अपने कैंसर होने की जानकारी दी थी। अब उन्होंने तबियत को लेकर नया अपडेट दिया है। द प्रिंस एंड प्रिंसेस ऑफ वेल्स के आधिकारिक हैंडल से एक्स पर साझा किए गए बयान में उन्होंने कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, %मेरा इलाज चल रहा है। यह कुछ और महीनों तक चलेगा।% वहीं, केट मिडलन के पोस्ट पर ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक समेत कई लोगों ने प्रतिक्रियाएं दीं। पीएम ने कहा, %राजकुमारी का संदेश उन लोगों या उनके परिवारों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक है, जो कैंसर से लड़ रहे हैं।

**थका हुआ महसूस करते हो :** वेल्स की राजकुमारी ने कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। मगर वह पूरी तरह से खतरे से बाहर नहीं हैं। उन्होंने अपनी स्वास्थ्य यात्रा में अच्छे दिन और बुरे दिन के अस्तित्व को साहसपूर्वक स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि बुरे दिनों में आप अपने आपको कमजोर, थका हुआ महसूस करते हो। आपको आराम करना पड़ता है। मगर अच्छे दिनों में आप ताकतवर महसूस करते हो। आप अच्छा महसूस करने का पूरा लाभ उठाना चाहते हैं। उन्होंने अपने परिवार के साथ राजा के जन्मदिन पर होने वाली परेड में शामिल होने के





लिए उत्सुक होने की बात भी कही। उन्होंने अंत में लिखा, आपकी निरंतर समझ के लिए और आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने इतनी बहादुरी से अपनी कहानियों को मेरे साथ साझा किया है। मैं जानता हूं कि पूरा देश... पीएम सुनक ने एक्स पर लिखा, प्रिंसेस ऑफ वेल्स का संदेश उन लोगों या उनके परिवारों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक है, जो कैंसर से लड़ रहे हैं। वे उनके शब्दों में उसी संघर्ष को पहचानेंगे और उनकी ताकत से आशा और प्रेरणा लेंगे। मैं जानता हूं कि पूरा देश उनके साथ है। मार्च में कैंसर होने का लगा पता दरअसल, केट मिडलटन पेट की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी, लेकिन सर्जरी के दौरान ही उन्हें कैसर से पीड़ित होने का पता चला। मार्च में केट मिडलटन ने सार्वजनिक बयान जारी कर कहा कि वह कैंसर का इलाज करा रही हैं और जब तक उनकी तबीयत ठीक नहीं हो जाती, वे सार्वजनिक जिम्मेदारियों से दूर रहेंगी। राजकुमारी को मिला जनता का अभूतपूर्व समर्थन केट मिडलटन ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा था, मैं ठीक हूं और हर दिन मजबूत हो रही हूं। केट ने कहा था कि सर्जरी से उबरने के दौरान आपके समर्थन और शुभकामना संदेशों के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद कहना चाहती हूं। ये दो महीने हमारे पूरे परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से कठिनाई भरे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरे पास एक शानदार मेडिकल टीम है, जिसने मेरी बहुत देखभाल की है। इसके लिए मैं मेडिकल टीम की बहुत आभारी हूं। कैंसर के बारे में बच्चों को बताने में लगा था समय केट मिडलटन अपने बच्चों को भी इस बारे में बता चुकी हैं कि वह कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने कहा था कि हमें अपने बच्चों जॉर्ज, शार्लेट और लुइस को सब कुछ समझाने में काफी समय लगा। हमें बच्चों इस तरह बताना था कि उन पर इसका असर न पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### शरद पवार के सांसद से मिलने पहुंचा गैंगस्टर, बवाल के बाद पार्टी ने मांगी माफी



**मुंबई, एजेंसी।** अहमदनगर से चुने गए एनसीपी (शरद पवार) के सांसद नीलेश लंके और गैंगस्टर गजानन मार्ने की मुलाकात के बाद बवाल खड़ा हो गया है। इसके बाद शरद पवार की पार्टी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ गई। एनसीपी विधायक रोहत पवार ने सफाई देते हुए कहा कि लंके और मार्ने के बीच मुलाकात पूर्व नियोजित नहीं थी। संयोगवश पुणे के उनके आवास पर मारने से मुलाकात हो गई। उन्होंने कहा कि लंके का मारने से मिलना उचित नहीं था। इसलिए मैं पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर माफी मांगता हूं। इस मामले में लंके ने खुद भी माफी मांगी है। वहीं रोहित पवार ने कहा कि लंके को इस बात का पता नहीं था कि मार्ने कौन है। आगे से पार्टी इस बात को लेकर सावधान रहेगी कि नेताओं से कौन मुलाकात कर रहा है। बता दें कि शुक्रवार को लंके कई पार्टी नेताओं से मुलाकात करने अपने पुणे आवास पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें मारने के बैकग्राउंड के बारे में पता नहीं था। मारने ने लंके को बधाई भी दी थी। मार्ने और लंके की मुलाकात का वीडियो वायरल होने लगा। अजित पवार की एनसीपी ने भी लंके पर तंज कसा। एनसीपी के प्रवक्ता अमोल मितकारी ने कहा, क्या मारने से मुलाकात करके लंके लोकसभा चुनाव में मदद करने के लिए धन्यवाद दे रहे हैं। क्या मारने ने बारामती सीट और अहमदनगर लोकसभा सीट पर शरद पवार की मदद की थी। जब पार्थ पवार ने मारने से मुलाकात की थी तब शरद पवार ने खिंचाई कर दी थी। अब क्या शरद पवार लंके पर कार्रवाई करेंगे। बता दें कि पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक पुणे के जो कुख्यात आपराधिक गैंग हैं उनमें से एक गजानन मारने का भी है। वह दो हत्याओं के मामले में तीन साल जेल में रहा। हालांकि बाद में उसेबरी कर दिया गया। बरी होने के बाद भी उसके समर्थकों ने सड़क पर बड़ा जुलूस निकाला था। मार्ने के लोगों ने लोगों में दहशत फैलाने की कोशिश की थी।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले मामले से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। शराब घोटाले मामले के आरोपी अनवर ढेबर को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। बतादें की ईडी की जांच के बाद अनवर ढेबर रायपुर के सेंट्रल जेल में बंद थे। जिसके बाद अब उन्हें हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने मेडिकल ग्राउंड पर बेल दे दी है। छत्तीसगढ़ में ईडी 2000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले मामले की जांच कर रही है इस मामले में कई आरोपों को दोषी बनाया गया है। उनमें से एक आरोपी अनवर ढेबर को ईडी ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी की टीम ने मई महीने में अनवर ढेबर को अरेस्ट किया था। जिन्हें पूछताछ करने के बाद कोर्ट ने ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया था। इसके बाद अनवर ढेबर की जमानत याचिका रायपुर के स्पेशल कोर्ट में लगाई गई थी। जहां कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। वही इस मामले में हाईकोर्ट ने अनवर ढेबर को मेडिकल ग्राउंड पर अब जमानत पर रिहा कर दिया है। बतादें कि छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी और राज्य की जांच एजेंसी ईओडब्लयू एसीबी कर रही है। इस मामले में कुछ दिनों पहले ही ईडी की पूछताछ हुई है। मामले में अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी, त्रिलोक ढिल्लन समेत कई आरोपी से पूछताछ के बाद कोर्ट ने जेल भेज दिया था। जिसमें से एक अनवर ढेबर को कोर्ट ने जमानत दे दी है।

### केसी वेणुगोपाल ने रेस्टोरेंट में पी शराब? आरोप पर भड़की कांग्रेस, एफआईआर दर्ज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रेस्टोरेंट में शराब पी थी? पार्टी की ओर से इस दावे को झूठा बताया गया है और यह कहा कि वह ब्लैक टी पी रहे थे। कांग्रेस ने शुक्रवार को इसे फर्जी दावा बताते हुए हैदराबाद में शिकायत दर्ज कराई। साथ ही, आरोप लगाया गया कि यह जानबूझकर वेणुगोपाल की छवि को खराब करने का प्रयास है। कांग्रेस की ओर से एक्स पर पोस्ट में कहा गया, बेफिटिंग फैक्ट्स नाम के अकाउंट से फर्जी खबर फैलाई जा रही है। यह गलत आरोप लगाया गया कि केसी वेणुगोपाल ने रेस्तरां में शराब पी। सच यह है कि वह ब्लैक टी पी रहे थे। यह जानबूझकर उनकी छवि खराब करने के लिए किया गया है। कांग्रेस एमएलसी डॉ. वेंकट नरसिंग राव बालमूर ने हैदराबाद के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में यह शिकायत दर्ज कराई है। इसमें कहा गया, हमने एक तरह की शरारत का संज्ञान लिया है। कांग्रेस एमएलसी डॉ. वेंकट नरसिंग राव बालमूर ने हैदराबाद के साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई है। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि यह फर्जी खबर फैलाने के पीछे शशांक सिंह नाम का शख्स है। पोस्ट में कहा गया, शशांक सिंह ने न केवल तस्वीर के साथ गलत कैप्शन पोस्ट किया, बल्कि उसने केरल पुलिस को भी टैग किया। उनसे लिखा था कि केसी वेणुगोपाल के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस थाने में दर्ज शिकायत में कहा गया, यह गंभीर आरोप है। केसी वेणुगोपाल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक बेहद प्रतिष्ठित नेता हैं।

# राज्यसभा सीट से लेकर मंत्री पद तक, महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में खटपट, खुलकर सामने आए मतभेद

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार और राज्यसभा नामांकन जैसे अनसुलझे मुद्दों को लेकर खुली चेतावनियों के बीच सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में तनाव बढ़ रहा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को रिक्त राज्यसभा सीट के लिए मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में असंतोष की खबरें सामने आई हैं। इस कदम से एनसीपी में असंतोष भड़क गया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने नाराजगी व्यक्त की है, जो राज्यसभा सदस्य बनना चाहते थे। प्रमुख ओबीसी नेता भुजबल ने पार्टी की निर्णय प्रक्रिया में दरकिनार किए जाने की भावना का संकेत देते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों चुनावों के लिए टिकट आवंटन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, (उन्हें टिकट न दिए जाने के) पीछे कारण हो सकते हैं। कभी-कभी यह नियति या किसी प्रकार की मजबूरी होती है। उन्होंने इस सवाल पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया कि क्या वंशवाद की राजनीति के चलते ऐसा हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा और राज्यसभा टिकट को लेकर उनके साथ अन्याय हुआ है, भुजबल ने स्पष्ट रूप से नाराज होते हुए कहा कि यह सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए। भुजबल ने कहा, यह (सांसद बनने की) मेरी इच्छा है। इसलिए मैं नासिक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार था। मुझे बताया गया कि दिल्ली में मेरा टिकट तय हो गया है, मैंने काम करना



शुरू कर दिया था, लेकिन जब (नाम की घोषणा का) फैसला एक महीने तक लटका रहा, तो मैंने काम बंद कर दिया क्योंकि काफी अपमान हो चुका था। नासिक से टिकट अंततः शिवसेना के हेमंत गोडसे को मिला, जो चुनाव में प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (यूबीटी) के राजाभाऊ वाजे से हार गए। अजित पवार ने शुक्रवार को अपनी पार्टी में स्पष्ट असंतोष को कम करने का प्रयास करते हुए कहा कि राज्यसभा उपचुनाव के लिए उनकी पत्नी को उम्मीदवार बनाने का निर्णय ह्ष्ट्क्क की शीर्ष इकाई ने लिया है। उन्होंने इन खबरों का खंडन किया कि भुजबल नाराज हैं। कैबिनेट मंत्री भुजबल सुनेत्रा पवार के नामांकन के बाद नाराज हैं, मीडिया में आई इन खबरों के बारे में पूछे जाने पर ह्ष्ट्क्कअध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सहयोगी ने खुद बताया है वह नाराज नहीं हैं। अजित पवार ने कहा कि विपक्ष समेत कुछ लोग और हमारे करीबी दोस्त ऐसी खबरें फैला रहे हैं, लेकिन इनमें कोई सच्चाई नहीं है। अजित ने बताया कि जब उनकी पत्नी ने नामांकन पत्र दाखिल किया तो प्रफुल्ल पटेल और भुजबल समेत राकांपा के प्रमुख नेता मौजूद थे। इन आंतरिक टकरावों के बीच, सुनेत्रा पवार ने बारामती से लोकसभा चुनावों में अपनी हालिया हार के बाद आगामी राज्यसभा उपचुनाव के लिए राकांपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है। महाराष्ट्र में एक राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव 25 जून को होना है। फरवरी में राज्यसभा सदस्य चुने गए राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल के इस्तीफे के बाद यह सीट खाली हुई है। हालांकि, सुनेत्रा पवार का निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि वह एकमात्र उम्मीदवार हैं। एक अन्य घटनाक्रम में, शिवसेना विधायक संजय शिरसत ने महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार में देरी को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस मुद्दे को और लंबा खींचा गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को कैबिनेट विस्तार के प्रति सुस्त रवैये के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, जून 2022 में पदभार संभालने के बाद से केवल दो विस्तार हुए हैं। मंत्री पद के संभावित उम्मीदवार शिरसत ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से आगामी मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर स्पष्टता दिखाने और गठबंधन में तनाव बढ़ने से रोकने के लिए निर्णायक घोषणा करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। शिरसत ने कहा, हर कोई मंत्री बनना चाहता है, लेकिन कोई भी ऐसा नहीं कहता। आप इसे लंबे समय तक नहीं खींच सकते। ठोस निर्णय लेने का समय आ गया है। अगर मंत्रिमंडल विस्तार में और देरी हुई तो परिणाम बुरे होंगे। इन राजनीतिक हलचलों के बीच गठबंधन सरकार में अनिश्चितता व असंतोष पनप रहा है, और महाराष्ट्र का राजनीतिक परिदृश्य चुनौतियों व आंतरिक सत्ता संघर्षों से गुजर रहा है। राज्य के मंत्री अब्दुल सत्तार ने जालना लोकसभा सीट से वरिष्ठ नेता रावसाहेब दानवे की हार के लिए एकनाथ शिंदे सरकार से उन्हें निष्कासित करने की मांग करने वाले भाजपा नेताओं पर शुक्रवार को पलटवार किया। सत्तार की विधानसभा सीट सिल्लोड के भाजपा नेताओं ने उनके निष्कासन की मांग करते हुए राज्य नेतृत्व को पत्र लिखा है।

## बीजेपी पर हार का ठीकरा फोड़ने वाले बयान पर पलटे ओम प्रकाश राजभर

**लखनऊ, एजेंसी।** बीजेपी पर हार का ठीकरा फोड़ने वाले बयान पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, (सुभासपा) प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने अब यू टर्न लिया है। ओम प्रकाश राजभर अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने अपने बयान पर सफाई दी। वायरल वीडियो को फेक वीडियो करार दिया। उन्होंने कहा कि विरोधी पेरशान है। फेक न्यूज को फैलाना विरोधियों की साजिश है। दरअसल, घोसी लोकसभा सीट पर ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर की हार हुई है। इससे राजभर में नाराजगी है। उन्होंने अपने बेटे की हार का ठीकरा बीजेपी पर फोड़ा है। ओम प्रकाश राजभर का वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में राजभर एक बैठक के दौरान अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे हैं। राजभर ने अपने कार्यकर्ताओं से कहते हुए दिख रहे हैं कि आप लोग भी बोलना सीखिए। हमारी पार्टी ने ईमानदारी से चुनाव लड़ा और हमने गठबंधन धर्म निभाया। लेकिन गठबंधन की तमाम पार्टियों के नेता गठबंधन धर्म निभाना नहीं जानते। यूपी की जनता ने योगी और मोदी को नकार दिया है। इसके बाद वायरल वीडियो पर राजभर की सफाई आई है। उन्होंने इसे साजिश बताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमारे नेता हैं और हम सभी उनके नेतृत्व में प्रदेश के विकास हेतु समर्पित है, उनके दिशा-निर्देश पर कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। राजभर के बेटे अरुण ने भी दी सफाई सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर ने जारी बयान में कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंत्री ओम प्रकाश राजभर का वायरल वीडियो फर्जी है। आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के डीप फेक से उनकी आवाज में वीडियो बनाई गई है। जिसमें उनके मुंह से 2024 चुनाव में हार का ठीकरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर फोड़ते हुए दिखाया जा रहा है। अरुण राजभर ने इस वायरल वीडियो के माध्यम से चलाए जा रहे बयान को सिरे से खारिज किया है और कहा है कि ओम प्रकाश राजभर ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। यह पुरानी वीडियो है, जिसे एडिट किया गया है। यह विपक्षी दलों की साजिश है।

## विदेशी युवक से फेसबुक पर दोस्ती पड़ी महंगी, लग गया 12 लाख का चूना

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की एक युवती को सोशल मीडिया साइट पर विदेशी युवक से दोस्ती करना मंहगा पड़ गया। विदेशी युवक ने पहले युवती का भरोसा जीता और फिर भारत घूमने आने के दौरान मंहगे उपहार का झांसा देकर कस्टम ड्यूटी चुकाने के नाम पर युवती से 12 लाख रुपये ठग लिए। ठगी का शिकार होने के बाद युवती ने बालूगंज पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित युवती शिमला शहर में प्राइवेट नौकरी करती है। चौंकाने वाली बात यह है कि गिफ्ट पार्सल के लालच में आकर युवती ने अपने परिचितों से करीब छह लाख रुपये उधार लेकर आरोपी फेसबुक फ्रेंड के खाते में भी जमा करवाए। मामले के अनुसार युवती की मारियो सूलीवान नाम के विदेशी युवक से फेसबुक पर दोस्ती हुई। दोनों ने वाट्सऐप नंबर भी एक-दूसरे से शेयर किये थे। युवती से कहा गया कि वह भारत घूमने आ रहा है और उसके लिए कई सारे महंगे उपहार लेकर आएगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि फेसबुक फ्रेंड से उसकी व्हाट्सएप पर लगातार बात हो रही थी। इसी साल 29 अप्रैल को फेसबुक फ्रेंड ने बताया कि वह दिल्ली एयरपोर्ट है पर और मनी एक्सचेंज के लिए कुछ पैसों की जरूरत है।

# गुजरात में हर नौकरी के लिए अमेरिकी कंपनी को 3.2 करोड़ की सब्सिडी, कुमारस्वामी ने उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी (जेडीएस) पद संभालते ही ऐक्शन में दिखने लगे हैं। उन्होंने शुक्रवार को हैरानी जताते हुए पूछा कि क्या भारत को अमेरिका स्थित सेमीकंडक्टर निर्माता माइक्रोन टेक्नोलॉजी जैसे निवेशकों की जरूरत है? आपको बता दें कि यह कंपनी फिलहाल गुजरात में 2.5 अरब डॉलर की यूनिट स्थापित कर रही है। इतना ही नहीं, हर नौकरी के लिए 3.2 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्राप्त कर रही है।

एचडी कुमारस्वामी नरेंद्र मोदी सरकार में शामिल होने के बाद शुक्रवार को बेंगलुरु लौटे थे। यहां उन्होंने कहा, नई कंपनी लगभग 5,000 नौकरियां पैदा करेगी। इसके लिए हम उन्हें 2 अरब डॉलर की सब्सिडी दे रहे हैं। अगर आप गणना करें तो यह कंपनी के कुल निवेश का 70प्रतिशत है। मैंने अधिकारियों से पूछा कि इतनी बड़ी राशि का आवंटन करना कितना उचित है। मैं राष्ट्र की संपत्ति की सुरक्षा कैसे की जाए, इस मामले पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं।

इस्पात और भारी उद्योग विभाग सौंपने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देते हुए एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि वह देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा, मैं राज्य के बाहर भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकता हूं। आपको ट्रांसफर के लिए तैयार रहना चाहिए। कर्नाटक के पूर्व सीएम ने कहा कि उन्हें केंद्र की शासन व्यवस्था को समझने के लिए



लगभग 15 दिनों की आवश्यकता होगी। कुमारस्वामी ने कर्नाटक में कांग्रेस की गारंटी योजनाओं की आलोचना करते हुए कहा कि वह लोगों को मुफ्त में भोजन पर निर्भर बनाने के बजाय रोजगार प्रदान करके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में विश्वास करते हैं। कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के बिगड़े हुए रिश्ते और भाजपा के साथ अपने नए गठबंधन की तुलना करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि पीएम मोदी ने उन्हें और जेडी(एस) को सम्मान दिया। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने उनके साथ बुरा व्यवहार किया। कुमारस्वामी ने कहा कि कांग्रेस ने हमें राजनीतिक रूप से खत्म करने का प्रयास किया। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए उन्होंने कर्नाटक के लोगों से जेडी(एस) को स्वतंत्र रूप से शासन करने का अवसर देने पर विचार करने का आग्रह किया। कुमारस्वामी ने राज्य की कांग्रेस सरकार से कर्नाटक के हित में उनके साथ सहयोग करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमें राजनीति और अपने मतभेदों को अलग रखना चाहिए। मैं आपके साथ सहयोग करने और राज्य के कल्याण में योगदान देने के लिए तैयार हूं।

# अजित पवार का कबूलनामा- हमें प्याज ने हरा दिया, केंद्र सरकार पर भी फोड़ा ठीकरा

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी के खराब प्रदर्शन के बाद महायुती की सरकार में खटपट जारी है। इसी बीच अजित पवार ने स्वीकार किया है कि उनकी पार्टी के खराब प्रदर्शन के पीछे सबसे बड़ी वजह प्याज है। पत्रकारों से पात करते हुए उपमुख्यमंत्री पवार ने कहा कि महायुती की सरकार किसानों को संतुष्ट करने वाला कोई रास्ता नहीं निकाल पाई। इससे एनडीए गठबंधन को पुणे, नासिक, नगर और सालपुर चारों जिलों में बड़ा नुकसान उठाना पड़ा।

केंद्र ने नहीं सुनी थी बात- अजित पवार उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले ही केंद्र सरकार को जानकारी दी गई थी कि प्याज के मुद्दे का समाधान निकालना जरूरी है। अजित पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बीच ही प्याज का मुद्दा जोर पकड़ने लगा। प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध की वजह से दाम कम हो गए थे और इससे किसान नाराज थे। उन्होंने कहा, हमने केंद्र सरकार को ऐसे उपाय बताए थे जिससे प्याज



उत्पादक और उपभोग्ता दोनों ही खुश हो सकते थे। हालांकि इसपर ध्यान ना देने की वजह से जलगांव और रावेर को छोड़कर नासिक, पुणे, नगर और सोलापुर की सीटों पर महायुती की सरकार को नुकसान झेलना पड़ा। पवार ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के दौरान इस बारे में एक बार फिर से उन्होंने पीयूष गोयल और अमित शाह से बात की है। वहीं जब आरएसएस के मुखपत्र में बीजेपी की हार की आलोचना को लेककर उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पवार ने कहा कि वह नई उम्मीद के साथ विधानसभा चुनाव में उतरेंगे और निश्चित तौर पर उनकी पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी। बता दें कि आरएसएस के मुखपत्र में बीजेपी की हार की वजह 400 पार के नारे को बताया गया था। वहीं एनसीपी से गठबंधन को हार की वजह बताया गया था। बता दें कि एनसीपी को इस बार लोकसभा चुनाव में केवल एक सीट पर सफलता मिली है। इस बार एनडीए ने महाराष्ट्र में 48 में से केवल 17 सीटें ही हासिल कीं। इनमें से 9बीजेपी के खाते में, 7 शिवसेना शिंदे गुट के खाते में और एक ही सीट एनसीपी के खाते में गई है। वहीं महाविकास अघाड़ी गठबंधन ने 48 में से 30 सीटें जीतीं। एकनाथ शिंदे ने भी स्वीकार किया था कि किसानों की नाराजगी गठबंधन पर भारी पड़ी है। उन्होंने कहा था कि नासिक में प्याज ने रुलाया था तो मराठवाड़ा और बिदर्भ में सोयाबीन और कपास ने रुला दिया।

## भाजपा में दरार की अफवाहों के बीच सुंदरराजन से मिले अन्नमलाई, खुलकर की तारीफ

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को पार्टी नेता और पूर्व गवर्नर तमिलिसाई सुंदरराजन से मुलाकात की। सुंदरराजन से उनके आवास पर मुलाकात के बाद अन्नामलाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह वरिष्ठ नेता तमिलिसाई से मिलकर बेहद खुश हैं, जिन्होंने पार्टी की तमिलनाडु अध्यक्ष के रूप में कुशलतापूर्वक काम किया। अन्नामलाई ने कहा कि सुंदरराजन ने जब राज्य में पार्टी का नेतृत्व किया था तब उन्होंने दृढ़ता से कहा था कि तमिलनाडु में कमल खिलेगा और इसे हासिल करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की थी। अन्नामलाई ने कहा कि उनके राजनीतिक अनुभव के साथ ही उनकी सलाह पार्टी के विकास के लिए निरंतर प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। सुंदरराजन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह अन्नामलाई से मिलकर खुश हैं। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए चुनाव के बाद तमिलनाडु भाजपा के भीतर दरार की अटकलों को खारिज करते हुए अन्नामलाई ने कहा, भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है और लोग अपनी राय व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ टिप्पणियां अप्रिय थीं। उन्होंने कहा, मैंने किसी को चुप नहीं कराया है। मैं ऐसा नेता हूं जो चाहता है कि हर कोई बोले, बशर्ते आप उस लक्ष्मण रेखा को पार न करें। लोकसभा चुनाव के बाद सुंदरराजन ने कहा था



कि भाजपा तमिलनाडु में बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी, अगर वह एआईएडीएमके के साथ गठबंधन में होती। उन्होंने खुले तौर पर एआईएडीएमके के एक नेता का समर्थन भी किया जिन्होंने आरोप लगाया था कि अन्नामलाई के कारण भाजपा-एआईएडीएमके का गठबंधन टूटा। उन्होने 6 को कहा, अगर भाजपा एआईएडीएमके के साथ गठबंधन में होती तो डीएमकेसभी सीटें नहीं जीत पाती। यह चुनावी गणित है। गठबंधन एक राजनीतिक रणनीति है। दोनों नेताओं की यह मुलाकात तमिलनाडु में भाजपा की चुनावी हार के बाद सोशल मीडिया पर सुंदरराजन के समर्थकों और अन्नामलाई के बीच वाकयुद्ध के कुछ दिनों बाद हुई है।

# देश में विभाजन का बीज बोना राष्ट्र की एकता के लिए अच्छा नहीं -बाबा रामदेव

**हरिद्वार, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेता इंद्रेश कुमार के बयान पर हंगामा मचा हुआ है। आरएसएस ने खुद को इस बयान से किनारा कर लिया है। अब योग गुरु बाबा रामदेव की भी प्रतिक्रिया भी सामने आई है। उन्होंने कहा है कि भगवान राम सबके हैं और देश भी सबका है। देश में विभाजन का बीज बोना राष्ट्र की एकता के लिए अच्छा नहीं है। रामदेव ने शुक्रवार को हरिद्वार में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, राजनीति में बयानबाजी होती रहती है। भगवान राम सबक हैं। यह राष्ट्र सभी का है। हम सभी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जाति, संप्रदाय और विचारधाराओं के आधार पर विभाजन पैदा करना राष्ट्रीय एकता के लिए ठीक नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए रामदेव ने कहा, पिछले एक दशक में चुनौतियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से आगे बढ़ाया है। मेरा दृढ़ विश्वास है वह देश को आगे ले जाना जारी रखेंगे। इंद्रेश



कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि जो पार्टी राम की पूजा करती थी, वह अहंकारी हो गई, ऐसे में 2024 के चुनाव में वह सबसे बड़ी पार्टी बन तो गयी, लेकिन जो उसे सत्ता (अकेले पूर्ण बहुमत) मिलनी चाहिए थी, उसे भगवान राम ने अहंकार के कारण रोक दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग राम का विरोध करते थे, उनमें से किसी को भी सत्ता नहीं मिली, यहां तक कि सभी को मिलाकर दूसरे नंबर पर खड़ा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भगवान का न्याय बडा सत्य है, बड़ा आनंददायक है। उन्होंने स्पष्ट रूप से सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन दोनों पर निशाना साधा। हालांकि, उन्होंने किसी पार्टी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि भक्ति करने वाली पार्टी अहंकारी हो गई, उसे 241 पर ही भगवान ने रोक दिया, लेकिन उसे सबसे बड़ी पार्टी बना दिया और जिनकी राम में आस्था नहीं थी, उन सबको मिलकर भगवान ने 234 पर रोक दिया । इंद्रेश के बयान से आरएसएस का किनारा आरएसएस ने शुक्रवार को भाजपा के साथ अपने मतभेद की खबरों को खारिज कर दिया और इसे भ्रम पैदा करने की कोशिश करार दिया। संघ के सूत्रों ने इस बात को भी मानने से इनकार किया कि लोकसभा चुनाव परिणामों को लेकर सरसंघचालक मोहन भागवत की आलोचनात्मक टिप्पणियां सत्तारूढ़ पार्टी को निशाना बनाकर की गई थीं।

सूत्रों ने यह भी कहा कि आरएसएस और भाजपा सहित उसके सहयोगी संगठनों की तीन दिवसीय वार्षिक समन्वय बैठक केरल के पलक्कड़ जिले में 31 अगस्त से शुरू होगी। बैठक में भाजपा अध्यक्ष समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। आरएसएस सूत्रों ने कहा, आरएसएस और भाजपा के बीच कोई दरार नहीं है।

सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।